e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 10

शुक्रवार

10.01.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 I मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26


**सुविचार**

दुनिया में हर इंसान अलग है
इसलिए जो जैसा है, उसे वैसा ही
स्वीकार करना सीखे!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### श्री जगन्नाथ जी मन्दिर अहमदाबाद के शिविर में हुई धर्म ध्वजा की स्थापना

**महाकुंभनगर** : श्री जगन्नाथ जी मंदिर अहमदाबाद के शिविर में गुरूवार को वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ संत महापुरुषों के द्वारा धर्म ध्वजा की स्थापना की गई।श्री जगन्नाथ जी मंदिर अहमदाबाद के गौ सन्त प्रतिपालक महामंडलेश्वर श्री महंत दलीप दास ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्म ध्वजा अखाड़ों की एक परम्परा है जिसका अखाड़ों में बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा की जहाँ भी महाकुम्भ और अर्ध कुंभ जैसे धार्मिक अनुष्ठान होते हैं वहाँ अखाड़े अपनी–अपनी छावनी और शिविरों की स्थापना करते हैं। जहाँ भी छावनी और शिविर स्थापित किये जाते हैं वहाँ धर्म ध्वजा की स्थापना की जाती हैं।

### राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा

**नई दिल्ली** : गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। इस दौरान प्रत्येक शनिवार को होने वाला गार्डों की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा।राष्ट्रपति कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा आम जनता के लिए 21 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में 11, 18 और 25 जनवरी को गार्डों की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा।

### प्रयागराज पहुँचे मुख्यमंत्री योगी,संगम घाट पर महाकुंभ की तैयारियों का किया निरीक्षण

**महाकुंभनगर** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीए दौरे पर प्रयागराज पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री डीपीएस मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरने के बाद संगम घाट का निरीक्षण किया। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद से मुख्यमंत्री ने व्यवस्था के सम्बंध में आवश्यक पूछताछ भी की। मुख्यमंत्री ने संगम घाट पर फोटो भी खिंचवाई।मुख्यमंत्री के साथ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मंत्री नन्द गोपाल नंदी, मुख्य सचिव मनोज सिंह व प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद भी हैं। मुख्यमंत्री सेक्टर 3 स्थित डिजिटल कुंभ अनुभव व डिजिटल मीडिया सेंटर का उद्घाटन भी करेंगे। मुख्यमंत्री अखाड़ों के संतों से भेंट करेंगे व उनके साथ भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। वहीं दूसरे दिन 10 जनवरी को भी मुख्यमंत्री के कई कार्यक्रम लगे हैं।

### निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर दो सप्ताह की रोक

**रांची** : झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले दो सप्ताह तक पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया है। यह फैसला गुरुवार को न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई के दौरान आया।सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है।शिकायतकर्ता शिवदत्त शर्मा ने सांसद निशिकांत दुबे पर जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस प्राथमिकी को रद्द कराने के लिए निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का रुख किया। उनकी ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने अदालत में पक्ष रखा।

### म्यांमार की सेना ने अपने ही देश के एक गांव पर किया हवाई हमला; 40 लोगों की मौत

**म्यांमार** : म्यांमार में हथियारबंद अल्पसंख्यक जातीय समूह के नियंत्रण वाले एक गांव पर सेना के हवाई हमले में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और लगभग 20 अन्य घायल हो गए। जातीय समूह और एक स्थानीय परमार्थ संस्था के पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इस बारे में जानकारी दी। पदाधिकारियों ने दावा किया कि हवाई हमले से लगी आग में सैकड़ों घर जलकर खाक हो गए। उन्होंने बताया कि हमला बुधवार को रामरी द्वीप पर क्यौक नी माव गांव में हुआ, जो पश्चिमी रखाइन प्रांत में अल्पसंख्यक जातीय समूह 'अराकान सेना' के नियंत्रण वाला क्षेत्र है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 24⁰
न्युनतम 13⁰

मुख्यमंत्री ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने के प्रस्ताव पर दी सहमति

# राज्य कर्मियों को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ

**05 लाख रूपये प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति दी है। उक्त प्रस्ताव पर शीघ्र मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की स्वीकृति के उपरांत राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प सं0-185 (13) दिनांक-31.07.2023 द्वारा राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों , पदाधिकारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिए जाने का प्रस्ताव है, पूर्व में कुछ त्रुटियां रहने के कारण उक्त योजना का लाभ राज्य कर्मियों को नहीं मिल पा रहा था, अब स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इन सभी त्रुटियों का पूर्ण निराकरण कर लिया गया है। शीघ्र यह योजना झारखंड में लागू कर दी जाएगी।

**गंभीर बीमारियों के मामलों में 10 लाख रूपये तक हेल्थ कवरेज मिलेगा:** राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत लाभूकों एवं उनके आश्रितों को एक परिवारिक ईकाई मानते हुए प्रति परिवार प्रति वर्ष पाँच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। चिन्हित गंभीर बीमारी, जो एनेक्सर ए के रूप में संलग्न है, के मामलें में चिकित्सा प्रदान करने वाले सम्बंधित अस्पताल की अनुशंसा पर 50 करोड़ रूपये के संधारित कॉरपोरेट बफर में से ऐसी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा पर 05 लाख रूपये तक की अतिरिक्त अधिसीमा अर्थात कुल 10 लाख रूपये की अधिसीमा तक की चिकित्सा पर हुये व्यय का वहन किया जाएगा। झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसाईटी के स्तर पर किसी बीमित कर्मी के बीमा राशि से अधिक राशि का चिकित्सा व्यय होने की स्थिति में अतिरिक्त चिकित्सा व्यय वहन हेतु एक कॉरपस फण्ड संधारित किया जायेगा, जिससे ऐसे मामलों में भुगतान किया जा सकेगा।

### अस्पताल पहुंचकर सीएम ने ली भाजपा नेता कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य की जानकारी

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मेडिका अस्पताल पहुंच कर लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य तथा इलाज से संबंधित जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्य सरकार के अधिकारियों तथा कोयला मंत्रालय,कोल इंडिया और इसकी अनुषंगी इकाइयों के वरीय पदाधिकारियों के बीच कोयला खनन से जुड़े विभिन्न विषयों,मुद्दों पर हुई उच्च स्तरीय बैठक।



**इन राज्य कर्मियों को मिलेगा स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ**

उक्त योजना अंतर्गत राज्य विधान सभा के वर्तमान सदस्य, राज्य की सभी सेवाओं के कर्मियों, सेवानिवृत कर्मियों तथा उनके परिवार के उनपर आश्रित सदस्यों, जिनमें उनके पति,पत्नी,पुत्र,वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित,विधवा, परित्यक्ता पुत्री) नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता (प्रतिमाह 9000/- और उस पर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले) सम्मिलित होंगे, को सम्मिलित रूप से 05 (पाँच) लाख रूपये प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। राज्य कर्मियों, सेवानिवृत कर्मियों के दिव्यांग आश्रितों को आजीवन स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# उत्तराखंड में इसी माह लागू होगा यूसीसी : सीएम धामी

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिकता कानून का प्रावधान किया था। ताकि प्रदेश और देश ने समान नागरिक कानून संहिता लागू हो। इसका विधेयक उत्तराखंड में तैयार हो गया है और इसी माह यह लागू करने का प्रयास है।**



**एजेंसी**

**देहरादून** : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिकता कानून का प्रावधान किया था। ताकि प्रदेश और देश ने समान नागरिक कानून संहिता लागू हो। इसका विधेयक उत्तराखंड में तैयार हो गया है और इसी माह यह लागू करने का प्रयास है। देवभूमि से पवित्र नदियों की भांति प्रवाहित होकर यह संहिता देश भर में अपनी पहचान बनाएगा, इसी उम्मीद है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में बड़ी तादाद में धर्मांतरण हो रहा था। लालच देकर। इस पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए धर्मांतरण रोधी कानून बनाया। हल्द्वानी में दंगा भड़का था। जिसे देखते हुए दंगा नियंत्रण कानून बनाया। जो दोषी होगा उसी से पूरी वसूली की जाएगी। सख्त नकल कानून नकल रोकने में देश के अन्य प्रदेशों के लिए उदाहरण है। क्योंकि नकलमाफिया के चलते गरीबों को नौकरी नहीं मिल पाती थी। हुनर, बौद्धिकता के बावजूद वे असफल रहते थे। जो भी नकल में संलिप्त थे उन्हें जेल भेजा, सौ नकल माफिया पर कार्रवाई की। नतीजा रहा कि तीन साल में 19 हजार लोगों को नौकरी मिली। जबकि 19 वर्षों में सिर्फ 14 हजार लोगों को नौकरी मिली।

### हरिद्वार से ऋषिकेश तक बनेगा गंगा कॉरिडोर

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जागरण का यज्ञ शुरू हुआ है। चौतरफा विकास हो रहा है। चाहे काशी कॉरिडोर हो या उज्जैन में। महाकाल लोक या फिर अयोध्या में मंदिर का निर्माण हो। यह आधार है सांस्कृतिक विरासत का। हमारी सरकार उत्तराखंड में विरासत को सहेजने का प्रयास कर रही हैं। जहां एक ओर बाबा केदारनाथ के धाम का निर्माण हो रहा है तो दूसरी ओर हाल में हुए उपचुनाव में बड़ी विजय मिली। उत्तराखंड के बैजनाथ धाम में करोड़ों की लागत से मास्टरप्लान पर कार्य हो रहा है। मानस खण्ड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं क्षेत्र के जितने भी पौराणिक मंदिर हैं, उनके सुंदरीकरण, पुनर्निर्माण का कार्य हो रहा है। प्रतिवर्ष चार करोड़ लोग उत्तराखंड कांवड़ लेने या लेकर जाते हैं। 25 वर्षों में संख्या तेजी से बढ़ेगी। गंगा कॉरिडोर हरिद्वार से ऋषिकेश तक बनाने का निर्णय लिया है। ताकि धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़े। मां पूर्णागिरी दर्शन के लिए सर्वाधिक भक्त पहुंचते हैं।

### सीएम ने उत्तरायणी मकर संक्रांति की शुभकामना दी

उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में भी आने कि कोशिश की थी। बचपन में भी यहां आता था। पिछली बार छत्रपाल के चुनाव में आया था। पदाधिकारियों ने अनुरोध किया था तब खुद से वादा किया था कि आना है और बरेली आकर ऐसा लग रहा है कि जैसे उत्तराखंड में ही हूं। मेले सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम करते हैं।

पूर्व में मेले ही एक दूसरे से मुलाकात का जरिया बनते थे। तब संचार की व्यवस्था नहीं थी। दुख-सुख साझा करते थे। मेले में लोक कला और प्रतिभा को भी मंच मिलता है। नई पीढ़ी भी जुड़ती है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कुटीर उद्योगों को भी लोकल से ग्लोबल होने का मौका मिलता है।

# धनबाद : दो गुटों में जमकर हुई बमबाजी व गोलीबारी



*** बाघमारा एसडीपीओ हुए घायल, आजसू कार्यालय को किया आग के हवाले**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा** : धनबाद जिला के बाघमारा प्रखण्ड के अंतर्गत मधुबन थाना क्षेत्र का बाबुड़ीह के जंगल में दो गुटों में वर्चस्व को लेकर जमकर बमबाजी व गोलीबारी की घटना हुई। बताया जाता है कि कोयले का आउटसोर्सिगं चलाने को लेकर दो गुटों के बीच जमकर बवाल हुआ। इस दौरान मारपीट, गोली चालान,बमबारी हुआ और डेढ़ दर्जनों से अधिक बाईक जलाया गया। बाघमारा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार सिंह भी घायल हो गए। इनका इलाज ईलाज निजी अस्पताल धनबाद में चल रहा है। हिंसक झड़प के बाद खरखरी स्थित गिरिडीह सांसद के कार्यालय में उपद्रवियों ने आग लगाई। इसी बीच घटना में संलिप्त उपद्रवियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी करने खरखरी तालाब स्थित कारू यादव के मार्केट में पहुंची। कारू यादव की हिरासत में लेने के बाद पुलिस पर ईट पत्थर जम कर बरसाये गए। इसके बाद आस पास के सभी थाना, ओपी,पुलिस के साथ इंस्पेक्टर ममता कुमारी, एसएसपी धनबाद, बीड़ीओ लक्ष्मण यादव,एसडीओ मधुबन थाना पहुंचे। कोयलांचल में कोयला का कारोबार हो चाहे आउटसोर्सिंग कंपनी में वर्चस्व बनाने को लेकर बम गोली चलना कोई नहीं बात नहीं है। बाबूडीह में आउटसोर्सिंग कंपनी में वर्चस्व बनाने को लेकर दो गुटों में जमकर बवाल हो गया।दर्जनो राउंड फायरिंग हुई। गोलियां चली दर्जनों लोग घायल हुए।

# केंद्रीय कोयला मंत्री ने 5जी टेस्ट लैब का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने गुरुवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सीसीएल के कार्यों की समीक्षा भी की। उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद महुआ मांझी, विधायक और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण सुरक्षा कर्मियों को ओरिएंटेशन और रिफ्रेशर प्रशिक्षण देने के लिए किया गया है, ताकि उनके पेशेवर कौशल को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। अत्याधुनिक इनडोर और आउटडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की विशेषता वाला यह केंद्र कर्मचारियों को उनकी क्षमताओं को बढ़ाने, सुरक्षित और अधिक कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए सशक्त बनायेगा। इससे पहले, जी किशन रेड्डी ने सीएमपीडीआई (सेंट्रल कोल प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट) में 5जी यूज केस टेस्ट लैब और कचरे से बनाये गये शोपीस का उद्घाटन किया। उन्होंने सीएमपीडीआई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक तकनीकी / सीआरडी शंकर नागाचारी, निदेशक तकनीकी/पीएनडी अजय कुमार और निदेशक तकनीकी आरडीएनटी अच्युत घटक समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी गुरुवार को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। पहले दिन उन्होंने रांची में सीएमपीडीआई और सीसीएल के कार्यक्रम में शामिल हुए।

जाट समाज को लेकर केजरीवाल ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, कहा

# जाट समाज के साथ धोखा कर रही है केंद्र



**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के जाट समुदाय को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए पीएम मोदी को पत्र लिखा। केजरीवाल ने लिखा कि केंद्र सरकार पिछले 10 सालों से लगातार जाट समाज के साथ धोखा कर रही है। केंद्र सरकार की वादाखिलाफी की वजह से दिल्ली के ओबीसी समाज के हजारों युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है।केजरीवाल ने पत्र में लिखा,एक महत्वपूर्ण विषय पर 10 साल पहले आपका किया वादा आपको याद दिलाने के लिए यह पत्र लिख रहा हूं। दिल्ली के जाट समाज के कई प्रतिनिधियों से पिछले कुछ दिनों में मुलाकात हुई। इन सभी ने केंद्र की ओबीसी लिस्ट में दिल्ली के जाट समाज की अनदेखी किये जाने पर चिंता जाहिर की। जाट समाज के प्रतिनिधियों ने मुझे बताया कि आपने 26 मार्च 2015 को दिल्ली के जाट समाज के प्रतिनिधियों को अपने घर बुलाकर ये वादा किया था कि जाट समाज, जो दिल्ली की ओबीसी लिस्ट में है, उसे केंद्र की ओबीसी लिस्ट में भी जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें दिल्ली में मौजूद केंद्र सरकार के कॉलेजों और नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिल सके।

केजरीवाल ने लिखा,ओबीसी आरक्षण को लेकर केंद्र की नीतियों में कई विसंगतियां हैं जिनकी तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। जैसे कि मुझे पता चला कि केंद्र की ओबीसी लिस्ट में होने की वजह से राजस्थान से आने वाले जाट समाज के युवाओं को दिल्ली यूनिवर्सिटी में ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलता है, लेकिन दूसरी तरफ दिल्ली के ही जाट समाज को दिल्ली यूनिवर्सिटी में ओबीसी आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है।

# माता-पिता से पढ़ाई के लिए पैसे लेना बेटी का कानूनी अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा है कि बेटी को अपने माता-पिता से शिक्षा के लिए खर्च मांगने का वैध अधिकार है और उन्हें (माता-पिता) अपने साधनों के भीतर आवश्यक रकम देने के लिए बाध्य किया जा सकता है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी वैवाहिक विवाद के एक मामले में की, जिसमें अलग रह रहे दंपति की बेटी ने अपनी मां को



दिए जा रहे कुल गुजारा भत्ते के एक हिस्से के रूप में अपने पिता की ओर से उसकी पढ़ाई के लिए दिए गए 43 लाख रुपये लेने से इनकार कर दिया. दंपति की बेटी आयरलैंड में पढ़ाई कर रही है. पीठ ने दो जनवरी के अपने आदेश में कहा, बेटी होने के नाते उसे अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च मांगना वैध अधिकार है. हमारा मानना है कि बेटी को अपनी शिक्षा जारी रखने का मौलिक अधिकार है और इसके लिए माता-पिता को अपने वित्तीय संसाधनों की सीमा के भीतर आवश्यक रकम के लिए बाध्य किया जा सकता है.

# निर्माणाधीन कुसमी प्लांट की चिमनी गिरी, 25 से ज्यादा लोग मलबे में दबे

**एजेंसी**

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के निर्माणाधीन कुसुम प्लांट में बड़ा हादसा हुआ है। यहां चिमनी गिरने से 25 से अधिक लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की भी आशंका जताई जा रही है।हालांकि ये अभी तक पुष्ट नहीं हो पाया है। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिये रेसक्यू ऑपरेशन किया गया। हादसे में दो मजदूर गंभीर रुप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिये बिलासपुर भेजा गया है। बचाव कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह घटना सरगांव थाना इलाके के रामबोड क्षेत्र की है। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। आस-पास के जिलों से भी प्रशासन की टीम पहुंच रही है। राहत और बचाव कार्य जारी है। बताया जाता है कि प्लांट में लोहे की पाइप बनाई जा रही थी तभी ये हादसा हो गया। फिलहाल बचाव कार्य जारी है। इस हादसे में कई मजदूरों के मौत की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर स्थानीय ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे हुए हैं। सभी बचाव कार्य में लगे हैं। मलबे को हटाने का काम जारी है।




## स्वास्थ्य सचिव ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

# पांच मॉड्यूलर ओटी का निर्माण, आईसीयू बेड सहित अन्य सुविधाओं को बहाल करने के निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को पोखराहा स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कॉलेज परिसर में बन रहे अस्पताल के निर्माणधीन बिल्डिंग का अवलोकन किया।इस दौरान निर्माण कार्य करा रहे कंपनी के प्रतिनिधियों को अगस्त माह तक पूरी बिल्डिंग के निर्माण कार्य को पूर्ण करने की बात कही।उन्होंने कहा कि अगस्त माह के बाद कंपनी पर प्रत्येक महीने 2 प्रतिशत की पेनाल्टी लगायी जायेगी।इसके अलावे उन्होंने उपायुक्त शशि रंजन को नये अप्प्रोच रोड



बनाने की योजना पर कार्य करने की बात कही।उन्होंने कहा कि ऐसा पहुंच पथ बनायें जिससे कॉलेज का भवन पूर्ण रूप से नज़र आये।उन्होंने फोर लेन से भी कॉलेज को कनेक्ट करने की दिशा में कार्य योजना बनाने पर बल दिया।

**एसीएस ने एमएमसीएच का भी किया निरीक्षण, सभी ओपीडी को जीएनएम कॉलेज के बिल्डिंग में शिफ्ट करने के निर्देश**

एसीएस हेल्थ श्री सिंह ने पोखराहा के बाद एमएमसीएच का भी निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने सभी ओपीडी को जीएनएम कॉलेज के बिल्डिंग में शिफ्ट करने के निर्देश दिये साथ ही उसी भवन में सेंट्रल पैथोलॉजी सेटअप करने की भी बात कही ताकि एक ही भवन में इलाज के साथ सभी प्रकार के जांच में भी सहूलियत हो सके।वहीं मेडिसीन वाले ओपीडी एरिया को पूर्ण रूप से इमरजेंसी वार्ड में तब्दील करने के भी निर्देश दिये।यहीं पर दस से 15 बेड का आईसीयू बनाने की बात कही।

**सुपर स्पेशलिटी के सभी विंग खोलने के निर्देश,पलामू से मरीज रेफर न किये जायें,इसे सुनिश्चित करने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉर्डियो सर्जरी,किडनी,ऑनकों सहित सुपर स्पेशलिटी के सभी विंग के तहत इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अभी वैकल्पिक तौर पर अभी सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।जब पोखराहा में 500 बेड का हॉस्पिटल निर्माण कार्य पूर्ण हो जायेगा तो सदर हॉस्पिटल में 350 बेड का हॉस्पिटल जो संचालित है उसको भी मेडिकल कॉलेज द्वारा ही नियंत्रित किया जाएगा।इस तरह कुल 850 बेड में से 200 बेड को सुपर स्पेशलिटी के तहत संचालित किया जायेगा।उन्होंने कहा कि जब मेडिकल कॉलेज पूरी तरह से फंक्शनल हो जायेगा तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मरीज को पलामू से रेफर ना किया जाये।

**इमरजेंसी के उपर पांच मॉड्यूलर ओटी बनाने के भी निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी के उपर पांच मॉड्यूलर ओटी बनाने की भी बात कही।उन्होंने कहा कि तीन मॉड्यूलर ओटी के निर्माण का आवंटन सुपरिंटेंडेंट को दे दिया गया है शेष दो का भी उपलब्ध करवा दिया जाएगा।फर्स्ट फ्लोर पर पांच ओटी संचालित करने की बात कही।

**एमएमसीएच के विभिन्न वार्डो का भी किया गया अवलोकन**

एमएमसीएच का निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव श्री सिंह मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट पहुंचे,यहां उन्होंने पर्ची कटवाने से लेकर सर्जरी तक की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया।

## सनटेक प्लास्टिसाइजर ने वार्ड आठ में 75 जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल वितरण



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला के डंडीला खुर्द स्थित सनटेक प्लास्टिसाइजर प्रा.लिमिटेड के द्वारा गुरुवार को कंबल वितरण अभियान की शुरूआत की गयी. अभियान के पहले दिन बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड आठ में 75 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया. जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कंपनी के प्रतिनिधि नरेश प्रसाद यादव,शिवानन्द कुमार, अशोक कुमार, अमरेशकांत मिश्रा, पंकज पांडेय व निवर्तमान पार्षद नजमुद्दीन नूरी ने संयुक्त रूप से किया.नरेश प्रसाद यादव ने कहा कि सनटेक प्लास्टिसाइजर कंपनी अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करती है. क्षेत्र में कई समाजसेवार्थ कार्य करते रहती है. इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में अभावग्रस्त लोगों के बीच कंबल वितरित किया जाता है. उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में लोगों को कंबल देना दुनिया का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर अनुमंडल में बैठक सम्पन्न



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा की अध्यक्षता में पदाधिकारीयों, कार्यालय प्रधानो, गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधियों तथा नगर पंचायत क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक किया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह हर्सोल्लास के साथ मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। गणतंत्र दिवस पर प्रतियोगिता के तहत होने वाले समस्त कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। गणतंत्र दिवस के दिन झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया।अनुमंडल पदाधिकारी के आवासीय कार्यालय में सुबह 9 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बंशीधर नगर आवासीय कार्यालय में 9:10, अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर कार्यालय में 9:15, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 9:30, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9ः35, प्रखंड कार्यालय में 9:45,नगर उंटारी थाना में 10:00, अनुमंडलीय मैदान में 11 बजे झंडोतोलन किया जाएगा। बैठक में गणतंत्र दिवस पर मैदानी कार्यक्रम में मार्च पास्ट, झांकी,देश भक्ति व प्रगति गान, राष्ट्रगान, वंदेमातरम, देश भक्ति गीत एवं अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मैदानी कार्यक्रम के चयन के लिए 21 जनवरी को राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी में सुबह 11 बजे से किया जायेगा।भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 22 जनवरी को 11 बजे पूर्वाहन में तथा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 1 बजे से? यह दोनों कार्यक्रम राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता को चार ग्रुपों में बांटा गया है।ग्रुप ए में वर्ग 11 एवं उससे उपर, ग्रुप बी में वर्ग 9 से 10 , ग्रुप सी में वर्ग 6 से 8 और ग्रुप डी में वर्ग 1 से 5 तक के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। वही चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 25 जनवरी को 12ः00 बजे अनुमंडलीय कार्यालय में किया जाएगा।जिसमें एक विद्यालय से अधिकतम दो छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।जिसका मुख्य विषय मतदाता जागरुकता पर आधारित रहेगा। सभी प्रतियोगिता सहित मुख्य समारोह में होने वाले समस्त कार्यक्रमों के लिए निर्णायक मंडल का चयन किया गया है। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विधि व्यवस्था संधारण के लिए अंचल निरीक्षक राजकुमार साहू तथा रणधीर कुमार कनिय अभियंता को डंडा अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। मुख्य समारोह में चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करने के लिए अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक को करनी है।मौके पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, डीसीएलआर सिलवंत भट्ट, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, डॉ संतोष कुमार, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी व नगर प्रबंधक प्रमेय मंडिलवार, अमरनाथ पांडेय, अमर राम, शिक्षक देव शंकर प्रसाद, कमलेश पांडेय, लवली आनंद, पूर्व शिक्षक शिवनारायण चौबे, ओम प्रकाश चौबे, अशोक सेठ, वार्ड पार्षद रंजन कुमार तथा कई गणमान्य उपस्थित थे।

## अनुश्रवण दल ने विद्यालयों का किया जांच

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षा निदेशक के आदेश पर राज्य स्तरीय टीम ने गढ़वा जिला के लिये नामित अनुश्रवण दल के मुख्य कामेश्वर सिंह के नेतृत्व में उत्क्रमित उच्च विद्यालय जतपुरा व राजकीय मध्य विद्यालय नगर ऊंटारी का जांच किया. श्री सिंह ने प्रधानाध्यापक को बाल शिशु पंजी सभी टोला का टैंगिग करते हुये प्रत्येक घर का सर्वे कर पूरा करने, अपार आईडी, यू डायस प्लस, आउटबॉक्स का सत्यापन कर निष्पादित करने का निर्देश दिया. उन्होंने साप्ताहिक रेल परीक्षा का मूल्यांकन करने के बाद टॉपर बच्चों को सम्मानित करने, प्रयास कार्यक्रम का सफल संचालन करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि जो भी दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं उसे पूरा कर लेंगे, पुनः शीघ्र ही अनुश्रवण किया जायेगा।

## नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में जरूरतमंदों को वितरण करने के लिये कंबल उपलब्ध कराये : पार्षद प्रमिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर वार्ड नंबर 31 के प्रथम वार्ड पार्षद प्रमिला देवी ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए अपने क्षेत्र की जनता के हाल-चाल जानने के लिए विभिन्न मोहल्ले में क्षेत्र भ्रमण की।क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा की बहुत से ऐसे गरीब लाचार बेसहारा विधवा बहने कड़ाके के ठंड में कंबल के बिना ठिठुर रही है मैंने अपने निजी सहयोग से कुछ लोग को कंबल उपलब्ध कराई पर पर्याप्त नहीं रहने के कारण सभी लोगों को उपलब्ध नहीं करवा पाई। नगर निगम के द्वारा हर साल ठंड को देखते हुए सभी वार्डों में 200 कंबल उपलब्ध करवाई जाती थी पर अभी तक कंबल नहीं उपलब्ध कराना वार्डों में यह दुर्भाग्य है हमारे क्षेत्र के अंतर्गत बहुत से ऐसे परिवार है जो सरकारी लाभ के भरोसे



जीवन गुजारा करते हैं साथ ही कहा कि नगर निगम इस पर संज्ञान ले और जल्द से जल्द सभी वार्डों में कंबल तथा जगह-जगह पर जो ग्रामीण क्षेत्र से कटकर नगर निगम में प्रवेश कराया गया है उस क्षेत्र को नगर निगम प्राथमिकता दे तथा अभी तक बहुत ऐसे नया क्षेत्र है जहां नगर निगम की सुविधा नगण्य के बराबर है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान पंकज जयसवाल, धनु खान, महेंद्र पासवान, राकेश जयसवाल, सविता देवी, नूरजहां हबीबी सहित कई लोग मौजूद थें।

## समावेशी शिक्षा अभियान के तहत प्रधानाध्यापको का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में गुरुवार को समावेशी शिक्षा अभियान के तहत प्रखंड के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापको का एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रशिक्षक रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल ने प्रशिक्षण के क्रम में कहा कि समावेशी शिक्षा, शिक्षा का एक नया दृष्टिकोण है. इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं सामान्य बच्चों को एक साथ एक ही छत के नीचे शिक्षा प्रदान किया जाता है. यह समावेशी व सहिष्णु समाज को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है. उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत निःशक्तता के 21 प्रकार हैं. उन्होंने निःशक्तता के प्रकार, पहचान व लक्षण की जानकारी विस्तार से दिया. उन्होंने



कहा कि जिस विद्यालय में निशक्त बच्चे है, वहां के प्रधानाध्यापक वैसे बच्चों की पहचान कर उसका पूर्ण विवरण प्रखंड संसाधन केंद्र में उपलब्ध करावें. प्रशिक्षण में निर्मल कुमार, अलीम अंसारी, रूपेश कुमार, सुजीत कुमार यादव, मुनेश्वर मेहता, विनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, अशोक कुमार ठाकुर, सुधीर चौबे, कुंदन कुमार, रमेश प्रसाद, मुखलाल प्रसाद, नित्यानंद तिवारी, रमेश प्रसाद, अफसर खान, प्रदीप यादव, रूबी कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी नीलम पांडेय, संध्या कुमारी, रागिनी रवानी, ममता रानी, तस्लीमा खातून सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में थाना प्रभारी के रूप में सोनू चौधरी ने दिया योगदान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना में थाना प्रभारी के रुप में सोनू कुमार चौधरी ने योगदान दिया। मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी संजय कुमार यादव से प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद थाना परिसर का निरीक्षण किया और थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। योगदान लेने के बाद उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी, साथ ही पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री भाव पैदा कर बेहतर और भय मुक्त वातावरण तैयार करना है। वहीं उन्होंने तमाम थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने वाहन चेकिंग अभियान को नियमित रूप से चलाने की बात कहीं, उन्होंने कहा कि लोग अपनी समस्यों को लेकर हम से सीधे संपर्क कर सकते है। इस मौके पर निवर्तमान थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, एसआई आनंद कुमार सिंह, सीताराम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोहर प्रजापति सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## चैनपुर में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव पर भव्य भक्ति जागरण का आयोजन

**महान क्लब ने श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 को मनायी जायेगी : अमित सोनी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर नगर निगम क्षेत्र के सूर्य मंदिर परिसर में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव के अवसर पर एक विशेष भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन महान क्लब द्वारा किया जा रहा है। इस संदर्भ में गुरुवार को कोयल रिवर व्यू होटल में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई। महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी और पूर्व नगर पालिका सह मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह, पूर्व जिला परिषद् सदस्य शैलेन्द्र कुमार शैलू,आशीष भारद्वाज ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि 11 जनवरी को चैनपुर स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में गंगा आरती,मनमोहक झांकियां,भव्य आतिसबाजी और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अगले दिन 12 जनवरी को भक्ति जागरण कार्यक्रम




आयोजित होगा। भक्ति जागरण में बिहार के प्रख्यात गायक आर्यन बाबू, प्रसिद्ध गायिका खुशी कक्कर और भक्ति संगीत के जाने-माने कलाकार अभिमन्यु क्रांति अपनी प्रस्तुति देंगे।सभी कलाकार भक्ति गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ को जिस प्रकार से श्रीराम नवमी, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और विवाह पंचमी जैसे त्योहार हिंदू पंचांग के अनुसार मनाए जाते हैं। ठीक उसी प्रकार श्रीराम मंदिर की प्रतिष्ठा का वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जाएगी। ज्ञात हो कि प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी तदनुसार 22 जनवरी 2024 को की गई थी।इस वर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार यह तिथि 11 जनवरी, 2025 को पड़ेगी। अतः प्राण प्रतिष्ठा का वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को ही मनाई जाएगी।इस वर्ष श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट 11 जनवरी से 12 जनवरी 2025 तक दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा साथ ही महान क्लब के सभी सदस्य ने पलामू वासियों से अपील की है कि वे इस भव्य वार्षिकोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे कार्यक्रम को सफल बनाएं। प्रेसवार्ता के दौरान महान क्लब के सदस्य राजू सोनी, अमन मालाकार, अंकित कांस्याकार, अमित गुप्ता, अविनाश गुप्ता, बीरू गुप्ता, राहुल सोनी सहित कई लोग शामिल थें।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह वन भोज का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में गुरुवार को सत्संग सह वन भोज का आयोजन किया गया. श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी द्वारा 09 जनवरी 1969 को सर्वप्रथम मानिकपुर, देवघर में वन भोज किया गया था, तब से श्री श्री ठाकुर जी के अनुयायियों द्वारा प्रत्येक वर्ष 09 जनवरी को वन भोज दिवस मनाया जाता है. कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि, दीप प्रज्वलन, वंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ किया गया. इसके बाद सामूहिक नाम जप ध्यान, सत्यानुसरण ग्रन्थ पाठ, नारीनीति ग्रन्थ पाठ किया गया. बृंदा देवी, सतवंती देवी, एवं अन्य सत्संगियों ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया.



इष्ट चर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि अपना स्वास्थ्य ही धन है.स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिये मनुष्य को वन से प्राप्त औषधि का उपयोग करना चाहिए.रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए वन से प्राप्त औषधि तथा ऑक्सीजन लेना चाहिये. वर्तमान समय में अनेक प्रकार के रोगों का निवारण आयुर्वेद के द्वारा संभव है. माला देवी ने सदाचार का पालन करने का अनुरोध उपस्थित लोगों से किया. माया दास ने कहा कि आध्यात्मिक जीवन तथा सदाचार से ही मनुष्य का जीवन सार्थक होता है. जय राधे राधे गायन तथा जय उदघोष के साथ कार्यक्रम का विश्राम किया गया.कार्यक्रम में शक्ति दास सिन्हा, संजय दा, अजय दा, राहुल दा, राकेश कुमार, धृतिदीप, उत्कर्ष सिन्हा, लक्ष्य सिन्हा, आशीष जायसवाल, राजा सिंह, पप्पू जायसवाल, सतवंती देवी, रीना देवी, बबीता सिंह, निर्मला देवी, दीपमाला अंबष्ट, अनिता देवी, गीता देवी, पूजा देवी सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।

**कॉफी विद एसडीएम: थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावकों ने रखी समस्यायें, दिये सुझाव**

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को गोद लेने हेतु आगे आये रक्तदान से जुड़ी संस्थाएं : एसडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित कॉफी विद एसडीएम कार्यक्रम में गढ़वा क्षेत्र के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों के साथ अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा संवाद किया गया। तकनीकी प्रकृति का विषय होने के कारण कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित एक्सपर्ट के रूप में गढ़वा जिले के सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. हरेन चंद्र महतो, अस्पताल प्रबंधक विकास केसरी तथा डीपीएम भी मौजूद रहे। एसडीओ संजय कुमार के आमंत्रण पर अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में आहूत इस विशेष कार्यक्रम में 41 ऐसे अभिभावक पहुंचे हुए थे जिनमें से किसी का एक बच्चा तथा कुछ के दो या तीन बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित हैं। 50 बच्चों के अभिभावकों ने अपनी अपनी समस्याएं रखते हुए जिले में रक्त




कोष प्रबंधन को लेकर अपने कई अहम सुझाव दिए।

**ब्लड बैंक के काउंसलर के व्यवहार को लेकर मिलीं शिकायतें**

बैठक में मौजूद लगभग सभी अभिभावकों ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के काउंसलर के व्यवहार की शिकायत की। सभी का आरोप था कि ब्लड बैंक काउंसलर कभी ढंग से बात नहीं करते हैं और न ही रक्त कोष की उपलब्धता की सही-सही जानकारी देते हैं। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने बैठक में मौजूद सिविल सर्जन तथा उपाधीक्षक से आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

**रक्त की उपलब्धता की जानकारी हर समय सूचना पट पर प्रदर्शित हो**

अभिभावकों की समस्याओं को सुनने के क्रम में सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि ब्लड बैंक में किसी दिन किस ब्लड ग्रुप की कितनी उपलब्धता है इसे ऑनलाइन देखा जा सकता है, इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि गांव देहात के आये लोगों के सूचनार्थ हर समय रक्त उपलब्धता की करेंट जानकारी ब्लड बैंक के बाहर ब्लड ग्रुप के अनुरूप एक सारणी में भी प्रदर्शित करवायें।

**बच्चों को खून उपलब्ध कराने की प्रक्रिया बनाएं सरल**

अभिभावकों से संवाद के क्रम में जो सुझाव मिले उसके आलोक में संजय कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों से कहा कि वे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को त्वरित रूप से रक्त उपलब्ध कराने हेतु प्रक्रिया को थोड़ा सरल करें। अभी दूर-दराज से परेशान अभिभावक बार-बार रक्त के लिए अस्पताल आते हैं, उन्हें सिविल सर्जन तथा उपाधीक्षक से हस्ताक्षर कराने समेत कई औपचारिकतायें पूरी करने के उपरांत ही रक्त कोष में अधियाचना करनी होती है, ऐसे में कई बार प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से बच्चों को खून मिलने में बहुत विलंब हो जाता है, जबकि बच्चों की स्थिति पहले से ही बहुत गंभीर और दयनीय होती है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम का हुआ अंतिम संस्कार

**रांची :** द रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम की लंबी बीमारी के इलाज के दौरान मुंबई में निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर पत्रकार जगत में शोक की लहर दोड़ गई, सभी परिचित दुख वक्त किया है। बता दें कि राणा गौतम लंबे समय से रांची में पत्रकारिता के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखते थे, लेकिन वे अचानक बीमारी के चपेट में आ गए । बेहतर उपचार के लिए मुंबई भेजे गए जहां उनका निधन हो गया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार से पहले उनके पार्थिव शरीर को द रांची प्रेस क्लब में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। यहाँ सभी ने दर्शन किए और श्रद्धांजलि अर्पित किया। फिर उनके अंतिम संस्कार के लिए हरमु मुक्तिधाम में ले जाया गया जहां काफी संख्या में पत्रकार शामिल हुए और यही उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### अस्तित्व फाउंडेशन लगातार गरीबों के बीच कर रहा है कंबल का वितरण

**रांची।** अस्तित्व फाउंडेशन के द्वारा गरीबों के बीच कंबल वितरण जारी रखा गया है। अस्तित्वग फाउंडेशन की निदेशक डॉक्टर कीर्ति श्रीवास्तव माजी ने कहा रांची के जितने भी गरीब लोग हैं जो ठंड से ठिठुर रहे हैं उन सब तक कंबल पहुंच जाए समय रहते यही उद्देश्य है मेरा। अस्तित्व फाउंडेशन की तरफ से चुनवा टोली ,खादगढ़ा बस स्टैंड के पास गरीबों और वहां के निवासियों में कंबल वितरण हुआ । निदेशक डॉक्टर कीर्ति श्रीवास्तव माजी का फाउंडेशन जोरों शोर से वितरण का काम कर रहा है।

## हत्या के दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि रोस्पा टावर में 11 अपराधकर्मीयों द्वारा चावल व्यवसायी नरेन्द्र सिंह की गोली मारकर निर्मम हत्या करते हुए तीन लाख रुपये की डकैती की घटना कारित की गई थी, जिसके संबध में लोअर बाजार काण्ड सं0 379/18 05.10.2018 धारा 394/302 भा0द0दि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था, जिसके विचारण के दौरान काण्ड में दोषसिद्ध अभियुक्त राशिद अंसारी दर्जी मोहल्ला थाना डोरण्डा जिला राँची जिन्हें न्यायालय द्वारा विचारण के पश्चात् दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 10,000 हजार रूपया का जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। जिसके पश्चात् उक्त




दोषसिद्ध अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे थे। जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रॉची को प्राप्त सूचना के आलोक में उनके निर्देशानुसार एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा 09.01.2025 को दोषसिद्ध फिरार अभियुक्त राशिद अंसारी की गिरफ्तारी की गई है। इस काण्ड के अन्य रागी अभियुक्तों को न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध करार दिया गया है. जो न्यायिक हिरासत में है।


साथ हीं पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रॉची चंदन सिन्हा के निर्देश में पुलिस टीम के द्वारा डोरण्डा थाना काण्ड सं0 196/22 21.07.2022 घारा 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के फिरार अभियुक्त चिंकु देवा उर्फ समद मेराज उम्र 32 वर्ष नाई मोहल्ला युनुस चौक थाना डोरण्डा जिला राँची कि भी गिरफ्तारी की गई है। वर्ष 2012 में छोटू गट्टी के भाई के हत्यारा आटोपित था

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी के नामः** प्रमोद कुमार मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक हटिया, रांची के नेतृत्व में, जयदीप टोप्पो, पु0नि0 सह थाना प्रभारी डोरण्डा, राँची, पु0अ0नि0 रितेश कुमार पाण्डेय, डोरण्डा थाना,पु0अनि0 पचन कुमार यादव, डोरण्डा थाना रांची, पु0अ0नि0 सतोष कुमार रजक, डोरण्डा थाना, राँची शामिल थे।

## 250 एकड़ में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया जा चुका है : एसडीपीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बुंडू प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा तथा एसडीपीओ बुंडू ओम प्रकाश के नेतृत्व में अफीम फसल पर रोक लगाने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मुखिया, ग्राम प्रधान, जिला परिषद सदस्य तथा वार्ड पार्षद सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में बुंडू अंचलाधिकारी हंस कुमार हेंब्रम तथा बुंडू बीडीओ सावित्री कुमारी सहित बुंडू प्रमुख राजकुमार बिनझिया, जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल्य सहित कई लोग मौजूद थे।इस मौके पर बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा ने बताया कि अफीम की खेती पर ग्राम प्रधान मुखिया को रोक लगाने पर यह बैठक आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती करने वाले लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर होगी।एसडीपीओ ओम प्रकाश ने कहा कि अफीम फसल को विनष्टीकरण कर सेहत को नुकसान से पहुंच रहा है।शारीरिक



रूप से बच्चे कमजोर हो रहे हैं घर में कलह हो रहा है लोग नशा कर गलत कार्यों में शामिल हो रहे हैं।अपराध की दुनिया में बच्चों का कदम रख रहे हैं । उन्होंने अफगानिस्तान का उदाहरण देते हुए कहा कि उस देश में स्थिति बिगड़ चुकी है इसी खेती में लोग लगे हुए हैं कैसे स्थिति है जरा वहां की स्थिति को देखिए।लगभग 250 एकड़ में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस फसल को लगाने पर इस अपराध के लिए सजा आजीवन कारा वास मिलेगी। अफीम फसल लगाने वाले को समझाएं।40लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान दलगोविंद सिंह मुंडा, मिहिर सिंह मुंडा, लागरा मुंडा, दुलाल मुंडा, राजकिशोर मुंडा, तीर्थनाथ मुंडा, रघुनाथ महतो, रघुवर मुंडा, दुर्गा दयाल मुंडा, दिगम्बर मुंडा, मधुसूदन मुंडा, मानकी देवी प्रसाद मुंडा सहित कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे। वहीं मुखियाओं में द्रोपदी देवी, रोशनी लंग, प्रियंका देवी, अंजना सिंह मुंडा, संदीप उरांव, लालमोहन पाहन, नारायण उरांव, सिद्धार्थ मुंडा सहित कई मुखिया मौजूद थे।

## बिजली से संबंधित शिकायत के समाधान के लिये लगाया गया शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विद्युत आपूर्ति अंचल रांची में बिजली से संबंधित जन शिकायत शिविर लगाया गया है। जिसमें लगातार लोग अपनी शिकायत का समाधान कराने के लिए आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। इस शिविर में बिजली उपभोक्ता पहुंच रहे हैं जिनका मोबाइल नंबर जोड़ा नहीं गया है या समय पर बिजली बिल नहीं पहुंच रहा है या फिर बिजली बिल स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई पड़ रहा है बिजली बिल अधिक आ रहा है इन सब के समाधान को लेकर शिविर लगाया गया है । और लगातार इसकी शिकायत लेकर लोग पहुंच रहे हैं । बिजली विभाग से आश्वासन दिया गया है कि एक सप्ताह के अंदर सभी की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

## भाजपा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चरित्र, उनके संघर्ष का किया व्याख्यान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में संविधान गौरव अभियान को लेकर बैठक बुलाई गई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, संयोजक अमर कुमार बाउरी, सह संयोजक सहित जिले के संयोजक एवं सह संयोजक ने भाग लिया।बैठक में सभी वक्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चरित्र, उनके संघर्ष का व्याख्यान किया। साथ ही वक्ताओं ने कांग्रेस के उन पहलुओं की भी चर्चा की गयी जिसमें संविधान के गलत उपयोग, बाबा साहब के साथ अपमान किया गया था।वक्ताओं ने कहा कि संविधान गौरव अभियान



की जरूरत आज इसलिए है क्योंकि आम जनता के बीच विरोधी पार्टियों कई भ्रांतियां को फैला रही है।बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए संविधान गौरव अभियान के संयोजक एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी कहा कि भारत देश के संविधान की गौरवशाली 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 जनवरी से 25 जनवरी तक व्यापक स्तर पर संविधान गौरव अभियान की शुरुआत देश भर में की गई है। वर्तमान में झारखंड में सदस्यता अभियान चल रहा है इसलिए झारखंड में 15 से 25 जनवरी तक इस अभियान को चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत के संविधान की खूबसूरती, उसकी ताकत, बाबा साहब के देश के प्रति सोच, संदेशों को और साथ ही कांग्रेस के द्वारा बाबा साहब के साथ किए गए अपमानों को और भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बाबा साहब को दिए जब सम्मान को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

## 11 जनवरी को होने वाले टुसू महापर्व की तैयारी पूर्ण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति रांची द्वारा 11 जनवरी 2025 दिन शनिवार को नगर निगम कार पार्किंग अल्बर्ट एक्का चौक में आयोजित राजधानी टुसू महापर्व -2025 का तैयारी पूर्ण हो चुका है, कार्यक्रम का प्रशासनिक अनुमति मिल चुका है, उक्त जानकारी संरक्षक अनंत कुमार महतो ने दिया।


तैयारी को लेकर 9 जनवरी 2025 को ऑक्सीजन पार्क मोराबादी मैदान में दूसरी बार तैयारी बैठक किया गया।मौके पर उन्होंने बताया कि राजधानी रांची टुसू महोत्सव में सम्पूर्ण झारखंड से गण मान्य कलाकार, विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय के जनजातीय एवम क्षेत्रीय भाषा के शिक्षक, प्रोफेसर, छात्र शामिल होंगे। महापर्व में पारम्परिक रीति रिवाज अनुसार टुसू थापना, टुसू पूजन, टुसू वंदना, सामूहिक टुसू गीत, सामूहिक टुसू नृत्य, छौ नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा।

बैठक में जे एल के एम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो, संरक्षक अनंत महतो, सोनू, विक्की, लखन बेदिया, शिवराज सिंह, दिलेश्वर, पप्पू यादव, अयूब अली, रवि सिंह, प्रदीप कुमार, के अलावा अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## होटल के कमरे में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची स्टेशन रोड स्थित एक होटल से एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि सिमडेगा के बानो का रहने वाला दानिश इस्लाम नामक वह युवक अपनी प्रेमिका के साथ इस होटल में ठहरा था, लाश कमरे में मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।बताया जा रहा है



कि युवक ने आत्महत्या की है। जिस समय उसके साथ की युवती बाथरूम में थी, तभी उसने आत्महत्या की। युवती जब बाथरूम से बाहर आयी और युवक को इस अवस्था में देखा तो उसने शोर मचाना शुरू किया। जब तक होटल स्टाफ पहुंचते उसकी मौत हो चुकी थी।

इस घटना को लेकर दानिश इस्लाम के पिता सरवर ने इसमें उन्हें साजिश नजर आ रही है। उन्होंने होटल संचालक और कर्मचारियों पर भी आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगया। उन्होंने सच्चाई की जांच करने और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रहे रघुवर दास ने गुरूवार को राजभवन जाकर राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने झारखंड के मुद्दे पर चर्चा की। ओडिशा के राज्यपाल का पद त्याग करने के बाद रघुवर दास की संतोष गंगवार से पहली मुलाकात है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने रघुवर दास से मुलाकात के बाद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उनका अनुभव और नेतृत्व झारखंड के विकास के लिए हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहा है। रघुवर दास 10 जनवरी को बीजेपी की सदस्यता ले सकते है। ओडिशा के राज्यपाल का पद निजी कारणों से छोड़ने वाले रघुवर दास झारखंड की राजनीति में एक बार फिर वापसी कर रहे है। उनकी वापसी के बाद उन्हे प्रदेश में कोई बड़ा पद दिये जाने की भी चर्चा हो रही है। उनकी बहू पूर्णिमा दास अभी जमशेदपुर पूर्वी से बीजेपी की विधायक है। माना ये जा रहा है कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व उन्हे केंद्र या राज्य में कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है।

### देश भर के महिला इतिहासकारों का महाधिवेशन, 11-12 जनवरी को रॉची में

**रांची।** इतिहास संकलन समिति झारखंड की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्टीय महासचिव हेमंत धींग मजूमदार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। यह बैठक ऑनलाइन की गई।इस बैठक में रांची में 11 जनवरी से लेकर 12 जनवरी 2025 ,तक होने वाले भारतीय महिला इतिहासकारों के सम्मेलन की तैयारी का जायजा लिया गया। इस क्रम में यातायात व्यवस्था, आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

## उर्दू अखबार के पुरोधा खुर्शीद परवेज के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उर्दू पत्रकारिता को उरुज पर ले जाने वाले पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी का गुरुवार को अंजुमन अस्पताल में ईलाज के दौरान निधन हो गया। खुर्शीद परवेज सिद्दीकी फारूकी तंजीम अखबार के संपादक थे। 1968 में पत्रकारिता में आए और 6 दिसंबर 1994 से फारूकी तंजीम अखबार से जुड़े और उन्हीं का होकर रह गए। इनका एडिटोरियल ही इनकी पहचान थी। निधन की खबर मिलने के बाद न सिर्फ पत्रकारिता जगत में बल्कि समाजिक संगठनों, राजनीतिक गलियों में भी दुख व्यक्त किया गया। खुर्शीद परवेज सिद्दीकी के जनाजा उनके पैतृक गांव पिठोरिया के मदनपुर स्थित कोकदरो जमुवारी कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज जोहर बाद अदा की गई और वहीं सुपुर्द ए खाक किया गया। नमाज ए जनाजा मौलाना मेराज अशरफ़ नदवी ने पढ़ाई। खुर्शीद परवेज अपने पीछे 1 बेटा मंजर आलम उर्फ अयाज़ खुर्शीद, पत्नी आयशा सिद्दीकी, पोता, पोती समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।15 जनवरी को मस्जिद जाफरिया में शोक सभा का आयोजन किया गया है।



### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने फारूकी तंजीम अखबार के संपादक खुर्शीद परवेज सिद्दीकी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा की उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। स्वतंत्र और और निष्पक्ष पत्रकारिता को उन्होंने हमेशा मजबूत करने का काम किया पत्रकारिता में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ईश्वर देवगंत आत्मा को शांति प्रदान करें, और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति दे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी शोक जताया। इनके अलावा शहर के शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक, लोगों ने दुख व्यक्त किया।

### मिट्टी में शामिल हुए

मौलाना सैयद तहज़ीबुल हसन रिजवी, वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद, लोक सेवा समिति के नौशाद खान,नदीम रिजवी, सोहेल सईद, नेहाल हुसैन सरियावी,पत्रकार परवेज़ कुरैशी, आदिल रशीद, गुलाम शाहिद, हाफिज , मो इमरान, मो मोकर्रम, दानिश अयाज़, फारूकी के निदेशक मो इकबाल, पत्रकार मो एहसान, मो मुजम्मिल, जमीयत इराकिन के अब्दुल मनान, आजसू के एस अली, समाजसेवी अनवर खान, प्रोफेसर सरवर साजिद, हाफिज गुलज़ार, सुल्तान आदिल, मास्टर तबरेज, सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के अकील उर रहमान, मो मुस्तकीम, इकबाल सबा, मो नकीब, मो नसीम आदि शामिल हुए। वहीं दुख व्यक्त करने वाले में द रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र गिरी, संजय सूमन, राजेश सिंह, भरतभूषण टुनटुन , अखिलेश सिंह, प्रदीप ठाकुर, दीवाकर, संदीप, एस एम खुर्शीद, जसीम रिजवी, शारिब खान, वकील रिजवी, शफीक अंसारी, सैयद आलम, अधिवक्ता मो तनवीर, मो नौशाद आदि।

### पुलिस सेवा में नहीं गए

बता दें की पत्रकार खुर्शीद परवेज के पिता याकूब सिद्दीकी डीएसपी पद से सेवानिवृत्त हुए थे और खुर्शीद परवेज को पुलिस में सीधी नियुक्ति मिल रही थी लेकिन वे पुलिस में ना जाकर पत्रकारिता को चुना । खुर्शीद परवेज मूल रूप से बिहार के मुंगेर जिला स्थित सब्जी बाग के रहने वाले थे, बाद में हुए झारखंड आ गए और यही के होकर उन्होंने अपनी पत्रकारिता की शुरुआत दैनिक उर्दू अखबार संगम से 1968 से लिखने की शुरुआत किए थे।

## राम मंदिर से आयोजन स्थल तक श्याम बाबा का निकाली जायेगी यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम सेवा समिति चुटिया की एक संयुक्त बैठक सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन में की गई, जिसमें महिला सदस्यों द्वारा श्याम बाबा को फूलों का वस्त्र एवं इत्र से सिंगार किया जाएगा। श्याम बाबा को रबड़ी का भोग एवं बधाई भक्तों के बीच मिठाई, ट्रॉफी एवं अन्य उपहार बांटा जाएगा। महिला सदस्यों द्वारा अनुपम झांकी भजन एवं फूलों की रंगोली से बाबा का स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को संध्या 6ः15 बजे से सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन में सम्मानित अतिथि कृष्ण कुमार पोद्दार, फतेहचंद अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, संजीव पोद्दार, ओम प्रकाश अग्रवाल, एवं ओमप्रकाश मोदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जायेगा। इसके पश्चात मुख्य यजमान प्रमोद पोद्दार सहपत्नी पूनम पोद्दार के द्वारा बाबा की ज्योत जलाई जाएगी एवं पूजन किया जाएगा। संध्या 5ः00 बजे प्रदीप मोदी एवं बबीता अग्रवाल के नेतृत्व में श्री राम मंदिर चुटिया से आयोजन स्थल तक



श्याम बाबा के निशान यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। भजन संध्या कार्यक्रम में पूजा पारीख एवं नीरज जालान तथा श्याम मंडल, श्याम मित्र मंडल, हनुमान मंडल, श्याम सेवा संघ, श्याम परिवार के सदस्यों सहित स्थानीय भक्तों द्वारा श्याम बाबा को भजनों की माला समर्पित की जाएगी। आज की बैठक में ललिता केडि़या, परमेश्वरी जोशी,रेणुअग्रवाल, बॉबी अग्रवाल, ऋषि टिबडेवाल, प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद पोद्दार,दीपक अग्रवाल ,सांवरमल अग्रवाल, डॉ. भरत कुमार अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## शिव भक्त से साढ़े चार करोड़ की ठगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने बाबा धाम, देवघर में हुए साइबर फ्रॉड की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक नौ हजार से अधिक श्रद्धालुओं से साढ़े चार करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की जा चुकी है। यह मामूली घटना नहीं है। इतने बड़े स्तर पर ठगी एक दिन में या एक व्यक्ति द्वारा संभव नहीं है। निश्चित रूप से इस धोखाधड़ी में कई लोग शामिल होंगे। अजय साह ने आगे कहा कि बाबा धाम न केवल झारखंड, बल्कि पूरे भारत के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे पवित्र स्थल पर साइबर ठगी होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि इतनी बड़ी घटना को रोकने में प्रशासन पूरी तरह असफल रहा। इस मामले का खुलासा भी पुलिस प्रशासन ने नहीं, बल्कि शिव भक्तों ने किया। साह ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार के शासन में साइबर अपराधियों से लेकर चोर और डकैत तक सभी सक्रिय हो गए हैं। अपराधियों के मन से कानून का डर खत्म हो गया है। पहले ही झारखंड ÷जामताड़ा मॉडल÷ के कारण साइबर अपराध के लिए बदनाम था, और अब बाबा धाम जैसे अत्यंत पवित्र स्थल के नाम पर हो रही ठगी ने पूरे झारखंड के शिव भक्तों का सिर शर्म से झुका दिया है। उन्होंने कहा कि इस फ्रॉड के लिए कुछ नेताओं की बयानबाजी भी जिम्मेदार है। अजय साह ने इरफान अंसारी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने कभी जामताड़ा के साइबर अपराधियों की प्रशंसा की थी और उन्हें तेज और ज्ञानी बताया था। साह ने जोर देकर कहा कि प्रशासन को तत्काल इस ठगी की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि जनता का विश्वास बहाल हो सके।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 | पेज 4

## दशम फॉल पुलिस ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण और अफीम के दुष्प्रभावों को बताया

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और रांची जिले के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में आज दशमफॉल थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरगी पंचायत के ग्राम लोवाहातू चुरगी के ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों के बीच अफीम के खेती से होने वाले दुष्परिणाम के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया उन्हें बताया गया कि अफीम की खेती करने से मानवीय शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है, खेती के जमीन पर दुष्प्रभाव पड़ता है, अवैध अफीम के खेती करने वाले के विरुद्ध कानूनी दंड का प्रावधान जिसका सजा लंबे वर्षों तक हो सकती है के संबंध में जागरूक किया गया एवं लोगों को वैकल्पिक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिसके बाद ग्रामीणों के द्वारा आसपास के लगे अफीम के बीज लगी पौधा लगभग 4 एकड़ खेत को खुद से एवं ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट किया गया साथ ही थाना प्रभारी प्रशांत गौरव जरूरतमंद बुजुर्ग ग्रामीणों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बढ़ती ठंड से राहत दिलाने के लिए कम्बल वितरण भी किया गया।

## पुलिस ने 35 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमाड़ थाना क्षेत्र के आराहंगा पंचायत के बुरूहातु में वृहद पैमाने पर 35 एकड़ में लगी मादक पदार्थ अफीम पोस्ता की फसल को पुलिस ने नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी रोशन कुमार झा को गुप्त सूचना मिली थी कि सुदूरवर्ती क्षेत्र विजयगिरी के निकट पहाड़ों के निकट झाड़ियों में व्यापक पैमाने पर अफीम की फसल लगी हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कारवाई करते हुए करीब 35 एकड़ में लगी मौत की फसल को ट्रैक्टर चला कर नष्ट कर दिया। इस अभियान में सअनि अजय प्रताप और जिला पुलिस के जवान शामिल थे।

## 11 जनवरी को मनाया जायेगा रामलला प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इस वर्ष रामलला प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव आगामी 11 जनवरी शनिवार को मनाया जाएगा। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री राजीव झा ने बताया कि सनातनी समाज अपना प्रत्येक कार्य पंचांग के अनुसार करते है। हिन्दी पंचांग के अनुसार रामलला प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी को पिछले वर्ष 22 जनवरी को हुआ था। इस वर्ष पौष शुक्ल द्वादशी आंग्ल तिथि में 11 जनवरी को है। रामलला वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर राजीव झा ने समस्त सनातनी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने निकटतम मंदिर की साफ-सफाई करते हुए 11 जनवरी को प्रत्येक मंदिर में सामूहिक पुजा पाठ, भजन कीर्तन,सुंदर काण्ड, नहीं तो कम से कम हनुमान चालीसा एवं महाआरती करके भोग प्रसाद वितरण करें।

## नक्सली कांड के फरार अभियुक्त टीएसपीसी के ऋषिकेश के घर पिपरवार पुलिस ने साटा इश्तेहार

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार पुलिस ने नक्सली कांड में 2022 से फरार चल रहे नामजद टीपीसी के सब जोनल कमांडर संजय उरांव उर्फ ऋषिकेश जी के पिपरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत इसके आवास झुलनडीह में ढोल बजाकर गुरुवार को इश्तेहार चिपकाया गया इसके पूर्व भी पिपरवार पुलिस द्वारा विगत 27 नवंबर को टीपीसी के सब जोनल कमांडर संजय उरांव उर्फ ऋषिकेश जी एवं टीपीसी के जोनल कमांडर रोहित उरांव उर्फ अभिषेक जी के घर इश्तेहार चस्पा किया गया था इसके पश्चात रोहित उरांव उर्फ अभिषेक जी द्वारा न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि पिपरवार थाना कांड संख्या 12 /24, 13 / 24 में नक्सली घटना को अंजाम दिए जाने,आगजनी की घटना ,क्षेत्र में दहशत कायम कर लेवी वसूले जाने सहित अन्य मामले में संजय उरांव उर्फ ऋषिकेश जी 2022 से फरार चल रहा था इसके विरुद्ध पिपरवार थाना में आधा दर्जन से अधिक नक्सली घटनाओं में शामिल,आगजनी गोलीबारी एवं लेवी वसूले जाने सहित कोयला व्यवसायियों को धमकी देकर काम बंद कराए जाने को लेकर अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज है इश्तेहार चिपकाए जाने के दौरान पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा,अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सहित थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रमों का आयोजन 11 जनवरी को

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली नीचे टोला के मंडप टोला स्थित शिव मन्दिर परिसर में आगामी 11 जनवरी दिन शनिवार को इस्कॉन अनुमोदित नामहट्ट संघ सिल्ली के तत्वावधान में अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिसमें शाम 4:30 बजे से भजन कीर्तन, राम कथा, आरती एवं महाप्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। नामहट्ट संघ सिल्ली के बल्लभ निताई दास उर्फ बुद्धदेव कुशवाहा ने इसकी जानकारी देते हुए आम जनों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## ग्राहक अपने सुविधानुसार बैंक से निकाल सकेंगे रुपए

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली बैंक ऑफ इंडिया में ग्राहक अपने सुविधा अनुसार राशि की निकासी कर सकेंगे। जितने रुपए की आवश्यकता है उतने रुपया निकाल सकेंगे। पूर्व में बैंक से दस हजार से कम की राशि निकासी नहीं हो रही थी। जिससे ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं को लेकर स्थानीय अखबारों में खबर प्रमुखता से प्रकाशित भी की गई थी। शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों से आग्रह पूर्वक कह है कि छोटी छोटी रकम निकासी पास के सीएसपी से निकाली करें। लोगों को इतनी दूर बैंक आने की जरूरत नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि जिनके खाता आधार से लिंक नहीं हो पाया व जल्द से जल्द लिंक करा लें।

## ठंड से राहत के लिए सरकार ने किया कंबल वितरण का पहल

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इलाके में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह और शाम लोगों को समय काटना मुश्किल हो गया है। लिहाजा, सरकार की ओर से सिल्ली प्रखंड के लोगों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल भिजवाया गया है। फिलहाल विभाग की ओर से भेजे गए कंबल सिल्ली प्रखंड कार्यालय के गोदाम में रखे गए है। इन कंबलों को जरूरतमंदों के बीच प्रखंड के पंचायतों और वार्डों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है। मंगलवार को भी कई वार्ड सदस्यों को कम्बल दिए गए। वार्ड सदस्यों ने भी अपने वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। बीडीओ अनिल कुमार ने कहा है कि कंबलों की संख्या सीमित है प्रत्येक वार्ड पर मात्र दस कम्बल के हिसाब से ही कंबल आए है। लेकिन फिर भी जरूरत मंद के बीच कंबल देने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। जनप्रतिनिधि भी चिह्नित करके कंबलों का वितरण कर रहे है। किसी भी असहाय और जरूरत मंद व्यक्ति को कम्बल की आवश्यकता होने पर उसे अविलंब कंबल दिया जाएगा।

## 5 दिनों से बिजली गुल होने से परेशान हो रहे है ग्रामीण

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली के टूटकी पंचायत के नावाडीह गांव के एक भाग लगभग 50 से अधिक घरों में पिछले 5 दिनों उसे बिजली नहीं रहने से ग्रामीण परेशान है। अपने मोबाइल को भी चार्ज करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। अंधेरे में रात गुजारने वाले लोगों ने बिजली ठीक कर तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। विद्युत कर्मी करम सिंह महतो ने बताया कि बिजली तार में कहीं पर फॉल्ट है उसे हटाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही बिजली बहाल कर दिया जाएगा।

## महिंद्रा ने प्रीमियम बीई 6 और एक्सईवी 9ई ईवी लॉन्च किये

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिंद्रा ने अनलिमिट इंडिया टेक डे पर अपनी इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी, बीई 6 और एक्सईवी 9ई ईवी के टॉप-एंड पैक थ्री वेरिएंट का अनावरण किया। बीई 6 की कीमत ?26.9 लाख है, जबकि एक्सईवी 9ई की कीमत ?30.5 लाख है, जिसकी ईएमआई क्रमशः ?39,224 और ?45,450 से शुरू होती है, जो फ्लेक्सी फॉर मी फाइनेंस प्रोग्राम के तहत है। यह पहल छह साल बाद बैलून भुगतान के साथ पैक वन के समान ईएमआई की पेशकश करके पहुंच सुनिश्चित करती है। पैक थ्री वेरिएंट में 79 किलोवाट की बैटरी है, जो 500 किलोमीटर से अधिक की वास्तविक रेंज और तेज चार्जिंग क्षमता प्रदान करती है। टेस्ट ड्राइव 14 जनवरी, 2025 को शुरू होगी, जिसकी बुकिंग 14 फरवरी से शुरू होगी। डिलीवरी मार्च की शुरुआत में होने वाली है।

# बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों का हड़ताल तीसरे दिन भी रहा जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की पांच सूत्री मांगों को लेकर बचरा साईडिंग में चल रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरूवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा।हड़ताल मे शामिल सभी अंसगठित मजदुर पिछले तीन दिनो से अपनी मांगों को लेकर बचरा साइडिंग में धरना पर बैठे हुए हैं।सभी असंगठित मजदूर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साइडिंग साइडिंग में अपने-अपने कार्यो को छोड़कर धरना प्रदर्शन पर बैठकर आक्रोश प्रकट कर रहे हैं।मजदुरो की प्रमुख मागों मे ठेकेदारी मजदूरों को एचपीसी के दर से मजदूरी का भुगतान करने,ठेकेदारी मजदूरों का



सीएमपीएफ कटौती करने,ठेकेदारी मजदूरों को पेमेंट स्लिप देने, ठेकेदारी मजदूरों का हाजिरी फार्म डी में बनाने की मांग शामिल है।इस संबंध मे मजदुरो ने बताया कि यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में सभी मजदुर कड़ाके की ठंड मे शांतिपूर्ण तरीके से हड़ताल पर है।

हड़ताल का तीसरा दिन बीत जाने के बावजुद प्रबधंन एंव कम्पनी के द्वारा कोई पहल नही किया गया है।

कड़ाके की ठंड मे हड़ताल मे शामिल सभी अंसगठित मजदुर धरना पर बैठे है,जिससे मजदुरो का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।ज्ञात हो कि हड़ताल के दूसरे दिन बुधवार की शाम से लेकर रात तक सीसीएल प्रबधंन,कम्पनी, युनियन और मजदुरो के बीच वार्ता हुई,जिसमे जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो भी शामिल हुए,लेकिन कई घंटो तक चली इस वार्ता मे मांगो पर कोई निर्णय नही होने के कारण वार्ता विफल हो गया।

जिसके कारण मजदुरो का आक्रोश ओर बढ़ गया है।मजदूरों ने अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक साइडिंग में हड़ताल जारी रहेगा।इस मौके पर मुंशी महतो,भोला महतो टिंकू महतो,शंकर महतो,चिंतामन महतो, धनेश्वर महतो,चंद्रदेव ठाकुर, जितेंद्र महतो,करण महतो, निर्मल महतो,लटन महतो, जलेश्वर महतो,चमन महतो, दिलीप चौधरी,बिजली महतो,जयशंकर चौधरी, सुरेश गोप सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

# आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प मे गरीब असहाय लोगो के बीच किया गया कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प मे गुरूवार को कार्यक्रम आयोजित कर गरीब एंव असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे आईआरबी थ्री के डीएसपी अजय कुमार केशरी मौजुद थे।कार्यक्रम मे पुलिस मेंस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शमशेर आलम के द्वारा दर्जनो लोगों को अपनी ओर से कंबल का वितरण किया।पुलिस मेंस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र मे बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए चौक चोराहो व बाजारो मे रात गुजारने वाले गरीब व असहाय



वृद्ध महिला पुरूष के बीच कंबल बांटा गया।कंबल मिलने से गरीबों को इस कड़ाके की ठंड मे काफी राहत मिलेगी।वही डीएसपी अजय कुमार केशरी ने कहा कि इस तरह के सहयोग कार्य सबसे बड़ा पूण्य का काम होता है।गरीब और असहाय लोगों की मदद करना मानवता की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।उन्होने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगो को बढ़ चढ़कर इस तरह के सहयोग कार्य मे आगे आना चाहिए।उन्होंने अपनी ओर से भी हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।इस अवसर पर डीएसपी अजय कुमार केशरी ,शमशाद खान,सत्येंद्र मिश्रा,रंजीत कुमार,धर्मेंद्र सिंह,मंटू कुमार,परेश मरांडी, अजीत कुमार,गोल्डन चौबे, पवन कुमार,अजमल हुसैन, जितेंद्र शुक्ला,इनामुल हसन, गोरख नाथ,सुशील पांडेय, सुशील पाल,अवधेश कुमार, गौतम पासवान,पुलिस एसोसिएशन अध्यक्ष शमशाद खान,मंत्री रंजीत कुमार,कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा सहित आईआरबी थ्री के कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजुद थे।

# शहादत दिवस पर उपायुक्त ने डोम्बारी बुरु पहुंच भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर दी श्रद्धांजलि, उनके अमर बलिदान को किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** डोम्बारी बुरु, जो झारखंड के इतिहास में वीरता और बलिदान का प्रतीक है, आज शहादत दिवस के अवसर पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने डोम्बारी बुरु पहुंच भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके अमर बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपायुक्त संग मुख्य रूप से उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमन कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।



उपायुक्त ने कहा कि डोम्बारी बुरु का ऐतिहासिक महत्व है, डोम्बारी बुरु वह स्थान है, जहां भगवान बिरसा मुंडा और उनके अनुयायियों ने ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष किया था। यह स्थल 1899-1900 के उलगुलान आंदोलन का प्रमुख केंद्र रहा। भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में स्थानीय जनजातीय समुदाय ने अन्याय, शोषण और दमन के खिलाफ आवाज उठाई। डोम्बारी बुरु की पहाड़ियों पर हुए संघर्ष में सैकड़ों आदिवासी वीर शहीद हुए। यह स्थल आज भी जनजातीय संस्कृति, संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है। उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। साथ हीं लोगों को भगवान बिरसा मुंडा के पदचिह्नों पर चलने और समाज में एकता और भाईचारे को बनाए रखने का आह्वान किया।

शहादत दिवस पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को याद करते हुए उनकी अमर गाथा को नमन किया।

# मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों के साथ किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय में गुरूवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों के साथ सरकार की योजनाओं को लेकर मैराथन बैठक की। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से कहा कि सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर रेस है। लेकिन जब तक अधिकारी और कर्मचारी रेस नहीं होंगे, तब तक सरकार की योजना लाभुकों के दहलीज नहीं पहुंच पाएगी। आज के समय ये जरूरी है कि सरकार के द्वारा विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजना को समय पर लाभुक तक पहुंचाना। मंत्री ने कहा है कि इसको लेकर अधिकारी और कर्मचारियों को टास्क दिया गया है। खासकर जन सेवक कृषि विभाग की योजनाओं पर फोकस करेंगे। इससे पहले वो दूसरे विभाग की योजनाओं पर काम कर रहे थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो में बिजली विभाग के अधिकारियों को भी जर्जर तार बदलने के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश





दिया गया है। 16 जनवरी को ऊर्जा मित्रों का एक कार्यशाला आयोजित किया गया है। इसके साथ ही हाथी के प्रभाव वाले क्षेत्र को लेकर भी प्रखंड के अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है। इस कैंप के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पटाखा, टॉर्च का वितरण किया जाएगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि योजनाओं को जमीन पर उतारने की आवश्यकता है। आज भी सरकार की योजनाएं कागज तक ही सीमित है। कृषि विभाग में 700 करोड़ राशि का पी.एल. अकाउंट में रहना इसका प्रमाण है। इस लिए जरूरी है कि योजना की राशि भी खर्च हो और लाभुक को इसका लाभ भी मिले। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव,अंचल अधिकारी प्रताप मिंज,प्रमुख विनीता कच्छप,जिला परिषद सदस्य बेरोनीका उरांव, उप प्रमुख मुदस्सिर हक,प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव,पीसीसी डिलीगेट्स मजकुर आलम सिद्दीक़ी, नवल किशोर सिंह, पांचू मिंज, समशाद आलम, मन्कु कुजूर, फहीम हक़, मुनना मलिक, राइफुद्दीन मीरदाहा,मीर मुस्लिम, संभु बैठा, सहबान, बिन्देश्वर गोप,बबलू खान, रूसतम अंसारी सहित सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिंगपुर लायंस की शानदार जीत

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंगपुर लायंस क्रिकेट अकादमी मुरी की शानदार फाइनल में जीत। सिल्ली प्रखंड के कुसुम टिकरा मैदान में गुरुवार को 5 मैच का सीरीज फाइनल मैच खेला गया जिसमें दांगी क्रिकेट अकादमी नामकुम व सिंगपुर लायंस क्रिकेट अकादमी मुरी के बीच 35-35 ओवर का यह मैच खेला गया। सिंगपुर



लायंस ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जिसमें सिंहपुर लायंस ने 30.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 189 रन बनाए।इस दौरान सिंगपुर लायंस की तरफ से ओपनर बल्लेबाज करते हूए रुद्र कुमार तांती ने 26 बॉल में 17 रन बनाएं और तुषार मांझी ने 46 बॉल में 38 रन बनाएं प्रभात रंजन ने 40 बॉल में 37 रन बनाऐ। जवाबी पारी में खेलते हुए दांगी क्रिकेट अकादमी की ओर से अमन राज ने 16 बॉल में 20 रन बनाए और जुगेश कुमार 37 बॉल में 19 रन बनाएं। 17 ओवर में 85 रन पर ऑल आउट हो गए। इस दौरान मैच हार गया। सिंगपुर लायंस क्रिकेट अकादमी की ओर से प्लेयर ऑफ द मैच प्रभात रंजन और मैन ऑफ द सीरीज शिवम कुमार दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रत्नेश प्रसाद जी और डॉक्टर रमनेश प्रशाद मौजूद थे। कुसुम टीकरा गांव के मुखिया सोमरा मांझी पिस्का पंचायत समिति के सदस्य अनिल मांझी चेतन मांझी गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे मुख्य अतिथि डॉ रमणेश प्रशाद ने विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया साथ ही क्रिकेट कोच गणेश तांती ने सभी को धन्यवाद किया ।

## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सौर ऊर्जा से सिंचाई का किया अवलोकन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के सोंसई आश्रम में पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य श्री बंधु तिर्की ने सौर ऊर्जा से चलने वाले ट्रॉली बेस और 2 एचपी सोलर वाटर पंप का प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उनकी सिंचाई की



जरूरतों को पूरा करना है। श्री तिर्की ने कहा कि उनका ध्येय किसानों को ज्यादा से ज्यादा फ़ायदा पहुंचाने का है। सोलर पैनल से तालाब, नदी, कुआं, डैम, तेल और बिजली के माध्यम से सिंचाई की जा सकती है, जिससे किसानों की मेहनत और लागत दोनों में कमी आएगी। पहले चरण में सोंसई, बुढ़ाखुखरा और बिसहाखटंगा गांवों में चार-चार सेट दिए जा रहे हैं, जिन्हें 10-10 किसानों की समितियों को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस तकनीक का अधिकतम उपयोग करें और खेती में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील आरीफ हसन मलिक, सेरोफीना मिंज, सरीता तिग्गा, रसीद अंसारी, मेरी उरांव, रिना उरांव, पिर्ति उरांव एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण का सफल समापन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ इंडिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), खूंटी में 32 दिवसीय ष्टत्रक्कश्वक्कप्रशिक्षण और 10 दिवसीय मुर्गी पालन प्रशिक्षण का समापन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 22 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।रांची से आए प्रशिक्षक राजेश कुमार और सुशील कुमार ने प्रतिभागियों को बैंकिंग और कौशल





विकास से संबंधित गहन प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उन्हें उद्यमिता के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना था। इसके तहत प्रशिक्षुओं को मुद्रा ऋण योजना की प्रक्रिया, लाभुकों के चयन, और लखपति दीदियों के निर्माण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मुर्गी पालन प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षक बिनय कुमार ने प्रतिभागियों को टीकाकरण, नस्ल चयन, आवास प्रबंधन, और चारा प्रबंधन जैसे विषयों पर गहन जानकारी दी। सभी प्रशिक्षुओं के लिए केसीसी ऋण फार्म भरे गए ताकि वे आसानी से अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।समापन समारोह के अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक ऋषिकेश कुमार और निदेशक मिथिलेश कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रशिक्षक सुशील कुमार ने प्रतिभागियों को वर्तमान बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम जनवरी और फरवरी 2025 में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मुर्गी पालन, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी, ब्यूटी पार्लर, दोपहिया वाहन मरम्मत, महिला सिलाई, मशरूम की खेती से सम्बंधित प्रशिक्षण दिए जाएंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 9771971379 पर संपर्क कर सकते हैं।प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार (संकाय), सतनाम कंडूलना (सहायक) और जितेंद्र महतो (परिचर) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## बेड़ो के हरहंजी खुरहा टोली में जंगली हाथी ने फलदार पेड़ों को पहुंचाया नुकसान

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड व वन क्षेत्र के हेरहंजी खुरहा टोली गांव में एक विशालकाय जंगली हाथी बुधवार की रात लगभग बारह बजे तेम्बा उरांव खेत में लगी फलदार पेड़ जिनमे लीची के पांच, सात केले के पौधे, एक पपीता और खुलेश्वर उरांव की बाग़वानी में लगे चार आम के पेड़, एक लीची के पेड़ को नुकसान पहुंचाया है। वहीं दूसरे प्लॉट में लगे लोहरा उरांव का दो आम पेड़ को भारी नुकसान पहुंचाया है। इधर जंगली हाथी की आने की आहट से पुरे गांव में दहशत का माहौल वयाप्त है। जहां गांव के ग्राम प्रधान ठेम्पा उरांव, पुजार बागा मुंडा, रामफल मुंडा का कहना है कि जंगली हाथी के गांव की जंगल में होने की जानकारी मिलने से गांव में डर वयाप्त है। वहीं इन्होंने विभाग के लोगों से नुकसान का जायजा लेकर उचित मुआवजा दिए जाने और ग्रामीणों को बम पटाखा उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# बुंडू अनुमंडल के आला अधिकारियों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के बीच अफीम की खेती के रोकथाम पर मंथन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** बुंडू प्रखंड कार्यालय के सभागार में आज अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश के नेतृत्व में अफीम फसल पर रोक लगाने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मुखिया, ग्राम प्रधान, जिला परिषद सदस्य तथा वार्ड पार्षद सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में बुंडू अंचलाधिकारी हंस कुमार हेंब्रम तथा बुंडू बीडीओ सावित्री कुमारी सहित बुंडू प्रमुख राजकुमार बिनझिया, जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल्य सहित कई लोग मौजूद थे। इस मौके पर बुंडू एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा ने बताया कि अफीम की खेती पर ग्राम प्रधान मुखिया को रोक लगाने पर यह बैठक आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती करने वाले लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर होगी।इस परेशानी से बचने के लिए लोगों को समझाइए।सरकार का आदेश है किसी भी कीमत पर अफीम फसल बर्दाश्त नहीं होगी। इसे रोकने को लेकर मुखिया ग्राम प्रधान से राय लिया गया। कहा गया कि हर हाल में अफीम फसल को रोक लगाना है। एसडीपीओ ओम प्रकाश ने कहा कि अफीम फसल को विनष्टीकरण कर सेहत को नुकसान से पहुंच रहा है।शारीरिक रूप से बच्चे कमजोर हो रहे हैं घर में कलह हो रहा है लोग नशा कर गलत कार्यों में शामिल हो रहे हैं।अपराध की दुनिया में बच्चों का कदम रख रहे हैं । उन्होंने





अफगानिस्तान का उदाहरण देते हुए कहा कि उस देश में स्थिति बिगड़ चुकी है इसी खेती में लोग लगे हुए हैं कैसे स्थिति है जरा वहां की स्थिति को देखिए। उन्होंने बताया कि सभी का सहयोग किया जाना चाहिए।कानून के तहत NDPS एक्ट में मामला दर्ज होने पर कोई किसी का साथ नहीं देगा। परिवार की स्थिति दयनीय होगी। परिवार तथा बाल बच्चों को समझाइए। अन्य खेती कर रोजगार को बढ़ावा दे। गलत कार्यों में शामिल हो कर कैस को न होने दें। किसी के ऊपर नाम दर्ज प्राथमिकी नहीं कर रहे हैं पहले हमलोग लोगों को समझा रहे हैं। नहीं समझने पर कारवाई करने के लिए बाध्य होंगे। बाहरी लोग इसकी खेती के लिए किसानों को फंडिंग कर रहे हैं जो गलत कार्यों में उलझा कर आपको फंसा रहे हैं। उनलोगों की सूचना दीजिए आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी। लगभग 250एकड़ में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया जा चुका है। और विनष्टिकरण जारी है। उन्होंने कहा कि इस फसल को लगाने पर इस अपराध के लिए सजा आजीवन कारा वास मिलेगी अफीम फसल लगाने वाले को समझाएं। 40लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जो लोग खेती 5हका रहे हैं उसकी जानकारी दें आपका नाम गुप्त रखा जाएगा। डीएसपी ओम प्रकाश ने कहा कि इस विनष्टिकरण में बढ़ चढ़ कर पुलिस को मदद कीजिए उन्होंने महिलाओं से छेड़खानी को लेकर भी सूचना दीजिए आपकी मदद की जाएगी है आप सभी को मदद की जाएगी और उनलोगों को सबक हमलोग सिखाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान दलगोविंद सिंह मुंडा, मिहिर सिंह मुंडा, लागरा मुंडा, दुलाल मुंडा, राजकिशोर मुंडा, तीर्थनाथ मुंडा, रघुनाथ महतो, रघुवर मुंडा, दुर्गा दयाल मुंडा, दिगम्बर मुंडा, मधुसूदन मुंडा, मानकी देवी प्रसाद मुंडा सहित कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे। वहीं मुखियाओं में द्रोपदी देवी, रोशनी लंग, प्रियंका देवी, अंजना सिंह मुंडा, संदीप उरांव, लालमोहन पाहन, नारायण उरांव, सिद्धार्थ मुंडा सहित कई मुखिया मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

# सेविका-सहायिका के रिक्त पदों पर इसी माह अनिवार्य रूप से नियुक्ति सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**- निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लेकर टीबी मुक्त भारत अभियान का बने हिस्सा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाज कल्याण विभाग के योजनाओं की समीक्षा में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं पीएम मातृवंदना योजना में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। वहीं रिक्त पड़े 36 आंगनबाड़ी सेविका एवं 87 सहायिका के पदों को जनवरी माह के अंत तक ग्राम सभा कर नियुक्ति के निर्देश दिए गए। वहीं 0-6 वर्ष और गर्भवती माताओं की मॉनिटरिंग को लेकर पोषण ट्रैकर एप की समीक्षा में शत-प्रतिशत इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं समेत गर्भवती महिलाओं, कुपोषण उपचार केन्द्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, कन्यादान योजना समेत सभी विभागीय योजनाओं में प्रगति कि विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। एनिमिया मुक्त भारत अभियान में पूर्वी सिंहभूम जिला पूरे राज्य में दूसरे स्थान पर है, इस उपलब्धि को और बेहतर करते हुए जिला को एनिमिया मुक्त करने हेतु प्रयास करने का निदेश दिया गया ।
जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग की योजनायें आम नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण तथा उनके जीवन स्तर में बेहतरी को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही है । सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवायें सुदृढ़ हों, सभी स्वास्थ्य केन्द्र/उपकेन्द्र सुविधायुक्त हों इस दिशा में पहल करें। गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीकरण, एचआईवी जांच, ससमय आयरन की गोली उपलब्ध कराने, टी.बी, वीएचएसएनडी कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए ।




कुपोषण उपचार केन्द्रों की समीक्षा में बहरागोड़ा एवं मुसाबनी प्रखंड में कम कुपोषित बच्चे चिन्हित पाये गए। स्पष्ट निर्देश दिया गया कि एम.टी.सी में बेड रिक्त नहीं रहे इसे सभी बीडीओ, एम.ओ.आई.सी एवं सीडीपीओ सुनिश्चित करेंगे। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण में अनुमानित लक्ष्य के विरूद्ध बहरागोड़ा, पटमदा में पंजीकरण कम पाया गया। दोनों प्रखंडों में सर्वे कराते हुए महिलाओं का पंजीकरण कराने तथा चौथे ए.एन.सी जांच का निर्देश दिया गया।
संस्थागत प्रसव में पोटका और मुसाबनी का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम रहा। दोनों प्रखंडों को निजी अस्पतालों से भी डाटा संग्रहित करने का निदेश दिया गया। परिवार नियोजन कार्यक्रम में डुमरिया, मुसाबनी, पोटका में महिला बंध्याकरण उपलब्धि कम पाया गया, इस संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने तथा पुरूष नसबंदी पर भी बल दिया गया। जिले में सिकल सेल एनिमिया के 77958 संभावित मरीज चिन्हित किए गए हैं जिनमें 22 मरीजों की पुष्टि हुई है। लगातार मरीजों का फॉलोअप करते हुए समुचित उपचार उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ।
बैठक में जिले के सभी वर्गों से टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आने की अपील की गई । इस अभियान के तहत टी.बी मरीजों को गोद लेने के लिए निक्षय मित्र की भूमिका निभाने की बात कही गई। इस योजना के तहत, कोई भी व्यक्ति, संस्था या संगठन टीबी के मरीज़ को गोद ले सकते हैं, निक्षय मित्र बनने के बाद मरीज को कम से कम छह महीने से लेकर तीन साल तक उपचार के लिए गोद लिया जा सकता है। इस दौरान, मरीज़ को भोजन, पोषण, और आजीविका से जुड़ी मदद दी जाती है ।
बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपाकंर चौधरी, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, डीआरसीएचओ डॉ रंजीत पांडा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, बीडीओ सह सीडीपीओ घाटशिला, डुमरिया, बहरागोड़ा, मुसाबनी, समेत सभी एमओआईसी, सीडीपीओ, महिला सुपरवाइजर, बीपीएम-स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सोनारी कुम्हार पाड़ा में भाजपा मंडल ने किया कम्बल वितरण



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा सोनारी मंडल में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो की ओर से कपकपाती ठंड को देखते हुए 100 कम्बल का वितरण किया गया। भारतीय जनता पार्टी सोनारी मण्डल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी कुम्हार पाड़ा क्षेत्र में जरूरत मंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया। वही कम्बल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई। उल्लेखनीय हो कि क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच सांसद की ओर से लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडे, मंडल उपाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह यादव, सरिता लाल, राहुल तिवारी, नितेश सिंह ,रासबिहारी प्रसाद, राजीव यादव, काजल मुखर्जी, अभिषेक सिंह, अमर, तापस सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में प्रयोगशाला के लिए हुआ भूमि पूजन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को पटमदा के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय माचा में प्रयोगशाला का सिविल वर्क, वाटर एटीएम व स्वच्छ भारत मिशन के तहत बालिकाओं के लिए शौचालय का भूमि पूजन किया गया। एयर वाटर और मैत्री सामाजिक संगठन के संयुक्त तत्वावधान में सीएसआर फंड से छात्रों के लिए विद्यालय में निर्माण कार्य किया जाएगा। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रियंका झा ने बताया कि अभी तक विद्यालय में जुगाड़ के साथ प्रेक्टिकल कराया जा रहा था लेकिन अब प्रयोगशाला बन जाने पर बच्चियां प्रयोगशाला में अच्छे तरीके से प्रयोग करके सीखेंगी। यह विद्यालय बालिकाओं का एक मात्रा कन्या उच्च विद्यालय है, दो प्रखंड मिला कर साथ ही साथ आदिम जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं जनजाति अनुसूचित जनजाति समाज से छात्रा अति सुदूर इलाकों से पढ़ने आती हैं। स्कूल की बाल संसद की प्रधानमंत्री रुक्मणि महतो के द्वारा नारियल फोड़कर नए प्रयोगशाला का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार, अलका कुमारी, पूनम कुमारी, अजीत सिंह सरदार, मदिपा घोष, माणिक चंद्र सहिस व एसएमसी के सदस्य उपस्थित थे।

## मंत्री दीपक बिरुवा ने बामेंबासा पंचायत में ग्रामीणों के बीच किया कंबल का वितरण



**चाईबासा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बढ़ते ठंड को लेकर राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार व परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा द्वारा गुरुवार को टोंटो प्रखंड अंतर्गत बामेबसा पंचायत में ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वही मंत्री श्री बिरुवा के आगमन पर ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। मंत्री ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी, एवं बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। वही गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की, तथा जल्द ही समस्याओं के समाधान को लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय मुखिया मंगल सिंह कुंटिया,के अलावा देवेन बारी, पंडित बारी, रंजीत गोप, जीतू बारी ,मोहन सिंह बारी, उप मुखिया आश्रिता बारी के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रूगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने असहाय लोगों के बीच बांटे 160 कंबल



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम के निर्देश पर रुगुडीह पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा ने गुरुवार को रुगुडीह पंचायत सचिवालय में पंचायत के विभिन्न गांवों से लगभग 160 बीच असहाय मजदूर और दिव्यांग महिलाओं और पुरुषों को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर मुखिया करम सिंह मुंडा ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विभिन्न टोलों से आए वृद्ध असहाय मजदूर और दिव्यांगों को कंबल वितरित किए गए हैं। राज्य सरकार ठिठुरते ठंड से बचाव के लिए असहाय एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर रही है। इस दौरान मुख्य रूप से मुखिया करम सिंह मुंडा, सचिव अशोक कुमार महतो, रोजगार सेवक परितोष मुर्मू, वार्ड सदस्य दुरेए मुंडा, नंदी सोय, तारामनी मुंडा, सनोका कुमारी, भुवनेश्वर मुंडा, चंद्रमोहन मुंडा, कार्तिक मुंडा, लक्ष्मण उरांव आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने किया जलमीनार का उद्घाटन



**मुसाबनी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुसाबनी प्रखंड के धोबनी पंचायत अंतर्गत डुंगरीडीह माहली टोला आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने नारियल फोड़कर जलमीनार का उद्घाटन किया। 2.35 लाख रुपये की लागत से सोलर चालित जलमीनार का निर्माण पंचायत समिति फंड से किया गया है। जलमीनार के निर्माण से आंगनबाड़ी केंद्र में आनेवाले बच्चों और इस टोले के लोगो के पेयजल समस्या का समाधान हो गया। उद्घाटन के दौरान में धोबनी पंचायत समिति सदस्य छोटराय मुर्मू, वार्ड सदस्य पांच के आरती माझी, वार्ड सदस्य चार के पद्मावती सरदार, लाभुक समिति के अध्यक्ष रामु सरदार, सचिव धनु महाली, अलीन पातर , कांदरा माहली, सुनील सिंह और ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में 76वां गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारी बैठक आयोजित

**- मुख्य कार्यक्रम चक्रधरपुर पोड़ाहाट स्टेडियम में होगा आयोजित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में एसडीएम श्रुति राज लक्ष्मी की अध्यक्षता में 76वां गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर तैयारी बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान विभिन्न कार्यालयों व स्कूल, कॉलेज, बैंक, रेडक्रॉस सोसायटी,समाजिक संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस बार झंडोत्तोलन कार्यक्रम में पूर्व की भांति समय पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, वहीं एसडीएम आवासीय कार्यालय परिसर के समय में 5 मीनट का फेर-बदल कर समय को 8=15 पुर्वाहन रखा गया है। जबकि अमर शहीद महाराजा अर्जुन सिंह, जग्गू दिवान,व भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर तय समय पर झंडोत्तोलन किया जायेगा। जबकि मुख्य कार्यक्रम पोड़ाहाट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जहां विभिन्न स्कूलों, कॉलेजो के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। स्कूल बैंड पार्टी व



एनसीसी कैडेट्स परेड़ की प्रस्तुति देंगे। वही विभिन्न थीमों पर सरकारी कार्यालयों के द्वारा झांकियां निकाली जायेगी। नागरिक व प्रशासन एकादश के बीच स्थानीय मधुसूदन महतो उच्च विद्यालय के प्रांगण में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। बैठक में बीडीओ कांचन मुखर्जी,सीओ सुरेश कुमार सिन्हा,कार्यपालक पदाधिकारी राहुल यादव,थाना प्रभारी राजीव रंजन, एसडीओ ददन राम,मनसा महतो, परमानंद झा, शीन अनवर, प्रवीर प्रमाणिक, कृष्णा मोहन प्रसाद व अन्य लोग मौजूद रहे।

## कुचाई में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति की बैठक में फलदार वृक्ष लगाने का निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के बड़ा बांडी गांव में सुनिल कुमार सोय की अध्यक्षता में बुधवार को गांधी चबुतरा में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति का बैठक किया गया. बैठक में तथा भरत सिंह मुंडा उपस्थित थे. बैठक में सामुदायिक वन पालन संस्थान रांची के सोहन लाल कुम्हार ने वनाश्रितों को बताया कि झारखण्ड सरकार ने ग्राम सभा, बड़ा बांडी को वनाधिकार कानून 2006, नियम 2012 के तहद वनाधिकार प्रमाण- पत्र प्रदान की है. इसके आलोक में सामुदायिक वन संसाधनों का संरक्षण, सम्बर्धन, पुनुरुज्जीवित और प्रबंधन तथा



उपयोग करना है. जिस वन भूमि पर वनो की घनत्व कम हो गया है या टांड़ हो गया है,वैसे वन भूमियों पर फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण करना है. बैठक में धरती आबाः जनजातिय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के तहत गांव में 1000 पौधारोपण करने का प्रस्ताव पारित किया गया. इस दौरान भरत सिंह मुंडा समेत गांव के कई लोग मौजूद रहे.

## समाहरणालय में उपायुक्त समेत पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दिवंगत सुधांशु को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दिवंगत सुधांशु शेखर दास, अनुसेवी, जिला गोपनीय शाखा का असमय देहावसान पर समाहरणालय में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, एसडीएम धालभूम समेत अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने समाहरणालय में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

## ईचागढ़ में जिला मत्स्य विभाग द्वारा कार्यशाला सह संगोष्ठी आयोजित, नौका विहार शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बाकलतोड़िया में गुरुवार को जिला मत्स्य विभाग द्वारा कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं नौका विहार का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में सरायकेला खरसावां जिला के विभिन्न प्रखंडों से कृषक पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ईचागढ़ विधायक सविता महतो शामिल हुई। कार्यशाला सह संगोष्ठी का विधायक सविता महतो ,मत्स्य निदेशक व एडीसी जयवर्धन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया । इस दौरान किसानों को मछली पालन,मछली पालन से स्वरोजगार,ऋष्टा उपलब्ध एवं मत्स्य पालन के बारे में



जानकारी दिया गया। मत्स्य जीवियों के बीच नाव, पिकप वैन व अनुदान राशि आदि परिसम्पतियों का वितरण किया गया। विधायक सविता महतो एवं अतिथियों ने वोटिंग कर नौका विहार का शुभारंभ किया गया। विधायक सविता महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मछली पालन से स्वरोजगार से किसान लाभान्वित हो सकते हैं। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अभय यादव, कृष्णा किशोर महतो, पशुपति बागची, अर्जुन सिंह मुण्डा,समर भुईयां, श्रीकांत महतो सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## ज्योति कलश यात्रा पहुंची ईचागढ़



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में आज ज्योति कलश यात्रा का काफिला पहुंचा। आदारडीह चौक में गायत्री यज्ञ किया गया। वहीं मिलन चौक श्रीराम मंदिर प्रांगण में दीप यज्ञ किया गया। श्रद्धालुओं ने कलश रथ का आरती उतारी। वहीं पुजारी सुषमा पात्र ने बताया कि गुरूदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के द्वारा स्थापित अखंड ज्योति का भ्रमण पुरे भारत वर्ष में किया जा रहा है, जो आज ईचागढ़ क्षेत्र में लोगों में संदेश दिया जा रहा है। मौके पर दिवाकर गोप, अनिल चन्द्र महतो, कमला कांत महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति योजना को कांग्रेस नेता मिले कार्यपालक अभियंता से, सौंपा ज्ञापन

# 25 मार्च तक बागबेड़ा इलाकों में सुचारू रूप से मिलने लगेगा पानी : सुनील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बागबेड़ा ग्रामीण वृहत जलापूर्ति योजना के कार्य के धीमी गति से होने को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जमशेदपुर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार के कार्यालय पहुंचा। जहां जिला अध्यक्ष ने कार्यपालक अभियंता के नाम से एक पत्र सौपा। वही कार्यपालक अभियंता ने कहा कि 25 मार्च तक बागबेड़ा ग्रामीण वृहत जलापूर्ति योजना के तहत बागबेड़ा किताडीह हरहरगुट्टू,



करनडीह, खासमहल आदि क्षेत्रों में जल मिलने लगेगा। वही कार्यपालक अभियंता ने जिला अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि विभाग के पास किसी भी प्रकार का पैसे का कोई कमी नहीं है। योजना को पूर्ण करने के लिए हर स्थिति में हम लोग तत्पर हैं। कार्यपालक अभियंता ने आगे बताया कि सपडा में इंटकवेल का कार्य पूरा हो गया है। ट्रांसफार्मर लगाकर सर्वप्रथम मोटर को चालू करने का प्रक्रिया चल रहा है, रॉ वॉटर लाने का कार्य को द्रुत गति से पूरा करने के लिए विभाग के अभियंता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और संवेदक को हर हाल में समय रहते कार्य करने के लिए कहा गया है। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, प्रदेश महामंत्री अजय सिंह, प्रदेश सचिव देबू चटर्जी, सामान्य कुमार सुरेश धारी, जिला के उपाध्यक्ष विजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद,अतुल गुप्ता, महामंत्री राजा ओझा, प्रमोद मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, मंडल अध्यक्ष राज नारायण यादव, मण्डल अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा, रणजीत सिंह, सनी सिंह, निखिल कुमार, केडी मुंडा कृष्णा, रामचंद्र टुडू, ओमप्रकाश, रंजन कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए।

## श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कृष्ण रासलीला प्रसंग का वर्णन



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विजया गार्डन बारीडीह में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथावक्ता पंडित पवन कृष्ण महाराज जी ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम रासलीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया, उसे ही परास्त होना पड़ा है। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास जी ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। कथा के दौरान व्यास जी ने ने भजन प्रस्तुत किए।

## निदेशक चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार के द्वारा किया गया स्थल भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखण्ड के कुईयानी पंचायत के ग्राम बाघरा में डॉ मान सिंह, निदेशक, चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार के द्वारा स्थल भ्रमण किया गया।आत्मा के द्वारा उक्त ग्राम में किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर सरसों बीज का वितरण खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कृषोन्नति योजना के तहत किया गया था जिसका भौतिक निरीक्षण हेतु डॉ मान सिंह ने आज दौरा किये। उनके साथ तकनीकी सहायक सुरज सिंह भी थे। ग्राम बाघरा में 81 किसानों के द्वारा सरसों की खेती की गई है जिसमें 20 हेक्टर प्रक्षेत्र को कलस्टर के रूप में प्रत्यक्षण हेतु चिन्हित किया गया है। पहाड़पुर पंचायत के ही ग्राम कोईय के किसान दलगोविन्द सिंह को 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र ट्रेक्टर चालित रोटावेटर उपलब्ध कराया गया है जिनसे अधिकारी द्वारा योजना एवं अनुदान आदि के बारे में पूछा गया। किसान को अनुदान पर रोटावेटर मिलने से प्रसन्नता जाहिर की गई।



भ्रमण के क्रम में बोंटा पंचायत के बोंटा गाँव में किसानों से योजना की जानकारी ली गई। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कृषोन्नति योजना के तहत किसानों ने सरसों की खेती की है। भ्रमण के दौरान डॉ मान सिंह के साथ तकनीकी सहायक सुरज सिंह, उप परियोजना निदेशक गीता कुमारी, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक पोटका बृजेश कुमार, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक घाटशिला कौशल कुमार झा, प्रभारी प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक सुशी कुमार महतो, सहायक तकनीकी प्रबंधक चैताली दत्ता, धमेन्द्रनाथ महतो समेत लाभुक किसान उपस्थित हुए।

## एसडीपी रक्तदान करने वाले जमशेदपुर के सबसे पहला युवा बने 19 वर्षीय लिशांत साहू

**● जीवनदायी बन जन्मदिन को बनाया यादगार**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** यूं तो जमशेदपुर शहर की पहचान पूरे भारत में रक्तदाताओं का शहर के रूप में हैं। आज इसी बात को फिर से साबित किया टीम पीएसएफ के सबसे युवा रक्तवीर एवं स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरित लिशांत साहू ने। अपने 18 वर्ष की दहलीज को पार करते ही माता-पिता को अपना आदर्श मान सबसे पहले 18 वर्ष 9 महीने 25 वें दिन पहला स्वैच्छिक रक्तदान अपने कॉलेज अमेटी रायपुर छत्तीसगढ़ में।



फिर अपने जन्मदिन पर यानी एकदम 19 वें वर्ष के दिन पर ही गुरुवार को पहला एसडीपी रक्तदान कर सबसे युवा एसडीपी रक्तदान करने का खिताब अपने नाम करते हुए युवाओं के लिए मानवता का एक पैगाम दे दिया। रक्तदान करते वक्त पिता किशोर साहू एवं माता माया साहू बेटे का हौसला बढ़ाने एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी, चिकित्सक डॉक्टर लव बहादुर सिंह, डॉक्टर रीता सिंह, तकनीशियन मोहन मंडल, अभिषेक धर, शुभोजीत मजूमदार, टीम पीएसएफ के निर्देशक अरिजीत सरकार, कुमारेश हाजरा, रवि शंकर व शुभेंदु मुखर्जी उपस्थित रहे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## निशाने पर मुजीब

**बांग्लादेश** में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके, लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा। दरअसल, यह सिर्फ सत्ता के केंद्र में आए व्यक्तियों की बयानबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि बांग्लादेश में मुजीब के चित्र वाले नोटों को भी चरणबद्ध तरीके से बंद करने की कुत्सित कोशिशें की जा रही हैं। निश्चित रूप से गलत दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि तमाम निर्णय कहीं न कहीं राजनीतिक दुराग्रहों से प्रेरित हैं। इसके बावजूद कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार खुद को बार-बार अराजनीतिक कहने से नहीं चूकती। यहां उल्लेखनीय है कि जियाउर रहमान की विधवा और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, फिलहाल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की प्रमुख हैं। जिसके साथ कार्यवाहक सरकार के मधुर रिश्ते हैं। वहीं सत्ता हासिल करने को बेताब बीएनपी चुनाव में हो रही देरी से भी बेचैन हो रही है। दरअसल, सरकार पर उन छात्र नेताओं का भी बड़ा दबाव है, जिन्होंने शेख हसीना के खिलाफ हुए आंदोलन का नेतृत्व किया था।

> वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके, लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी।

घात प्रतिघात की नीतियों में या कुटिल चालों में ऐसे उलझे कि रेल की सीटी की आवाज भी हमें सुनाई नहीं दी

## जिंदगी निकट से होकर चली गई...

डॉ राकेश कुमार आर्य

> युधिष्ठिर परिव्राजक जी इस विषय में अपने प्रवचनों में कहते हैं कि जैसे कोई व्यक्ति रेलवे स्टेशन पर जाता है और वहाँ जाकर उसे पता चलता है कि गाड़ी के आने में अभी बहुत समय है तो वह ताश खेलने लगता है, टीवी देखने लगता है या किसी और दूसरे मनोरंजन में अपने आपको लगा लेता है। उससे पूछा जाए कि क्या कर रहे हो? तो वह कहता है कि टाइम पास कर रहा हूँ। बस, यही स्थिति हम सब की हो गई है। हम सब मोक्ष प्राप्ति के जिस उद्देश्य को लेकर यहाँ आए थे, उससे अलग हटकर सांसारिक विषय वासना, ऐश्वर्यों और भोगों में अपने आप को लगाकर टाइम पास कर रहे हैं।

**हम** संसारीजन जब परस्पर एक दूसरे से कुशल क्षेम पूछते हैं तो अक्सर कुशल क्षेम बताने वाला व्यक्ति यह कहता हुआ पाया जाता है कि 'बस कर रहे हैं टाइम पास।' युधिष्ठिर परिव्राजक जी इस विषय में अपने प्रवचनों में कहते हैं कि जैसे कोई व्यक्ति रेलवे स्टेशन पर जाता है और वहाँ जाकर उसे पता चलता है कि गाड़ी के आने में अभी बहुत समय है तो वह ताश खेलने लगता है, टीवी देखने लगता है या किसी और दूसरे मनोरंजन में अपने आपको लगा लेता है। उससे पूछा जाए कि क्या कर रहे हो? तो वह कहता है कि टाइम पास कर रहा हूँ। बस, यही स्थिति हम सब की हो गई है। हम सब मोक्ष प्राप्ति के जिस उद्देश्य को लेकर यहाँ आए थे, उससे अलग हटकर सांसारिक विषय वासना, ऐश्वर्यों और भोगों में अपने आप को लगाकर टाइम पास कर रहे हैं। समझ लो कि जैसे स्टेशन पर बैठे व्यक्ति के पास रेल में बैठने का टिकट होता है वैसे ही यह मानव रूपी चोला ईश्वर ने हमें मोक्ष की गाड़ी में बैठने का टिकट देकर भेजा है। पर हम भी ताश खेलने में लग गए। मैं वकील हूँ, मैं प्रोफेसर हूँ, मैं पत्रकार हूँ, मैं नेता हूँ, मैं विधायक हूँ, मंत्री हूँ- ये सारे के सारे ताश के पत्ते हैं, जिनमें हम उलझ कर रह गए। हम इन पत्तों को चलते फेंटते रह गए और रेल आकर हमारे पास से चली गई। हम एक दूसरे को नीचा दिखाने की घात प्रतिघात की नीतियों में या कुटिल चालों में ऐसे उलझे कि रेल की सीटी की आवाज भी हमें सुनाई नहीं दी। हम टाइम पास करते रह गए और टाइम हमारे बहुत निकट से होकर निकल गया। हमने इस संसार में आने के बाद डॉक्टर, वकील, प्रोफ़ेसर, उद्योगपति या ऐसे ही अन्य खिलौनों को प्राप्त कर यह समझ लिया कि शायद हम जीवन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर चुके हैं, जबकि यह तो मात्र टाइमपास का साधन था। हमने साधन को साध्य समझ लिया। इन सबको प्राप्त करके हमें इनके बीच रहकर बड़े लक्ष्य को प्राप्त करना था, पर उस वाली बात हो गई कि-

**हम फूल चुनने आए थे बागे हयात में।**
**दामन को खारजार में उलझा के रह गए।।**

आत्मा की इच्छा थी कि मानव योनि को पाकर ईश्वर का सानिध्य, सामीप्य मिलेगा, उसकी आराधना और उपासना का समय मिलेगा और उसकी आराधना- उपासना का आनंद अनुभव कर सकूँगी। पर मानव ने यहाँ आते ही दूसरी दुकानों पर जाकर ऐसे ऐसे सौदे खरीदने आरंभ कर दिए जिनका आत्मा से



दूर का भी संबंध नहीं था। उन्होंने मेवों को खाने वाली अर्थात आत्मानंद के योगरूपी भोग से अपने आपको जोड़कर चलने वाली आत्मा को कूड़ा कबाड़ खिलाना आरंभ कर दिया। सारी कुछ फजीहत हो गई। शंकराचार्य जी से जब पूछा गया कि ₹मुमुक्षुत्वम किम ?₹ उन्होंने कहा- ₹मोक्षो मे भूयादितीच्छा₹- अर्थात मेरा मोक्ष हो, ऐसी इच्छा का होना मुमुक्षुत्व है। स्वामी दयानंद जी सरस्वती ने इसकी व्याख्या यह की है जैसे क्षुधा-तृषातुर को सिवाय अन्न जल के दूसरा कुछ भी अच्छा नहीं लगता, वैसे बिना मुक्ति के साधन और मुक्ति से अन्य दूसरे में प्रीति न होना मुमुक्षुत्व है। उत्कट अभिलाषा का होना कि सब प्रकार के दुखों से मुझे मुक्ति मिल जाए और परमानंद प्राप्त हो। साधक जब इस अवस्था को प्राप्त हो जाता है तो उसे परोपकार और परमार्थ के अतिरिक्त अन्य कोई दूसरा रास्ता अपने आपको साधकर और संभाल कर चलने के लिए दिखाई नहीं देता। ऐसी अवस्था को प्राप्त साधक जगतहित और प्राणिमात्र के कल्याण में लगा रहता है। उनसे प्राप्त आनंद को जब प्रभु की गोद में बैठकर अर्थात संध्या उपासना में जाकर उसे सौंपता है तो उसका यह आनंद और भी अधिक बढ़ जाता है। ऐसे साधक को यदि भूख लगती है तो वह भी परमार्थ, परोपकार और परमानंद की लगती है और यदि प्यास लगती है तो वह भी परमार्थ, परोपकार और परमानंद की लगती है। सारा कुछ इन्हीं तीनों शब्दों में सिमट कर रह जाता है। तब उसे संसार के ऐश्वर्य और ऐषणाएँ अपनी ओर आकर्षित नहीं करतीं। संसार के लफड़ों झगड़ों में पड़े उन लोगों के बीच जाकर वह अपने आप को असहज अनुभव करता है जिन लोगों की चेतना घुटनों में निवास करती हो। क्योंकि ऐसे लोग संसार के लफड़े और झगड़ों में ही सुख की अनुभूति करते हैं। उनके बीच बैठकर उसे लगता है कि जैसे उसने अपना समय नष्ट कर दिया है। वह टाइम पास करने वाला नहीं होता बल्कि वह टाइम का सदुपयोग करने वाला होता है। उसके लिए एक एक पल कीमती होता है।

ऐसे साधक की वियोग की तड़प बढ़ने लगती है। तब वह कहता है :-

**मैं प्यासी हैं पीव की रटत सदा पिव पीव।**
**पिया मिले तो जीवहाँ सहजै त्यागो जीव ।।**

महर्षि दयानंद ने ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका के उपासना विषय में यजुर्वेद के 11 वें अध्याय के पहले मंत्र का अर्थ करते हुए लिखा है कि- "योग को करने वाला मनुष्य तत्वज्ञान अर्थात ब्रह्म ज्ञान के पहले जब अपने मन को परमेश्वर में युक्त करते हैं तब परमेश्वर उनकी बुद्धि को अपनी कृपा से अपने में युक्त कर लेता है। फिर वह परमेश्वर के प्रकाश को निश्चय करके यथावत धारण करते हैं। पृथ्वी के बीच में योगी का यही प्रसिद्ध लक्षण है।" यजुर्वेद के इसी अध्याय के तीसरे मंत्र की व्याख्या में महर्षि दयानंद ने लिखा है कि₹ वही अंतर्यामी परमात्मा अपनी कृपा से उनको अर्थात साधकों को युक्त करके उनके अंतरात्मा में प्रकाश ब्रह्म ज्योति को प्रकट करता है। कितना पवित्र है मेरा वेद? कितना महान्‌ है मेरा भारत? जिसकी वेदों की ऋचाएँ मनुष्य को महान्‌ बनने की प्रेरणा देती हैं। उसके जीवन को सुव्यवस्थित करती हैं। सच्ची धर्मनिरपेक्ष शिक्षा यदि कहीं से मिल सकती है तो निश्चित रूप से वह वेदों से ही मिल सकती है। संसार के झगड़ों से बचाकर और संसार में रहकर इस प्रकार की मानसिकता से ऊपर उठाने की शिक्षा केवल वेद की ऋचाएँ ही दे सकती हैं कि यहाँ पर काफिरों को खत्म कर दो और जो आपकी बात को नहीं मानते हैं उनके सर कलम कर दो आदि आदि। वेद का एक-एक शब्द इसके विपरीत अपने साधक को यही कहता है कि इस संसार में ऐसा कुछ भी मत करना जो उपद्रव, उत्पात और उग्रवाद को प्रोत्साहित करे या बढ़ावा दे। क्योंकि यदि इन सारे झगड़ों में अपने जीवन को नष्ट किया तो अनर्थ हो जाएगा। ईश्वर से की गई प्रतिज्ञा का उल्लंघन हो जाएगा। इसलिए वेद कहता है कि यहाँ आकर टाइम पास मत करो, खिलौनों में मत उलझो। ताश मत खेलो। ऐसा ना हो कि तुम ताश खेलते रह जाओ और मोक्ष रूपी गाड़ी आकर चली जाए। प्रमाद रूपी नींद के झटके मत लो बल्कि समय का सदुपयोग करते हुए ईश्वर के निकट जाने की साधना में लगो। इसके लिए जितने भी जन्म लेने पड़ें उतने लेते रहो पर तैयारी करो मोक्ष की। जिससे आवागमन के दुखपूर्ण चक्र से छुटकारा मिल सके।

दृष्टि कोण

## आर्थिक मंदी की आहट कीजिए महसूस

**लगता** है भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी गति से नीचे की ओर जा रही है– 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने के पिछले अनुमान की बनिस्बत अब इसे 6.4 प्रतिशत बताया जा रहा है। बहुत से वैश्विक विश्लेषकों का कहना है कि अगले वित्तीय वर्ष में भी रफ्तार यही बनी रहने की उम्मीद है। स्पष्ट है हमारी अर्थव्यवस्था स्पष्ट रूप से शिथिलता की ओर जा रही है। यद्यपि धीमी चाल पर भी, भारतीय अर्थव्यवस्था की गति अधिकांश अन्य बड़े देशों की तुलना में अधिक रहेगी। तभी तो, इस मंदी से नेतृत्व को इतनी चिंता नहीं हो रही है क्योंकि यह अभी भी स्थायित्व वाले स्तर पर बनी रहेगी। लेकिन मंदी का कारण और उसका उपाय खोजना महत्वपूर्ण है क्योंकि लोगों का एक बड़ा वर्ग अभी भी बहुत गरीब है। इससे भी खराब यह कि अमीर-गरीब की आय में बहुत अंतर है, केवल एक छोटा वर्ग ही देश की उच्च अर्थव्यवस्था के फल का लाभ उठा रहा है। वर्ष 2022-23 में, भारत की सकल राष्ट्रीय आय का 22.6 प्रतिशत अंश आबादी के शीर्ष एक फीसदी अमीरों के हाथ गया। इसके अलावा, ग्रामीण-शहरी अंतर भी है। ग्रामीण भारत में जरूरत की चीज़ों पर खर्च प्रति व्यक्ति 3,773 रुपये था, जबकि शहरी भारत में यह 6,459 रुपये रहा। इस प्रकार, अर्थव्यवस्था में शहरी उपभोग का ही अधिक महत्व है। मंदी का मुख्य कारण अपर्याप्त क्रय-शक्ति है। शहरी मध्यम वर्ग पर यह कारक विशेष रूप से लागू है, जो कि समग्र मांग का मुख्य प्रेरक है। इसके परिणामस्वरूप उपभोग आधारित उत्पादक कारोबार में सुस्ती आएगी। ये पूरे वेग से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। लिहाजा, कंपनियां कम कर्मचारियों को काम पर रखेंगी। इससे मांग में आगे कमी बनेगी और सकल उपभोग में मंदी बढ़ेगी। ग्रामीण भारत में, स्थिति और भी बदतर है। आजीविका चलाने के लिए, पुरुषों की कमाई अपर्याप्त होने के चलते गांवों के परिवारों की महिलाओं को काम करना पड़ता है। लेकिन, वास्तव में, यह महिलाएं किसी कंपनी या कारखाने में नहीं, बल्कि खेतों में काम कर रही हैं। इसलिए, एक फैक्टरी मजदूर जितनी आय भी उनकी नहीं है। उच्च विकास दर दो ताकतों- विनिर्माण और सेवाओं के बढ़ने से बनती है। लेकिन जैसा कि पहले बताया गया है, अब तक मजबूत रहे विनिर्माण क्षेत्र में भी मंदी जारी है। अगर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं खेतों में काम की बजाय कारखानों में जातीं, तो व्यापक आधार पर विकास होता। उद्योगों एवं सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में बहुत अधिक पूंजी निवेश होने से ही उच्च विकास दर संभव हुई थी, इसमें भी, आधारभूत ढांचे में यह वृद्धि अधिक सार्वजनिक निवेश के माध्यम से संभव हुई थी। बेहतर सड़कें, बिजली और रेलवे तंत्र ने उद्योग जगत को आशावादी महसूस करवाया और अधिक विकास हुआ। इससे कार, ट्रक और दोपहिया वाहनों के बाजार में काफी उछाल आया। इसके परिणाम में मध्यम वर्ग के उपभोग व्यय में इजाफा हुआ, खासकर शहरी क्षेत्रों में। किंतु आज यह कारखाने, जो कि ज्यादातर तेजी से बिकने वाले उपभोग के सामान का उत्पादन करते हैं, सुस्त हो रहे हैं। इसलिए, जिस सपने का हम इंतजार कर रहे थे- ग्रामीण क्षेत्रों की अधिक महिलाओं का शहरी क्षेत्रों में कंपनी-कारखानों में अधिक नौकरियां करना- वह फीका पड़ चल रहा है। अब, सेवा क्षेत्र पर नज़र डालते हैं, जो उच्च विकास की अवधि के दौरान अत्यधिक मजबूत बनती चली गयी थी। मजबूत खपत ने कारों, दोपहिया वाहनों, टीवी सेट आदि को ठीक करने वालों के लिए अधिक रोजगार का सृजन किया। जैसे-जैसे विनिर्माण में कमी आएगी, सेवा क्षेत्र की उच्च विकास दर में भी मंदी आने की संभावना है। अब बात करने को बचा हमारा निर्यात सेवा क्षेत्र, जो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के कौशल का पर्याय है, और अब यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित करते हुए और ऊपरी स्तर छू रहा है। लेकिन यहां भी, एक नकारात्मक प्रभाव आड़े आ रहा है– विदेशी ग्राहक कंपनियां अब आसपास के लोगों से काम लेने को तरजीह देने लगी हैं। विकसित अर्थव्यवस्थाएं आव्रजन के मामले में सख्त होती जा रही हैं, अग्रणी भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए निकटवर्ती क्षेत्र में काम तलाशे जाने की ज़रूरत बढ़ेगी।

कुछ अलग

## चुनौतियां बेशुमार

**यूं** तो नया या पुराना साल एक समय चक्र मात्र है और देश के सामने समस्याएं व चुनौतियां हर दौर में रही हैं। लेकिन हम समय की एक इकाई में अपनी समस्याओं को दूर करने के लक्ष्य निर्धारित कर निराकरण का प्रयास करते हैं। कमोबेश वर्ष 2025 को लेकर भी यही स्थिति रहने वाली हैं। हालांकि महंगाई, बेरोजगारी तथा गरीबी सर्वकालिक व सर्वदेशीय समस्याएं रही हैं, फर्क है तो यही कि सत्ताधीश इन चुनौतियों का मुकाबला कैसे करते हैं। जैसे-जैसे बीता साल पूर्णता की ओर बढ़ रहा था, देश को लेकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कुछ सकारात्मक तो कुछ चिंता बढ़ाने वाली खबरें वातावरण में तैर रही थीं। हालांकि, बांग्लादेश का राजनीतिक घटनाक्रम व अल्पसंख्यकों पर ज्यादती की खबरें विचलित करने वाली थी। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बांग्लादेश में जिस सत्ताधीश के विरोध में सत्ता पलट हुआ, उस सत्ता की सूत्रधार को भारत ने शरण दी। दरअसल, भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में तार्किक के बजाय भावनात्मक मुद्दे राजनीतिक विमर्श पर हावी रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि दशकों से जारी एलएसी विवाद सिमटता नजर आया। जिससे चीन से बिगड़े रिश्ते पटरी पर आने की उम्मीद जगी। जिसके मूल में अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम भी है, लेकिन सुखद है कि एशिया की बड़ी महाशक्ति से संबंधों में सुधार आया। बाकी इस माह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद भारत की विदेश नीति दशा-दिशा तय करती नजर आएगी। जहां तक देश के घरेलू मोर्चे का सवाल है तो आर्थिक सुस्ती सत्ताधीशों की चिंताओं का विषय होनी चाहिए। वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 5.4 फीसदी रहना चिंता का सबब बनी, क्योंकि यह विकास दर पिछली सात तिमाहियों के सबसे निचले स्तर पर है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बीता वर्ष आम चुनावों व कई बड़े राज्यों में चुनाव का साल था, जिसमें भारी मात्रा में अनुत्पादक सरकारी खर्च हुआ है। जो कहीं न कहीं देश की विकास दर को प्रभावित करता है। बहरहाल, इसके बावजूद केंद्र सरकार विकास दर व मंदी की आहट को लेकर चिंतित नजर नहीं आती तो उसकी वजह है कि भारत की यह विकास दर भी दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से अधिक है। आर्थिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि वर्ष 2024-25 की तीसरी व चौथी तिमाही में विकास दर के तेज रहने के आसार हैं। जैसा कि केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि आगामी वित्तीय वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर 6.6 फीसदी रहेगी। जिसके आधार पर विभिन्न रेटिंग एजेंसियां व आईएमएफ अनुमान लगा रहा है कि इस साल भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। लेकिन यह विचारणीय प्रश्न यह है कि कुलांचें भरते शेयर बाजार और बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करते देश में एक आम आदमी के जीवन में धनात्मक वृद्धि नजर क्यों नहीं आ रही है? सवाल यह भी है कि यदि देश की अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के दावे किए जा रहे हैं तो क्या देश में गरीबी, कुपोषण, असमानता की समस्या खत्म हो रही है? क्या स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार हो रहा है? आखिर क्यों राजनीतिक लाभ-हानि के गणित से परे संवेदनशील ढंग से बेरोजगारी की समस्या के समाधान के गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते? जब हम यह कहते नहीं थकते कि देश दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश है तो क्या हम इन युवा हाथों को उनकी योग्यता व क्षमता के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध करा पा रहे हैं? आखिर क्यों देश में युवाओं का तेजी से पलायन हो रहा है? क्यों वे छोटी-मोटी नौकरियों के लिये विदेश जाने की होड़ में लगे हैं? क्यों अपनी योग्यता से कम की नौकरी करने को मजबूर हैं।

देश दुनीया से

## स्लम बस्तियों को भी विकास की प्रक्रिया से जोड़ने की ज़रूरत

**पिछले** एक दशक से चली आ रही स्वच्छ भारत अभियान योजना के बहुत सफल परिणाम सामने आने लगे हैं। सितंबर 2024 तक, भारत भर में 5 ।87 लाख से अधिक गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल कर लिया है, जिसमें 3 ।92 लाख से अधिक गांव ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लागू कर रहे हैं और 4 ।95 लाख से अधिक गांव तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली स्थापित कर रहे हैं। वहीं अगर शहरी क्षेत्रों की बात करें तो इसी अवधि तक, 63 लाख से अधिक घरेलू शौचालयों और 6 ।3 लाख से अधिक सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण हुआ है। व्यापक सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से, स्वच्छता को भारत के शहरी विकास एजेंडे में सबसे आगे ला दिया है, जिससे शहर स्वच्छ और स्वस्थ बन गए हैं। लेकिन इन्हीं कुछ शहरों में आबाद स्लम बस्ती इस अभियान में कहीं पीछे छूटते नज़र आ रहे हैं। ऐसी ही एक स्लम बस्ती राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित बाबा रामदेव नगर है। जहां के निवासियों को आज भी बुनियादी सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां रहने वाले 37 वर्षीय राजेश बताते हैं कि बस्ती में नाली निकासी की कोई सुविधा नहीं है। घरों से निकला गंदा पानी बस्ती के मुख्य मार्ग पर बहता रहता है। जिसमें मक्खी और मच्छर पलते रहते हैं। साफ़-सफाई का यहां कोई इंतज़ाम नहीं है। वह बताते हैं कि दो वर्ष पूर्व जब जयपुर में मूसलाधार बारिश हुई थी तो नाली निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों के घरों में नाली का पानी बह रहा था। आना जाना सब कुछ ठप हो गया था। बस्ती में बीमारियां फ़ैल गई थी। कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने लोगों को खाना बांटा था, लेकिन वह भी बस्ती के बाहर से चले जाते थे।



लोगों को खाने का पैकेट लेने के लिए उसी गंदे पानी से होकर गुज़रना पड़ रहा था। राजेश का कहना है कि सात साल पहले वह अच्छे रोज़गार की तलाश में राजसमंद से जयपुर इस बस्ती में आया था। लेकिन आधे से ज़्यादा कमाई बच्चों की दवाओं पर ही खर्च हो जाता है। वहीं एक अन्य निवासी 65 वर्षीय हंसराज वाल्मीकि बताते हैं कि बाबा रामदेव स्लम बस्ती 20 से अधिक सालों से आबाद है। पहले यह शहर का बाहरी छोर हुआ करता था। लेकिन बढ़ती आबादी के कारण अब यह शहर के अंदर ही कहलाता है। वह बताते हैं कि इन दो दशकों में बस्ती के आसपास कई कॉलोनियां आबाद हो गई। जिनमें बड़ी बड़ी इमारतें बन गई है। जो हर सुविधाओं से लैस है लेकिन इन दशकों में बाबा रामदेव बस्ती विकास की दौड़ में काफी पीछे रह गया है। यहां आज भी लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए भी रोज़ संघर्ष करनी पड़ती है। न तो पीने का साफ़ पानी उपलब्ध है और न ही नाली निकासी है। जिससे लोगों को गंदगियों के बीच ही जीवन यापन करना पड़ता है। हंसराज की पत्नी जशोदा बताती हैं कि कुछ वर्ष पूर्व तक बस्ती में महिलाओं के लिए शौचालय की सुविधा भी नहीं थी। लेकिन कुछ समाजसेवियों के प्रयास से बस्ती के बाहर एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण हुआ है। लेकिन उसमें पानी की सुविधा नहीं है। जिससे अक्सर वह शौचालय गंदा रहता है। इसके कारण महिलाएं उस सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करने की जगह सुबह सवेरे बस्ती से कुछ दूर खुले में शौच को मजबूर हैं। जशोदा कहती हैं कि इस बस्ती की महिलाओं का जीवन बहुत कष्टदायक है। सबसे अधिक समस्या गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय होती है। जब किसी प्रकार का आवासीय प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण सरकारी अस्पताल वाले उनका इलाज करने से मना कर देते हैं। उनके पास इतना पैसा नहीं है कि वह निजी अस्पताल जाएं, इसलिए अप्रशिक्षित दाइयों के माध्यम से उनका प्रसव कराया जाता है। न्यू आतिश मार्केट मेट्रो स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित करीब 500 लोगों की आबादी वाले इस बस्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से जुड़े समुदायों की बहुलता है। जिसमें लोहार, जोगी, कालबेलिया, मिरासी, रद्दी का काम करने वाले, फ़कीर, ढोल बजाने और दिहाड़ी मज़दूरी करने वालों की संख्या अधिक है। यहां रहने वाले सभी परिवार बेहतर रोज़गार की तलाश में करीब 20 से 12 वर्ष पहले राजस्थान के विभिन्न दूर दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रवास करके आये हैं। इनमें से कुछ परिवार स्थाई रूप से यहां आबाद हो गया है तो कुछ मौसम के अनुरूप पलायन करता रहता है। यहां शिक्षा के साथ साथ पीने का साफ पानी सहित कई बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। इसका सबसे अधिक प्रभाव किशोरियों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर होता है। बस्ती की अधिकतर किशोरियां कुपोषण से ग्रसित हैं। वहीं आर्थिक समस्या उनके समग्र विकास में बाधा बन रही है। इस बस्ती में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी पूनम कहती है कि यहां 16 वर्ष की आयु तक लड़कियों की शादी हो जाना आम बात है। पौष्टिक आहार के अभाव में लगभग सभी किशोरियों में खून की कमी है। जिससे उनका शारीरिक विकास प्रभावित होता है। हालांकि बस्ती के बाहर संचालित आंगनबाड़ी सेंटर की दीदी समय समय पर यहां की किशोरियों से मिलकर उन्हें आयरन की गोलियां देती रहती हैं। इसके अतिरिक्त कुछ एनजीओ की दीदी भी बस्ती की किशोरियों के बीच सेनेटरी नैपकिन वितरित करती हैं और माहवारी के दौरान उन्हें साफ़ सफाई के बारे में बताती रहती हैं। वहीं 46 वर्षीय भागचंद बताते हैं कि चार साल पहले वह रोज़गार के सिलसिले में परिवार के साथ टोंक से जयपुर के इस बस्ती में रहने आये थे। वर्तमान में वह ई-रिक्शा चलाकर परिवार का गुज़ारा करते हैं। वह बताते हैं कि बस्ती में साफ़ सफाई का अभाव है। लोग खुले में घर का कचरा फेंक देते हैं। इसके अतिरिक्त आसपास की कॉलोनियों के लोग भी अपने घरों का कूड़ा बाबा रामदेव नगर बस्ती के बाहर ही फेंक देते हैं। जिससे उठने वाली बदबू से पूरे बस्ती का वातावरण दूषित होता रहता है। वह बताते हैं कि बुनियादी सुविधाओं के सिलसिले में प्रशासनिक स्तर पर बात की गई थी, लेकिन हमें यह बताया गया कि यह बस्ती अधिकृत भूमि पर नहीं बनी है। इसलिए यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा सकती हैं। दरअसल हमारे देश की एक बड़ी आबादी आज भी ऐसी है जो शहरों और महानगरों में आबाद तो है, लेकिन वहां पर शहर के अन्य इलाकों की तरह सभी प्रकार की की सुविधाओं का अभाव है। शहरी क्षेत्रों में ऐसे इलाके ही स्लम बस्ती कहलाते हैं।

आप का नजरीया

## विवाद की हकीकत

**सुप्रीम** कोर्ट का कहना है कि दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच विवाद हमेशा के लिए खत्म होना चाहिए। कोर्ट ने बृहस्पतिवार को यह बात उस याचिका को बंद करते हुए कही, जिसमें सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के वैशलेस इलाज के लिए 'फरिश्ते योजना' को लागू करने की मांग की गईं थी। दरअसल दिल्ली में आए दिन इस तरह की कलह देखने को मिलती है कि किसी योजना को सरकार लागू करना चाहती है तो उपराज्यपाल रोक देते हैं और किसी योजना को केन्द्र सरकार लागू करती है तो दिल्ली सरकार अपने राज्य में उसे लागू नहीं करती। उपराज्यपाल वेंद्र सरकार का प्रातिनिधित्व करते हैं। इसलिए उनकी हर कार्रवाई वेंद्र सरकार की सहमति से ही होती है। सुप्रीम कोर्ट का यह कहना है कि दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच विवाद हमेशा के लिए खत्म होना चाहिए का तात्पर्य है कि वेंद्र और राज्य के बीच मचे टंटे से आम नागरिकों की मुसीबतें बढ़ती हैं। सच तो यह है कि दिल्ली वेंद्र शासित प्रादेश है। इसमें चुनी हुईं सरकार जरूर है किन्तु महत्वपूर्ण विषय वेंद्र सरकार के पास हैं इसलिए राज्य सरकार का तिलमिलाना स्वाभाविक है। यह स्पष्ट है कि जब दिल्ली सरकार किसी मुद्दे पर सहमति न बन पाने के कारण सुप्रीम कोर्ट जाती है तो वह निाति रूप से तो यही तर्व देती है कि वेंद्र एक चुनी हुईं सरकार के पैसलों को मानने से इंकार कर रहा है और इससे जनसामान्य का जीवन प्राभावित हो रहा है। वही वेंद्र सरकार के प्रातिनिधि यानि उपराज्यपाल के पास आईंएएस अधिकारियों के ट्रांसफर- पोस्टिंग का अधिकार है इसलिए दिल्ली के सभी अधिकारी उपराज्यपाल के प्राति ज्यादा ही समर्पित होते हैं। इसका मतलब यह है कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा हासिल नहीं है इसलिए उसके सामने दो ही विकल्प हैं कि या तो हर मामले पर वेंद्र से भिड़ी रहे अथवा वेंद्र के साथ समन्वय स्थापित करके जनता के हित में कल्याणकारी योजना ईंमानदारी से लागू करती रहे। दिल्ली सरकार आज जिस पाटा के नेतृत्व में चल रही है, वह आंदोलन से निकले हुए लोग हैं। सहमति और समन्वय पर वे कभी भी विश्वास करते ही नहीं। 2015 से यह सरकार अपने अधिकारों के लिए कोर्ट कचहरी के चक्कर काट रही है। कभी दिल्ली हाईंकोर्ट तो कभी सुप्रीम कोर्ट जाती है। कभी पैसले उसके पक्ष में आते हैं तो कभी उसके विपक्ष में। किन्तु सरकार इसी बात पर अड़ी रहती है कि उसका पक्ष सही है जबकि वेंद्र सरकार और उपराज्यपाल यह साबित करते हैं कि दिल्ली की यह पहली सरकार है जिसके मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रिपरिषद है जो वेंद्र सरकार को ही कोईं महत्व नहीं देती। इसका मतलब यह है कि वेंद्र सरकार और उपराज्यपाल का भी दिल्ली सरकार के प्राति दृष्टिकोण काफी कठोर है। पहले तो दिल्ली सरकार को लगता था कि उनकी हरकतों को वेंद्र सरकार अनसुना और अनदेखा कर देगी लेकिन अब ऐसा नहीं है। राज्य सरकार ने पहली बार 2015 में 1991 के राष्ट्रीय राजधानी विधेयक की समीक्षा के लिए पहले दिल्ली हाईंकोर्ट गए जहां उनके मन के मुताबिक पैसला नहीं आया तो वह सुप्रीम कोर्ट चले गए।

# प्रमुख रोहन साहू की अध्यक्षता में पंचायत समितियों का मासिक बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रमुख रोहन साहू और प्रखंड पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के संयुक्त अध्यक्षता में पंचायत समितियों की मासिक बैठक सम्पन्न किया गया।बैठक में प्रमुख के द्वारा सभी हल्का में सीआई एवं राजस्व कर्मचारी के बैठने का रोस्टर तैयार करने, लंबित आवेदनों का एक महीना के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया द्य ग्राम- दुंदुवा में अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से जाकर वन पट्टा हेतु जांच करने का प्रस्ताव लाया गया।पगार पंचायत का बड़की बागी एवं छठ घाट दुमहान का मापी कराकर अतिक्रमण मुक्त करने का प्रस्ताव लाया गया गया।चोपे पंचायत के पंचायत समिति के द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से संबंधित ध्यान आकृष्ट कराया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा ग्राम सभा करते हुए जाति प्रमाण पत्र अभिलंब निर्गत करने का निर्देश दिया गया । ग्राम पंचायत हुरनाली के विस्थापित लोगों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का प्रस्ताव पारित किया गया ।ग्राम सभा की अध्यक्षता मुखिया के द्वारा की जाएगी एवं उसी के आधार पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।पगार में स्थित तालाब का मछली पालन हेतु नीलामी करने का प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। सभी पंचायत सचिवालय भवन की भूमि का मापी कराकर डीएमएफटी के माध्यम से चाहरदिवारी करने का निर्णय लिया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जनजाति परिवारों का राशन कार्ड बनाने एवं छूटे हुए व्यक्तियों का नाम जोड़ने का निर्देश दिया गया।संपन्न व्यक्तियों का नाम राशन कार्ड में रहने के संबंध में प्रखंड प्रमुख के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं आयोगय व्यक्तियों की छटनी करने का निर्देश दिया गया।वैसे व्यक्ति जिनके द्वारा धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र में 100 क्विंटल से ज्यादा धान विक्रय किया है उसे हर हाल में राशन कार्ड से हटाने का निर्देश प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। प्रमुख सिमरिया द्वारा ऊगनी देवी समूह के द्वारा अनाज वितरण नहीं करने के संबंध में मामला उठाया गया। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रमुख सिमरिया के द्वारा संयुक्त जांच करने का प्रस्ताव लिया गया।जन वितरण प्रणाली केंद्र के द्वारा कम अनाज वितरण के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पूरी पारदर्शिता के साथ सतर्कता समिति की उपस्थिति मेंअनाज वितरण कराने का निर्देश दिया गया। प्रखंड प्रमुख के द्वारा बताया गया कि स्वयं उनके द्वारा आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया जिसमें कई कमिया पाई गई। मैनू के अनुसार बच्चों को आहार की आपूर्ति नहीं किया जा रहा है इस संबंध में अपने लेटर के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सिमरिया को निर्देश दिया गया किंतु अब तक विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## आउटरीच प्रोग्राम के तहत नवादा में जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के मार्गदर्शन एवं सचिव के नेतृत्व में प्रखंड के नवादा में आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों को, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, सरकार के द्वारा मिलने वाली सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, दिव्यांग जनों को मिलने वाली विधिक सेवाएं तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में पीएलवी किरण कुमारी के द्वारा जानकारी दी गई।

## आठ एकड़ में लगे पोस्ता खेती को पुलिस व वन विभाग ने किया नष्ट



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के खुशियाला जंगल में लगभग आठ एकड़ में अवैध रूप से लगा पोस्ता खेती को ट्रैक्टर की सहायता से विनष्टीकरण किया गया। विनष्टीकरण अभियान थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाई गई। वही थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी परिस्थिति में पोस्ता की खेती नहीं होने दी जाएगी उन्होंने कहा है कि लोग खुद से पोस्ता फसल को नष्ट कर दें अन्यथा पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि खेती में संलिप्त लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जल्द चिन्हित कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।वही उन्होंने कहा की आगे भी लगातार वनिष्टीकरण अभियान की कार्रवाई जारी रहेगी। वनिष्टीकरण अभियान में जिला बल व वन विभाग के कर्मी शामिल थे।

## सिंगल बिंडो में एकदिवसीय किसान कार्यशाला का हुआ आयोजन




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर में सिंगल विंडो में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड भर से दर्जनों किसान व किसान मित्र उपस्थित थे। जिला से आए कृषि पदाधिकारी धर्मा उरांव ने किसानों को फसल में लगने वाले रोगों से बचने की सही जानकारियां बताई तथा किसानों के बीच बिटीएम प्रभात कुमार सिंह के द्वारा नैनो यूरिया का वितरण किया गया। मौके पर दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# हाईवा चालक ने बोलेरो का सामान किया चोरी, ग्रामीणों ने सीसीटीवी के माध्यम से पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के बजरंगबली टोला समीप अनिल दांगी का खड़ा बोलेरो वाहन से टायर का कैप कोल वाहन चालक ने चोरी कर लिया। चोरी की घटना बीते बुधवार की करीब 1:00 बजे रात की है। जब हाईवा कोयला लेकर कटकमसांडी जा रहा था। अनिल दांगी गुरुवार के सुबह सीसीटीवी कैमरे की देखरेख किया। तो पता चला कि बोलेरो वाहन के चक्के से कैप की चोरी कोल वाहन चालक ने कीया है। कोल वाहन हाईवा चालक कटकमसांडी से कोयला डंप कर वापस आम्रपाली जा रहा था। इसी बीच बजरंगबली टोला के समीप गुरुवार के लोगों ने इसकी पहचान कर लीया। इसके बाद ग्रामीणों ने पहले वाहन चालक को जमकर धुनाई किया।तब पुलिस को सौंप दिया है।चालक ने बताया कि चोरी का समान कोल वाहन हाइवा में ही है।चालक सिमरिया थाना क्षेत्र के डाडी गांव निवासी बशीर अली का पुत्र मोहम्मद अली है।वही कोल वाहन हाईवा सिमरिया के रूपु सिंह का है। फिलहाल पुलिस कोल वाहन के साथ-साथ चालक को भी थाना लाकर पूछ ताछ के रही है।

# आदिम जनजातियों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के बीडीओ और प्रमुख प्रतिनिधि गुरुवार को खुटीकेवाल पंचायत के गोपालपुर गांव पहुंचे। जहां आवास कर रहे आदिम जनजाति के बैगा,विरहोर परिवारों के बीच लगभग 50 कंबल वितरण किया। इस दौरान एमो के द्वारा प्रत्येक परिवारों को 35- 35 किलोग्राम राशन भी वितरण किया गया। आदिम जनजाति परिवारों को विकास योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़ने की बात कही गई है। बीडीओ अरुण मुंडा ने बताया कि प्रखंड के खूंटीकेवाल पंचायत के गोपालपुर गांव बैगा टोला में बैगा परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया है ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी योगेश शर्मा, पंचायत सचिव तारामणि खलको, सेविका नीरज देवी, अमरेश कुमार के अतिरिक्त प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के जिला सचिव के निर्देशानुसार 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रखंड के ग्राम सरजामातु में अधिकार मित्र मुन्ना दास व संजय कुमार चौधरी एवं अजित कुमार के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को नालसा स्कीम के तहत असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं, मध्यस्थता, लोक अदालत, सरकारी योजनाओं की जानकारी साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दिया गया। वही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से वंचित व्यक्ति को आवेदन के लिए प्रेरित किया गया।

## जमीन के आपसी बंटवारा को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में शिविर का आयोजन



**गिद्धौर( प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड को जिला अपर समाहारिता के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा के आदेशा अनुसार प्रखंड के सभी पंचायत में जमीन का आपसी बंटवारा नामकरण से संबंधित शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें प्रखंड के गिद्धौर पंचायत में 10 जनवरी बारिसाखी पंचायत में 11 जनवरी मंझगावां पंचायत में13 जनवरी पहरा पंचायत में15 जनवरी बरियातू पंचायत में16 जनवरी द्वारी पंचायत में17 जनवरी को यह कार्य को लेकर शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें प्रतिनियुक्त कर्मी प्रमोद कुमार सिंह रघुनाथ सिंह पप्पू कुमार यादव का नाम शामिल है। अंचलाधिकारी ने आम ग्रामीणों को शिविर में पहुंचकर आपसी बंटवारा का निष्पादन करने की बात कही है।

# झारखंड राज्य खाद्य आयोग की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की सदस्य सह अध्यक्ष शबनम परवीन की अध्यक्षता में वृहसपतिवार को परिसदन लातेहार में बैठक आहूत की गई। बैठक में झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के जिला स्तर पर आवंटन की स्थिति, पंचायत स्तर पर राशि की उपलब्धता और व्यय की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उद्देश्य समाज के सबसे पिछले तबके के लोगों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना है। यह सुनिश्चत करें कि जिले या आपके क्षेत्र में कोई खाद्यान्न के अभाव में न रहे। समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को गोदामों से समय पर खरीद और वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त, ब्लॉक आपूर्ति अधिकारियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप लोग ऐसा प्रयास करें कि किसी भी लाभुक को दिक्कत न हो। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से प्रखंड में राशि की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# अंचलाधिकारी ने वृद्ध महिला को उपलब्ध कराया कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो इन दिनों काफी चर्चा में हैं और बढ़ती ठंड को देख गरीब और असहाय लोगों के बीच पहुंच उनको कंबल वितरण करने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को अंचल अधिकारी ने क्षेत्र भ्रमण कर अंचल आने के क्रम चटनाही स्थित एक वृद्ध असहाय महिला को ठंड से कंपकपाते देखा तो उनसे रहा नहीं गया और उन्होंने तुरंत उस वृद्ध महिला को कंबल दिया और उनका हाल जाना साथ ही स्वस्थ होने की कामना की।उनके इस कार्य से इन दिनों काफी चर्चा में हैं। वहीं वृद्ध महिला ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

# जंगली हाथी ने विद्यालय परिसर में लगे तड़ितचालक को तोड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र में समुह से बिछड़ा हाथी का उत्पात लगातार जारी हैं, बिते रात फुलसु पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मतकोमा में लगे तडी़तचालक को जंगली हाथी ने उखाड़ कर पुरी तरह से नष्ट कर दिया व रसोइ का दरबाजा तोड़ने का प्रयास किया मौके पर ग्रामीण चलितर गंझु, महावीर गंझु, मुन्ना लोहरा, सतेन्द्र गंझु संजय उरांव, जयनाथ उरांव, तिरसु पाहन सहित कई लोगो ने हाथी को भगाने का अथक प्रयास किया, ग्रामीणों के भगाने पर पास के जंगल में जाकर छिप गया है .जंगली हाथी के लगातार उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों का घर व फसल क्षतिगस्त कर रहा है। साथ में कई मवेशियों को भी कुचल कर मार चुका है. जिससे उक्त क्षेत्र के लोग दहशत में जी रहें है, ग्रामीणों द्वारा लगातार वन विभाग से उचित कदम उठाने व हाथियों को क्षेत्र से भगाने का मांग किया जाता रहा है, लेकिन विभाग अनभिज्ञ बना हुआ है।

## एसडीओ और सीओ के संयुक्त छापेमारी में 600 सौ सीएफटी बालू बरामद किया गया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के तपसा हुड़मुड़ जंगल में छापेमारी कर 6400 सौ सीएफटी बालू बरामद किया गया। यह बारादमगी अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज और अंचलाधिकारी गौरव कुमार के संयुक्त छापेमारी में की गई। जानकारी के अनुशार बालू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से जंगल में नदी से लाकर डंप किया गया था। जहां ऊंचे कीमत पर बाहर बालू खपाया जाता। किंतु समय रहते पदाधिकारियों के संज्ञान में आने पर त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी कर बालू को जब्त कर लिया है । वहीं बाई नेमली बालू माफियाओं के खिलाफ एफआईआर कर दिया गया है।छापेमारी टीम में शिला ओपी प्रभारी राहुल दुबे,फॉरेस्ट के टिम,माइनिंग टास्क फोर्स शामिल थे।

## उठाव के बाद भी खाद्यान्न का वितरण नहीं होना दूर्भाग्यपूर्ण



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार के चहेते आदिमजाति के परिवार इन दिनों भुखमरी के कगार पर खड़े हैं ऐसा ताजा मामला प्रकाश में आया है उन्हें लगभग तीन माह से खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया है हालांकि नवंबर माह के वितरण का रजिस्टर मेंटेन कर लिया गया है । वहीं गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक परिसर में सैंकड़ों की संख्या में पीवीटीजी परिवार अपने हिस्से का खाद्यान्न उपलब्ध कराने की गुहार लगाते नजर आए और उन्होंने बताया कि पिछले करीब तीन माह से उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया है।वहीं मामले को लेकर जिप सदस्य सह भाजपा नेता कन्हाई सिंह के द्वारा मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए तत्काल जिला आपूर्ति पदाधिकारी से दूरभाष पर उन्हें अवगत कराया, साथ ही प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव को दो दिनों के अंदर खाद्यान्न उपलब्ध कराने को कहा गया.बताते चलें कि नवम्बर एवं दिसंबर माह के दर्जनों कार्डधारियों को अबतक खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया है, जबकि खाद्यान्न का उठाव ऑफलाइन 9 नवंबर और तीन दिसंबर को ही कर लिया गया है। ऐसे में संबंधित डीलर की लापरवाही साफ दिखाई दे रही है ऐसी परिस्थिति में आदिमजाति परिवार के सामने भुखमरी की स्थिति बनी हुई है। वहीं इस संबंध में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव ने बताया कि दिसंबर से मुझे बरवाडीह का प्रभार मिला है , दिसंबर का खाद्यान्न पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो दिन में सभी को राशन मिल जायेगा। कार्डधारियों में गीता देवी, किरण देवी, चरकी परहिन, मनीषा देवी, संजू देवी, प्रमिला देवी, सुनिता देवी समेत दर्जनों शामिल हैं।

**डीलर छः किलोमीटर दूर राशन गिरा कर चला जाता है**

इधर प्रखंड के हरातू पंचायत अंतर्गत आने वाले अंचार पहाड़ गांव के बिनेशर परहिया, समुंद्री देवी, सुगमतिया देवी, फगनी देवी, देवमत्तिया देवी एवं अनिता देवी ने समेत अन्य कार्डधारियों ने बताया कि हमलोगों को राशन गांव से 6 से 8 किलोमीटर दूर गेठा गांव में दिया जाता है. जबकि हमलोग के गांव तक ट्रेक्टर आता जाता रहता है हमलोगों को राशन लाने में काफी परेशानी होती है।

## महुआडांड में संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव बरामद

# सदर अस्पताल से एंबुलेंस नहीं मिलने पर परिजनों ने किया सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के पोचरा निवासी आशीष कुमार राम का कल संदिग्ध परिस्थिति में महुआडांड पुलिस ने लखीपुर से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया था। परिजनों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव ले जाने के लिए एम्बुलेंस सेवा मांगा गया तो अस्पताल प्रबंधक ने एम्बुलेंस नहीं दिया जिसको लेकर हमलोग सड़क जाम किये हैं।बता दें कि परिजनों ने शव को लेकर समाहरणालय गेट के सामने एनएच 39 पर सड़क जाम कर दिया। मौके पर मृतक के भाई पंचम कुमार ने कहा कि आशीष की कुछ दिनो में शादी होने वाली थी, किसी ने उसे फोन कर बुलाया और उसकी हत्या कर दी। इधर प्रशासन को जैसे ही सड़क जाम की सूचना मिली मौके पर लातेहार अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, थाना प्रभारी दुलर चौड़े मौके पर पहुंच गए और जाम पर बैठे लोगों को काफी समझाया पर लोगों ने नहीं माना, जिसके चलते सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लम्बी कतार लग गई। सड़क जाम के लगभग डेढ़ घंटे बाद जब जाम नहीं हट रहा था तो प्रशासन के द्वारा हल्का बल प्रयोग कर जाम को हटाया गया।

**गलत तरीका से रोड़ जाम कराया गया था : सीओ**

जाम हटाने के बाद अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि शव को गलत तरीके से सड़क पर रखकर सड़क जाम कर दिया गया था, मामला सुसाईड का है और जबरन प्रशासन से अपनी मांग मनवाने के लिए यह सड़क जाम किया गया, जिसे प्रशासन ने हटा दिया है, साथ ही उन्होंने बताया कि जबरन सड़क जाम करने के मामले में प्रशासन अपनी कार्रवाई कर रही है,जल्द ही कुछ लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा और जेल भेजा जाएगा।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सड़क सुरक्षा माह के तहत लातेहार जिला खेल स्टेडियम में फैंसी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया,जिसमें प्रशासन एकादश और नागरिक एकादश के बीच मुकाबला हुआ। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना और सड़क पर सुरक्षित यातायात के महत्व को समझाना था। खेल की शुरुआत उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह व जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मैच की शुरुआत से ही प्रशासन एकादश ने आक्रामक खेल दिखाया और अपने विरोधी टीम नागरिक एकादश को मुश्किल में डाल दिया।और गोल कर 3-0 से शानदार जीत दर्ज की।इस मैच में प्रशासन के खिलाड़ियों की शानदार टीम वर्क और खेल के प्रति उनके समर्पण को सराहा गया। डीडीसी व जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा मैच के बाद सभी खिलाड़ियों और दर्शकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने को लेकर सपथ दिलाई गई। खेल समाप्ति के बाद अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक एवं परिवहन पदाधिकारी ने एक पत्रकार का रोल अदा किया और डीडीसी से सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम तथा सड़क दुघर्टना को कैसे रोका जाए पर सवाल किया। डीडीसी ने सड़क सुरक्षा कानून के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने व सड़क के नियमों की पालन करने को लेकर जिले वासियों से अपील की।वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने जिले वासियों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर सुरक्षा बहुत जरूरी है और सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों में जागरूकता फैलाने में मदद मिलती है और सड़क सुरक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारी को बढ़ावा मिलता है। अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित इस फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सभी नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद नजर आए एक्शन मोड में, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर लिया संज्ञान ऑफलाइन पर्ची प्रक्रिया फिर से शुरु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद गुरुवार सुबह करीब 8ः00 बजे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। आम जनता की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वहां की स्थिति को देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की। अस्पताल में पिछले दो-तीन दिनों से केवल ऑनलाइन पर्ची काटने की प्रक्रिया चल रही थी, जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। खासतौर पर वे लोग, जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है या जो ऑनलाइन प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं, वे इस नई व्यवस्था के कारण अस्पताल में इलाज कराने में असमर्थ हो रहे थे। विधायक ने इसे गहरी चिंता का विषय बताते हुए डीसी,डीडीसी से वार्ता किया वही अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि तुरंत ऑफलाइन पर्ची काटने की सुविधा बहाल की जाए। विधायक के निर्देश के बाद अस्पताल प्रशासन ने तुरंत ऑफलाइन पर्ची काटने की प्रक्रिया शुरू कर दी, जिससे वहां मौजूद मरीजों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

**एम्बुलेंस की बदहाली पर जताई नाराजगी**

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस की खराब स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कई एम्बुलेंस लंबे समय से मरम्मत के अभाव में अनुपयोगी पड़ी हुई हैं। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिया कि सभी एम्बुलेंस को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए, ताकि मरीजों को समय पर सुविधा मिल सके।

**पोस्टमार्टम प्रक्रिया में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त**

विधायक ने पोस्टमार्टम प्रक्रिया में हो रही अनावश्यक देरी को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि इस ठंड के मौसम में मृतकों के परिजनों को और ज्यादा परेशान न किया जाए। पोस्टमार्टम कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द



पूरा किया जाए, ताकि परिजन अपने परिजनों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया बिना किसी कठिनाई के कर सकें।

**अस्पताल में लचर व्यवस्था पर अधिकारियों को कड़ी फटकार**

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में फैली अन्य अव्यवस्थाओं पर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने अस्पताल में सही समय पर इलाज न मिलने की शिकायतों पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अस्पताल की हर व्यवस्था को जल्द से जल्द ठीक किया जाए और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मुहैया कराई जाएं।

सरकारी अस्पताल जनता की सेवा के लिए है, यहां किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने अधिकारियों से कहा की यदि भविष्य में ऐसी शिकायतें दोबारा मिलती हैं, तो दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**मरीजों और परिजनों से की सीधी बातचीत**

निरीक्षण के दौरान विधायक ने मरीजों और उनके परिजनों से सीधे बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। कई मरीजों ने पर्ची कटाने में हो रही समस्याओं, डॉक्टरों की अनुपस्थिति और दवाइयों की कमी के बारे में जानकारी दी। विधायक ने आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विधायक ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस कार्य योजना तैयार की जाए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और मरीजों की समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता से अपील किया की यदि उन्हें अस्पताल या किसी अन्य सरकारी सेवा में कोई समस्या हो, तो वे तुरंत उनके कार्यालय तथा सदर अस्पताल में स्थित संजीवनी सेवा कुटीर में शिकायत करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। जनता की सेवा ही मेरा धर्म है, और उनकी समस्याओं का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी है।

## पत्रकार राजेश को पितृ शोक पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पत्रकार राजेश प्रजापति के पिता 85 वर्षीय महुगाई खुर्द निवासी सुखदेव प्रजापति का निधन बृहस्पतिवार को उनके आवास महुगाई खुर्द गांव में हो गया। बताते चलें सुखदेव प्रजापति पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम अग्नि संस्कार महुगाई खुर्द शमशान घाट में किया गया। मुखग्नि उनके पुत्र पत्रकार राजेश कुमार ने दिया। उनके निधन पर पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पत्रकार उग्रसेन गिरी, दीपक सिन्हा, नरेश कुमार, उमेश दांगी, संजय सागर, शिव शंकर कुमार, पिंटू कुशवाहा , रितेश ठाकुर, अमित मालाकार, रंजीत साव, बिरेंद्र कुमार, विकास रंजन चौरसिया, आनंद राज, संजय राम, बेलाल सगीर, शमशेर आलम, रियासत हसन, विक्की करमाली, उपेंद्र कुमार, आशीष कुमार, पंकज ठाकुर, आरिफ वकार उर्फ शहंशाह सहित प्रखंड के तमाम पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया।

## सारूकुदर में मुखिया उत्तम कुमार महतो ने वृद्ध तथा गरीबो के बीच किया कम्बल का वितरण

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत सारूकुदर पंचायत में आज विष्णुगढ़ मुखिया संघ अध्यक्ष सह सारूकुदर मुखिया ने पंचायत सचिवालय में वार्ड सदस्यों की उपस्थिति में राज्यसरकार द्वारा प्राप्त कंबल का सभी वार्डो में 9-9 कंबल का वितरण किया। इसके साथ हीं सारूकुदर मुखिया ने पंचायत की दर्जनों वृद्ध एवं गरीब असहाय महिला-पुरषो के बीच कंबल का वितरण कर ठंड में राहत दिलाई। इस मौके पर मुख्य रूप से पंसस महेश महतो, वार्ड सदस्य सोमर साव,रेशमी देवी,सुशीला देवी नंदलाल महतो,मुकेश कुमार सिंह,बेबी देवी,करमली अंसारी, ललीता देवी,रीना देवी ,सुनीता देवी,कुन्ती देवी,पुरनी देवी, दूलारचंद राम,योगेन्दर महतो, लाभुक -मो सीता देवी,पेमिया देवी, सोमरी देवी, मंगर महतो, कौशल्या देवी,दर्शनी देवी,जगनी देवी, अकबर मियां ,यमुनी खातून,मनी माझी,बडकी देवी समेत सैकडों लाभुक को कंबल वितरण किया गया।

## एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने बिरहोर परिवारों के बीच किया कंबल का वितरण

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चट्टी बरियातू पंचायत के पगार बिरहोर टोला में बिरहोर परिवारों के बीच एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड डुमरी कोल प्रोजेक्ट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर मद से विरहोर परिवरों एवं चट्टीबरियातू पंचायत के 11 वार्डो को 350 कंबल का वितरित किया. इस दौरान परियोजना प्रमुख अमिताभ कुमार ने बताया की सीजनली मौसम को देखते हुए बीच में बिरहोर परिवारो को ख्याल रखा जायेगा,और डुमरी माइंस खुलने से यहाँ के लोगो को रोजगार से जोड़ा जायेगा. इस तरह के क्रिया कलाप एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी जरूरतमंद बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के प्रति समर्पण को दर्शाती है! इस मौके पर डुमरी कोल प्रोजेक्ट हेड अमिताभ कुमार टायकून एमडीओ से शैलेश पंसारी, वीरेंद्र यादव ,तापस मंडल, मुखिया झरी लाल महतो ,कृष्ण गुप्ता, इंद्रनाथ पासवान समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## नहीं रहे कुशल व्यवसायी गोपाल साव, पूरा परिवार शोक संतप्त

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही के कुशल बर्तन व्यवसायी गोपाल साव ने अपना शरीर पूरा किया। इस घटना के बाद उनका पूरा परिवार शोक में डूब गया और पूरा मुहल्ला रूदन से भर गया।जानकारी देते हुए इनके बड़े पुत्र चंदन कुमार ने बताया कि इस कंपकंपाती ठंड ने हमारे पिता को हमसे छीन लिया और हमारा पूरा परिवार आज पितृविहीन हो गया। हमने अपने पिता के जीवन को बचाने के लिए हर प्रकार का चिकित्सीय ऊपाय किया लेकिन उन्हें बचा पाने में असमर्थ रहा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उन्होंने अपने जीवन काल को सभी प्रकार के विवादों से मुक्त रखते हुए कुशलता पूर्वक अपने व्यवसाय का संचालन किया और एक सार्थक मानव जीवन जीकर समाज में अमिट छाप छोड़ गये।इनका अंतिम संस्कार वाराणसी स्थित दशमेश घाट में किया जायेगा।इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, राज सिंह चौहान,नंदकिशोर कुमार ,प्रदीप चंद्रवंशी, निरंजन केसरी ,तारा देवी ,मिथिलेश श्रीवास्तव मनोज यादव, नवीन साव, भगवान् केशरी,

## प्रखंड कार्यालय पहुंचे बरही विधायक मनोज यादव, बैठक कर कार्यो का किया समीक्षा

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। पदाधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर विधायक का स्वागत किया। इसके बाद विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विधायक ने प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो और अंचल अधिकारी अमित किस्कू को अपने कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि जनहित के कार्य के लिए आम जनता को परेशान नहीं किया जाए। विशेष रूप से पेयजल एवं स्वस्छ्ता विभाग के जेई, बिजली विभाग के जेई, करसो की पंचायत सचिव को फटकार लगायी एवं सप्ताह में एक दिन प्रखंड कार्यालय में बैठने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि राशन कार्डधारियों को समय पर राशन दें। मनरेगा बीपीओ को योजनाओं का स्थल निरीक्षण व वेंडर से अवैध वसूली पर फटकार लगाई। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी, जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीती गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया शमशेर आलम बरही पश्चमी, गोविंद साहू रसोईया धमना पंचायत, सरिता देवी केदारुत, नीलम देवी सहित प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ व टाटीझरिया के मिनी आँगनबाड़ी केंद्रों का होगा उपक्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड व टाटीझरिया प्रखण्ड में बाल विकास परियोजना अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग के द्वारा दोनो प्रखण्डों में संचालित 13 लघु आँगनबाड़ी केंद्रों को उपक्रमण करते हुए सामान्य आँगनबाड़ी केंद्रों की तरह सहायिकाओ का चयन किया जाना है। जिसमे आज गुरुवार को टाटीझरिया के बिसाई में आमसभा कर विष्णुगढ़ बीडीओ प्रभारी सीडीपीओ की अध्यक्षता में सहायिका का चयन किया गया। साथ हीं उपस्थित गरीब असहाय महिला-पुरुषों के बीच अखिलेश कुमार ने कंबल का भी वितरण किया। बाल विकास परियोजना कार्यालय-विष्णुगढ़ द्वारा जारी पत्रांक 2529 दिनांक 9.1.25 के तहत जारी रोस्टर के अनुसार विभिन्न पंचायतो के आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका का चयन किया जाना है। रोस्टर के



मुताबिक 15.01.2025 को जोबर पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बेलियाटांड़ आँगनबाड़ी केंद्र में अनुसूचित जनजाति कैटेगरी की,16.01.2025 को बनासो पंचायत के आँगनबाड़ी केंद्र गोबरबसुआ में अनुसूचित जनजाति कैटेगरी की,18.01.2025 को भेलवारा पंचायत के आँगनबाड़ी केंद्र सियारी में बीसी-1कैटेगरी की, 20.01.2025 को नागी पंचायत के आँगनबाड़ी केंद्र अरजरी में अनुसूचित जाति कैटेगरी की,तथा 22.01.2025 को नागी पंचायत के ही आँगनबाड़ी केंद्र खिजुरबेड़ा में अनुसूचित जनजाति कैटेगरी की,24.01.2025 को नरकी पंचायत के आँगनबाड़ी केंद्र रंगामाटी में अनुसूचित जाति कैटेगरी की,27.01.2025 को कुसुम्भा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जमुआ आँगनबाड़ी केंद्र खिजुरबेड़ा में अनुसूचित जनजाति कैटेगरी की, 28.01.2025 को मडमो पंचायत के आँगनबाड़ी केंद्र पिपराटांड़ में अनुसूचित जनजाति कैटेगरी की,तथा 28.01.2025 को मडमो पंचायत के हीं आँगनबाड़ी केंद्र बेलियाटांड़ में बीसी-1कैटेगरी की,29.01.2025 को जोबर पंचायत के आँगनबाड़ी केंद्र काल्हाबार में अनुसूचित जनजाति कैटेगरी की,तथा 29.01.2025 को हीं जोबर पंचायत के आँगनबाड़ी केंद्र काल्हाबार में अनुसूचित जनजाति कैटेगरी की,30.01.2025 को धरमपुर पंचायत के आँगनबाड़ी केंद्र पनीमाको में अनुसूचित जाति कैटगरी की,तथा 30.01.2025 को धरमपुर पंचायत के ही आँगनबाड़ी केंद्र हरदिया में अनुसूचित जनजाति कैटेगरी की सहायिकाओं का चयन उपरोक्त तिथि अनुसार 11बजे आमसभा के माध्यम से किया जायेगा। नोट : उपरोक्त तय तिथिनुसार नागी पंचायत के खिजुरबेड़ा आँगनबाड़ी केंद्र, मडमो पंचायत के बेलियाटांड़ आँगनबाड़ी केंद्र तथा धरमपुर पंचायत के हरदिया आँगनबाड़ी केंद्र में 2 बजे आमसभा का आयोजन विष्णुगढ़ बीडीओ सह सीडीपीओ प्रभारी अखिलेश कुमार की उपस्थिति में की जायेगी।

## बरही विधायक ने किया अलाव की व्यस्था



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने निजी खर्च से कंपकपाती ठंड को देखते हुवे बरही के विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन सर्वोपरि है। इसकी सेवा कई तीर्थ भ्रमण के समान है, इसलिए मानव जीवन को संरक्षित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन करते हुए मैं विविध चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करवा रहा हूं ताकि आम जनता को ठंड से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य ही जनता की सेवा करना है और जब तक ईश्वर ने हमें सामर्थ्य दिया है तब तक जनता की सेवा करता रहूंगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी,विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, नंदकिशोर कुमार, अमित राणा, मनोज यादव, प्रदीप चंद्रवंशी, कैलाश ठाकुर, तारा देवी, सोनू केसरवानी, पिंटू केशरी, सोनू चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग क्रिकेट का बढ़ता कदम, दो स्टेट प्लेयर ने लहराया परचम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** खेल के क्षेत्र में संपूर्ण झारखंड के साथ उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल मुख्यालय जिला हजारीबाग की रत्नगर्भा धरती ने एक से बढ़कर एक खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फलक पर हजारीबाग का नाम रोशन किया है। ऐसे तो हजारीबाग के खिलाड़ियों ने खेल के क्षेत्र में सीमित साधन- संसाधन के बावजूद अपनी प्रतिभा का जौहर का लोहा मनवाया है लेकिन क्रिकेट के क्षेत्र में हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के प्रयास से हजारीबाग की गलियों में क्रिकेट खेलने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों को अब उन्नत साधन-संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसका सुखद प्रतिफल है कि लगातार हजारीबाग जिले के खिलाड़ी अपना उम्दा प्रदर्शन कर हजारीबाग का मान बढ़ा रहें हैं । हाल के दिनों में हजारीबाग जिले से जुड़े दो युवा क्रिकेट खिलाड़ियों ने स्टेट टीम में शानदार परफॉर्मेंस कर हजारीबाग का नाम रोशन किया। इन दोनों खिलाड़ियों का गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सांसद सेवा कार्यालय में सम्मान कर हौसला बढ़ाया और उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांसद मनीष जायसवाल जो हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं और उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में क्रिकेट के क्षेत्र में हजारीबाग में अभूतपूर्व बदलाव आया है। हजारीबाग में स्व.संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम (वेल्स ग्राउंड) का कायाकल्प हुआ और इसे राजस्तरीय टूर्नामेंट के उपयुक्त बनाया गया। जहां हजारीबाग जिले भर के क्रिकेट खिलाड़ी उन्नत स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहें हैं ।बीते दिनों हजारीबाग जिले के एक क्रिकेट खिलाड़ी शिवांश (उम्र 18 साल) ने अंडर 19 स्टेट टीम में बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-19 कुच बिहार ट्रॉफी-2024-25 में झारखंड, असम, बिहार और केरल में मैच खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। शिवांश विकेट कीपर सह बैट्समैन है और उक्त स्टेट टूर्नामेंट में केरल के खिलाफ खेलते हुए 32 रन बनाए और तीन डिस्मिसल लिए। शिवांश हजारीबाग के कार्मेल चौक के निवासी हैं और उनके पिता का नाम सत्येंद्र उपाध्याय ( शिक्षा विभाग में क्लर्क) और माता अंजू उपाध्याय (गृहणी) हैं। पिछले 4 साल से क्रिकेट खेल रहे हैं और इसी सीजन में उनका चयन अंदर-19 स्टेट प्लेयर के रूप में हुआ है। इससे पहले इन्होंने जिला और कैंप टीम में अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरे खिलाड़ी के रूप में जीवन कुमार पटेल (उम्र 14 साल) हैं जो अंडर 16 स्टेट प्लेयर हैं। ये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज हैं और हाल ही में विजय मर्चेंट ट्रॉफी-2024 में अनाधप्रदेश में पांच मैच में तीन मैच खेलते हुए 3 विकेट झटकाए थे। अंडर 16 स्टेट प्लेयर जीवन कुमार पटेल विष्णुगढ़ के रहने वाले हैं। उनके पिता का नाम जीभादन महतो ( मुंबई में चालक हैं) और माता जीरवा देवी (गृहणी) हैं। दोनों खिलाड़ी अंडर 19 स्टेट प्लेयर शिवांश और अंडर 16 स्टेट प्लेयर जीवन कुमार पटेल ने अपनी उपलब्धि का पूरा श्रेय हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ को दिया देते हुए संघ के अध्यक्ष सांसद मनीष जायसवाल और सचिव बंटी तिवारी के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि हमारे सपने को पंख देकर उड़ान भरने में संघ का सहयोग सराहनीय है ।

## दुकान के अंदर लगाए क्युआर कोड, ठग कर सकते है धोखाधड़ी, एक्सेस किया जा सकता है व्हाट्सएप्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** साइबर जागरुकता अभियान के तीसरे दिन साइबर पाठशाला 1914 में स्थापित हिंदू उच्च विद्यालय में लगी। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत और साइबर सेल की मदद से आयोजित इस कार्यशाला में साइबर इंस्पेक्टर सह विशेषज्ञ जंगलाल मुंडा, दारोगा सुजीत और दीपक कुमार का व्याख्यान हुआ। ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष गौरव सहाय ने विषय प्रवेश कराया और ग्राहक पंचायत के साथ साथ साइबर जागरुकता अभियान की जानकारी दी। संबोधित करते हुए साइबर थाना के इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा ने बताया कि इंस्टाग्राम,व्हाट्सएप, फेसबुक, पर दोस्त और फॉलोवर बढ़ाने में सबसे अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। यह आपको जेल की हवा खिला सकता है, आपका एकाउंट खाली कर सकता है। जानकारी दी कि डिजिटल अरेस्टिंग जैसा को कानून नहीं है । छात्रों से आसपास के पड़ोसियों को जागरुक करने की पहल करते हुए कहा कि दुकान या अन्य स्थानों पर कभी भी बाहर में क्यूआर कोड नहीं लगाना चाहिए। ठग क्यूआर कोड पर अपना क्यू आर कोड चिपकाकर धोखाधड़ी कर सकते है। हजारीबाग में गठित दो घटनाएं और बनायी गई एक शार्ट फिल्म की चर्चा कर होने वाले नुकसान और इसके बचाव के उपाय बताए। कहा कि , इंस्ट्राग्राम, एक्स हैंडल , टेलीग्राम, समाचार के आदान प्रदान के लिए बनाया गया है परंतु साइबर ठग आपको मुसीबत में डालने के लिए इसका भी दुरुपयोग कर रहे है। ऑन लाइन गेमिंग के दौरान मिलने वाले लुभावने आंफर के बारे में बताया। गोपनीय दस्तावेज एटीएम, अकाउंट, आधार, पेन नंबर, एटीएम सी यू बी नंबर आदि को भी साझा नहीं करने की अपील की। बताया किअनजाने लिंक, फाईव जेनरेशन के मोबाइल में स्क्रिन शेयर के भी ऑप्सन आया है। ठग आपको स्क्रिन शेयर करा सकते है, एनीडेस्क एप्प की मदद से आपके फोन का एक्सेस ले सकते है। दारोगा सुजीत कुमार व दीपक कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए गुरुवार को प्रकाशित अखबारों में साइबर ठगी के बारे में जानकारी दी। बताया कि एक पूर्व वैज्ञानिक, पटना के एक डाक्टर से 52 लाख की ठगी की जानकारी दी। कहा कि पढ़े लिखे लोग आसानी से साइबर ठगी का शिकार हो रहे है। ऑनलाइन वीडियो कॉल करके डिजिटल अरेस्टिंग कर ठगी की जा रही है। ए आई तकनीक का उपयोग कर आवाज का क्लोन बनाया जा रहा है। गुगल में फर्जी हेल्पलाईन नंबर जोड़ कर ठग शिकार कर रहे है। किसान निधि, पीएम निधि, संस्थागत प्रसव, आंगनबाड़ी, पैक्स में धान जमा करने पर पैसा और शिक्षकों को उनके व्यक्तिगत जानकारी उपलब्ध कराकर ठग इस दिशा में शिकार तलाश रहे है। अपील करते हुए कहा कि फ्री वाई फाई का इस्तेमाल आपको परेशानी में डाल सकता है। क्यू आर कोड से आपका व्हाट्सएप भी हैक हो सकता है। डिजिटल अरेस्टिंग नाम का कोई चीज नही है। यह भी कहा कि बच्चों को अपने सामने ही नेट चलाने को कहे, छीप इसका उपयोग बच्चों को भटका सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने ग्राहक पंचायत द्वारा दी जा रहे सुविधा और ग्राहक के हीत में किए जा रहे काम की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन प्रचार्य लक्ष्मण प्रसाद ने किया।

## डीडीसी ने की सीएसआर समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर गुरुवार को उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में उपायुक्त सभाकक्ष में सीएसआर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद और डीपीओ पंकज तिवारी ने संयुक्त रूप से सीएसआर मद से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कम्पनियों को उनके द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति तथा उनके द्वारा किए जा रहें कार्यो की सूची उपलब्ध करवाने का निदेश दिया। बैठक में सीसीएल, अडानी इंटरप्राइजेज, एनटीपीसी, एनएमडीसी,जेडब्लूएस,ओएनजीसी, प्रभा एनर्जी के पदाधिकारियों ने डीडीसी को जनहित में अपने स्तर से किये जा रहे विकास कार्यो से अवगत कराया। उनके द्वारा बच्चों को सोलर लाइट सिस्टम, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट,आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन, डीप बोरिंग व कई सीएसआर एक्टिविटी कराई जा रही है । बैठक में डीडीसी ने सीसीएल कंपनी के पदाधिकारी को 14 माइल के पास हाई मास्क लाइट यथाशीघ्र लगवाने के निर्देश दिया। बैठक में अरगड़ा कंपनी के पदाधिकारी ने डीडीसी को बताया कि 3 सोलर पैनल और डीपबोरिंग करने का लोकेशन फाइनल कर ली गई है, कुछ दिनों में काम शुरू कर दी जाएगी। बाउंड्री वॉल और शौचालय का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया की सिलाई मशीन का टेंडर हो गया है, कुछ दिनों में महिलाओं के



बीच सिलाई मशीन का वितरण कर दिया जाएगा। बैठक में डीडीसी को बताया गया कि पोटंग पंचायत में पीसीसी पथ का टेंडर हो गया है, कुछ दिनों में निर्माण कार्य शुरू कर दी जाएगी। डीडीसी ने उनके द्वारा क्रियान्वित कार्यो का जियो टैग करते हुए फ़ोटो उपलब्ध करवाने का निदेश दिया। केरेडारी कोल माइंस के पदाधिकारी ने डीडीसी को बताया कि उनके द्वारा स्कूली बच्चों के बीच स्कूली बैग, बैंच, लाइब्रेरी डेवलेपमेंट का कार्य किया जा रहा है। डीडीसी ने केरेडारी के पदाधिकारी को उनके द्वारा स्कूलों में किये जा रहे कार्यो से संबंधित मामलों में डीईओ और डीएससी से समन्वय बनाकर कार्य करने का निदेश दिया। बैठक में पकरी बरवाडीह कोल माइंस के पदाधिकारी को शहीद स्मारक बनाने, एचआइवी संस्था और मूक बधिर स्कूल के बच्चों को आर्थिक सहयोग करने और मौलाना अबुल कलाम आजाद स्टेडियम का जीर्णोद्धार करने की बात कही। डीडीसी ने संबंधित पदाधिकारी से संचालित सभी योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने, स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में बर्तन का वितरण फिलहाल नही करने का निर्देश दिया।

## अखिल घाटी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग परियोजना में दिनांक 9 जनवरी से 11 जनवरी तक अखिल घाटी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन डीवीसी क्लब में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह का गुरुवार को आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डीवीसी के अंजनी कुमार दुबे, कार्यकारी निदेशक (असैनिक), और विशिष्ट अतिथि संजय कुमार, निदेशक (भूसंवि) एवं परियोजना प्रमुख, दाघानी, हजारीबाग थे। उन्होंने भूसंवि सभागार में दीप प्रज्वलित कर और दाघानी परिसर में डीवीसी का झंडोत्तोलन करके इस प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में दामोदर घाटी निगम की विभिन्न परियोजनाओं की आठ टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता टीम वर्ग और व्यक्तिगत वर्ग दोनों वर्ग में आयोजित की जा रही है। झारखंड से मैथन बांध, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा थर्मल, कोडरमा थर्मल और हजारीबाग परियोजना एवं बंगाल से डीवीसी मुख्यालय कोलकाता, मेजिया ताप विद्युत केंद्र और दुर्गापुर ताप विद्युत केंद्र की टीमें भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक भैया मुरारी सिन्हा हैं, जिनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा रहा है। उप निर्णायक के रूप में आयुष एवं ज्योति यादव अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में श्री संजय कुमार, निदेशक (भूसंवि) एवं परियोजना प्रमुख,



हजारीबाग ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि हजारीबाग परियोजना में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की भागीदारी न केवल उनके कार्यक्षमता को बढ़ाती है बल्कि विभिन्न परियोजनाओं के बीच आपसी सहयोग और समझ को भी मजबूत करती है। उद्घाटन समारोह का संचालन राहुल रंजन, प्रबंधक (मासं), भूसंवि, दाघानि, हजारीबाग ने किया। इस अवसर पर आर.एस. शर्मा, व0 महाप्रबंधक(वि0); डॉ. अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, विकास दास, उप महाप्रबंधक (वि.); शंभु वर्णवाल, सुजीत नारायण, सुमन भौमिक, राकेश रंजन केशरी, जैना, विकास कुमार, दीपक कुमार, डीवीसी स्पोर्ट्स काउंसिल के उज्जवल बनर्जी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में दीपक राणा, अरुण कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, धीरज कुमार, मदन कुमार, अरविंद कुमार, शंकर सिंह और गणेश बाबा का विशेष योगदान रहा।

## स्कूली बच्चों से भरी ऑटो के दुर्घटना में चार बच्चों की मौत पर शिक्षको ने किया शोक सभा




**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में चार बच्चों की हुई हृदयविदारक मौत पर दुःख जताते हुए सिटीजन स्कूल परिवार ने एक मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।प्राचार्य उदय शंकर भट्टचार्य ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि बच्चे वैश्विक होते हैं चाहे वो किसी भी स्कुल या फिर देश के क्यों न हों।उनके आसामयिक निधन पर शोकाकुल परिवार के गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में अरविंद कुमार, मदन सिंह, लखिन्द्र कुमार, अशोक साह, विश्वजीत सिंह, नीलिमा मित्रा,सीमा देवी, कुमकुम कुमारी,अर्तिका कुमारी, नेहा कुमारी एवं लिपिक देवानंद सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## भाजपा भदनी नगर मंडल के द्वारा विशेष भाजपा सदस्यता कैंप का किया गया आयोजन



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी भदानी नगर मंडल के मंडल अध्यक्ष सागर दांगी की 77अध्यक्षता में मतकमा चौक के समीप भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत एक विशाल सदस्यता कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान, भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देने और पार्टी के राष्ट्रहित में किए गए कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों में उत्साह और समर्थन का स्पष्ट रूप से अभिव्यक्तिकरण हुआ। मोदी जी की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना और देशवासियों को राष्ट्रहित की दिशा में आकर्षित करना ही इस अभियान की सफलता का मुख्य कारण बना। कैंप में विशेष रूप से जिला सह संयोजक संजीव कुमार बावला की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामयी बनाया। इस मौके पर भाजपा के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जिनमें राजेंद्र मुंडा, बालेश्वर राम, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, आनंद कुमार, सिद्धार्थ कुमार, श्री देवानंद कुमार, दीपक देव, लालू बेदिया आदि प्रमुख थे। इस सदस्यता अभियान से पार्टी को और भी मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया, और यह अभियान पूरी भदानी नगर क्षेत्र में भाजपा की विचारधारा और कार्यों को फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के गणित विभाग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को गणित विभाग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातकोत्तर प्रथम सत्र तथा स्नातक प्रथम सत्र के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को तीन ग्रुप विभाजित किया गया था। ग्रुप ए में 12 छात्र ग्रूप बी में 12 छात्र तथा ग्रूप सी में 13 छात्र सम्मिलित थे। सभी छात्रों ने प्रतियोगिता में बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया और रंगोली प्रदर्शन शानदार रहा।जजों के पैनल में डॉ बेंजामिन, डॉ धीरज, डॉ पूजा, डॉ सौगात, डॉ प्रणव, श्री बुद्धदेव, श्रीमती प्रियंका तथा सुश्री कृतिका ने निर्णय दिए। ग्रूप सी को प्रथम स्थान, ग्रूप ए को द्वितीय स्थान तथा ग्रूप बी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में गणित विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय, डॉ चन्दन कुमार तथा श्री जतरू महतो का योगदान सराहनीय रहा।राधा गोविंद विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी एन साह ने कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा बच्चों को आशीर्वाद दिया। विश्वविद्यालय की सचिव महोदया सुश्री प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ)रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार तथा प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार ने बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मांडू प्रखंड के ग्राम कंजगी में ऐपवा ने मनाया सावित्रीबाई फुले व फातिमा शेख का जयन्ती दिवस



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) के आह्वान पर सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख का(3-9 जनवरी) सप्ताह व्यापी जयंती दिवस के तहत आज मांडू प्रखंड के ग्राम कंजगी में ऐपवा नेत्री कांति देवी के नेतृत्व में संझवा देवी, सबिया देवी, गुड़िया देवी, लक्ष्मी देवी, मुंदैर देवी, रीता देवी, नुनीलाल देवी, कलवा देवी, सोहदरीया देवी, आभा कुमारी, ज्योति कुमारी, निधि कुमारी, संगीता देवी, गीता देवी, सरिता देवी अन्य दर्जनों महिलाओं ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।उपस्थित महिलाओं ने जोरदार नारों के साथ सावित्रीबाई फुले एवं फातिमा शेख अमर रहे। शिक्षा का निजीकरण करना बंद करो, समान शिक्षा प्रणाली लागू करो। आदि नारे लगाए गए।

## जमाकर्ताओं की शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यटन विहार पतरातू में जमाकर्ताओं की शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला आरबीआई और जेएसएलपीएस के साथ एमओयू के अनुसार आयोजित की गई थी। कार्यशाला का उद्देश्य समुदाय के सदस्यों (सीएलएफ ओबी) बैंक सखी बीसी सखी और अन्य एसएचजी सदस्यों को बैंकों की विभिन्न वित्तीय समावेशन गतिविधियों, डिजिटल वित्त, सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों और विभिन्न ऋण उत्पादों और बैंक उत्पादों पर वित्तीय साक्षरता शिक्षित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत बीओआई अधिकारी दीनानाथ मंडल, एसकेवीके, बीओआई, राजश्री बेरा, बीओआई और विकास कुमार, बीएम, झारखंड कोलियरी शाखा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।उन्होंने बैंकिंग, बचत खाता और चालू खाता, प्रत्येक प्रकार के खातों के लिए दस्तावेज़ीकरण आवश्यकताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दर्शकों को विभिन्न प्रकार के ऋणों पर ब्याज दरों और ऋण राशियों तथा मानदंडों और ऋण चुकौती की आवधिकता के बारे में भी जानकारी दी। ऋण और ब्याज के समय पर पुनर्भुगतान के महत्व पर जोर दिया गया जिससे समुदाय के सदस्यों को अपना नागरिक स्कोर अच्छा रखने में मदद मिल सके। इससे उन्हें बड़े ऋण प्राप्त करने में अन्य ग्राहकों पर बढ़त मिलेगी।व्यक्तिगत खातों की नियमित केवाईसी के महत्व पर भी विस्तार से बात की गई। डिजिटल फाइनेंस और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से बैंकिंग को आसान बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों, "सिंगल पैकेट बिड" ई-निविदायें आमंत्रित है। (i) बिड संख्या एवं दिनांक : e-tender Notice No. MC-08-0PEN-2024-25, दिनांक: 07.01.2025. (ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : बरकाकाना स्टेशन के लिए दुर्घटना राहत सड़क वाहन (एआरआरवी) का प्रावधान। कार्य समापन अवधि – 3 महीने। (iii) कार्य की अनुमानित लागत : ₹39,60,025/– (उनतालीस लाख साठ हजार पच्चीस रूपये) मात्र। (iv) बयाना राशि : ₹79,300/– (उनासी हजार तीन सौ) मात्र। (v) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 28.01.2025 को 17:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय:तारीख 29.01.2025 को 12:30 बजे। (vi) वेबसाईट विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक / पूमरे/धनबाद

पीआर/01881/डीएचएन/यां/टी/24-25/32


# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर समाहरणालय परिसर से उपायुक्त ने जागरुकता रथ व सड़क सुरक्षा जागरूकता मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले के सभी क्षेत्रों में घूम-घूम कर आम जनों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति करेगा जागरूक।
- वाहन चलाते समय यातायात नियमों का जरूर करें पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का करें प्रयोग : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु लोगों में जागरूकता लाने हेतु चलाए जा रहे अभियान का गुरुवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ एवं मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले के सभी क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी वहीं ज़िले के सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें। उन्होंने ऑटो डीलर्स से कहा कि वाहन विक्रेता के रूप में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है, वाहन देते समय जरूर आश्वस्त हो लें कि सभी कागजात पूर्ण हो, ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से हो। किशोर वर्ग के युवाओं के द्वारा फर्राटे से दोपहिया वाहन चलाए जाते हैं जो नियम के विरुद्ध है एवं काफी खतरनाक है। वाहन एजेंसी वाले वाहन के साथ या तो बिल में या फिर अलग से एक पंपलेट दें जिसमें जागरूकता संदेश हो। इसके अलावा उन्होंने अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट प्रयोग करने की अपील की।मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर सामूहिक सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में सबों की भूमिका है। घर से अगर कोई भी वाहन लेकर निकल रहे हैं तो परिवार की सदस्यों की जिम्मेवारी होगी कि बाइक है तो बिना हेलमेट वाहन चलाने ना दे अगर कार है तो सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करने बोले। साथ ही उन्होंने सभी जिले वासियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें, लोगों को जागरूक करें।वही मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने कहा कि जागरूकता रथ पूरे माह जिले के सभी शहरी व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में घूम-घूम कर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी पहुंचाने का काम करेगी साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दे। वही सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील भी की।



कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (हेड क्वार्टर) चंदन वत्स, परिवहन कार्यालय के सभी कर्मी, सड़क सुरक्षा के कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पंचतत्व में विलीन हुये सीसीएलकर्मी सह झामुमो व विस्थापित नेता संतोष सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** न्यू बिरसा के सीसीएलकर्मी सह झामुमो व विस्थापित नेता संतोष सिंह का शव बुधवार को देर रात रांची से निवास स्थान पारगढा पहुंचने के बाद गुरुवार को रिती रिवाज के साथ दामोदर नदी तट पर अंतिम संस्कार किया गया। संतोष सिंह को मुखाग्नि उनके पुत्र संदीप सिंह ने दिया। वहीं उनके अंतिम शोभायात्रा में क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। जिनमें झामुमो के दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया, सोनाराम मांझी, विंध्याचल बेदिया,बलकुदरा जीवन धारा सह हेन्देगिर परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा,बिरसा मैनेजर राजेश प्रियदर्शी, बिरसा पुर्व पीओ डि शिव दास,बिरसा सेल अफसर राकेश कुमार, विस्थापित नेता संजय करमाली,विस्थापित नेता दशई मांझी, गणेश गंझू, जिला पार्षद प्रतिनिधि दीपक करमाली,मनोज मुंडा,सुरज बेसरा, दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी, सुखु मांझी, मुखिया चरका करमाली, धर्मदेव करमाली, गिरधारी प्रजापति,मेघन यादव, तरुण सिन्हा, नरेश बेदिया, राजीव सिन्हा, शिकारी टुडू,जुगेश बेदिया, किशोर बेदिया, कृष्णा सोरेन, सुनील उरांव, बिनोद हेम्ब्रोम आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



**संतोष सिंह कि हत्या का धानुक समाज ने जताया शोक**

सीसीएलकर्मी सह झामुमो व विस्थापित नेता संतोष सिंह कि हत्या पर धानुक समाज ने शोक जताया है। धानुक समाज ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह कि घटना निंदनीय है। वहीं पुण्य आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। वहीं शोक व्यक्त करने वालो में राजकुमार सिंह,छक्कन लाल सिंह,विजय सिंह, दिलकेश्वर सिंह, संतोष सिंह, ब्रजेश सिंह,बिंदेश सिंह, त्रिपुरारी सिंह, गोपाल सिंह, बिट्टू सिंह, भोला सिंह, ओमप्रकाश सिंह, मुकेश सिंह,कमल सिंह, लक्ष्मी सिंह, अजित सिंह,सुधीर सिंह, रमेश सिंह, मिथुन सिंह, पिंटू सिंह आदि ने शोक जताया।

## श्री अग्रसेन स्कूल में शिक्षकों के लिये विशेष ट्रेनिंग का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को शिक्षकों के लिए विशेष ट्रेनिंग सेशन का आयोजन हुआ। ट्रेनिंग का विषय था बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित कैसे करें. ट्रेनिंग सेशन का उद्घाटन प्राचार्य विवेक प्रधान व रिसोर्स पर्सन एचके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रिसोर्स पर्सन एचके सिंह ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए कई बातों पर शिक्षकों और अभिभावकों का ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल जाने वाले बच्चों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए पढ़ाई में उनकी रुचि जरूरी है. अगर बच्चे पढ़ाई में अच्छे होंगे तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा. वे नई चीजें को सीखने में रूचि दिखाएंगे. स्कूल के दौरान बच्चों पर पढ़ाई से संबंधित जिम्मेदारियां ज्यादा होती हैं. कुछ बच्चे सभी कामों को समय पर पूरा कर लेते हैं, तो कुछ बच्चे ऐसा नहीं कर पाते हैं. स्कूल में शिक्षक व घर पर अभिभावक उन कारणों का पता लगाएं कि आखिर किन वजहों से बच्चा पढ़ाई से दूर हो रहा है. इन कारणों में आत्मविश्वास की कमी, पढ़ाई में बोरियत, टीवी और मोबाइल का ज्यादा उपयोग या अन्य कोई बात सामने आ सकती है. उनकी समस्याओं को समझें. उसे धीरे-धीरे दूर करने और उसे पढ़ाई से जोड़ने का प्रयास करें. घर पर बच्चे को शांत एवं ध्यान न भटकाने वाला वातावरण तैयार करें. प्राचार्य विवेक प्रधान ने सत्र में कहा कि बच्चे को पढ़ाई के प्रति प्रेरित रखने के लिए पुरस्कार प्रणाली का तरीका अपनाएं। अगर बच्चा सही समय पर अपना होमवर्क खत्म कर ले, तो उसे टीवी देखना या उसकी पसंद का विशेष खाना देने जैसे छोटे और सरल पुरस्कार दें. अवकाश के दिन एक-दो घंटे पढ़ाई कराएं और बाकी समय उन्हें कहीं बाहर घुमाने ले जाएं. किसी भी बात को लेकर नकारात्मक टिप्पणी न करे. इससे बच्चे हताश-निराश हो सकते हैं. बच्चे की अध्ययन की योजना बनाएं. शुरुआत में छोटे-छोटे लक्ष्य जैसे केवल एक अध्याय पढ़ना या पाँच सवाल को हल करना जैसी योजना कारगर हो सकती है। इसके अलावा बच्चों को व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों से जोड़ें।



## बुद्धिजीवी मंच ने गोला के विद्यार्थियों की मौत पर रखा मौन

### सड़क सुरक्षा को लेकर बरकाकाना ओ पी को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के आम सदस्यों की एक आवश्यक बैठक राजेंद्र क्लब, नया नगर बरकाकाना में हुई।बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली और संचालन सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया। बैठक में गोला में सड़क दुर्घटना से स्कूल के विद्यार्थियों की दर्दनाक मौत को लेकर एक मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद वर्ष 2025 के लिए मंच की सदस्यता अभियान और कार्यकारिणी का पुनर्गठन एवम बरकाकाना क्षेत्र के मुख्य सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए कुछ निर्णय लिए गए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देशभर में 1जनवरी से 31जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने पर विचार जा रहा है और व्यवहारिक कदम उठाए जा रहे हैं। अतः बुद्धिजीवी मंच द्वारा बरकाकाना क्षेत्र के मुख्य सड़क में लगातार हो रहे दुर्घटनाओं पर विराम लगाने हेतु कुछ उपाय करने की मांग प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से गई। जिनमें शुक्रवार बाजार के पास शुक्रवार को दोपहर से शाम तक भारी वाहन निषेध कर दिया जाए और मुख्य सड़क को खाली रखा जाए। लफंगे स्पीड बाइकर्स की तेज रफ्तार चाल और उनकी साइलेंसर की उच्च ध्वनि पर अंकुश लगाया जाए। बंजारी से चैनगड्डा तक प्रत्येक चौराहों और तिराहों पर हाई मास्ट लाइट लगाई जाए। बंजारी से चैनगड्डा तक प्रत्येक चौराहों और तिराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। बंजारी से चैनगड्डा तक चौराहों और तिराहों पर जेबरा क्रॉसिंग बनवाया जाए आज की बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष उमेश महतो, कोषाध्यक्ष मो सलीम, मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली, प्रवक्ता, सुशील कुमार, नेपाल विश्वकर्मा, प्रदीप चक्रवर्ती, सोनी महतो, जयंती कुमारी, रामा ठाकुर, बंटी सिंह, जलील अंसारी, आजाद अंसारी, संजीव साव, पवन गोप, श्यामलाल करमाली, दिनेश करमाली, मदन दांगी आदि उपस्थित थे।

## आलोक गिरोह के द्वारा संतोष कि हत्या कि जिम्मेवारी लेने के बावजूद पुलिस के हाथ है खाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** न्यू बिरसा के सीसीएलकर्मी सह झामुमो व विस्थापित नेता संतोष सिंह कि आलोक गिरोह ने बुधवार को दिनदहाड़े पारगढा मुख्य मार्ग पर हत्या कर दी थी। वहीं इस घटना के बीतने के बाद गुरुवार को संतोष सिंह के पार्थिव शरीर को दामोदर नदी तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेकिन घटना के दुसरे दिन बिताने के बावजूद भी हजारीबाग जिला प्रशासन के हाथ अबतक खाली है। अभी तक किसी भी अपराधी कि गिरफ्तारी नहीं हुई है। वहीं बुधवार को संतोष सिंह कि हत्या कि जिम्मेवारी आलोक गिरोह ने लेकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। अब देखना यह होगा कि हजारीबाग जिला पुलिस प्रशासन कि हाथ आलोक गिरोह तक पहुंचती है या नहीं। यह देखने योग्य बातें हैं। वहीं बुधवार कि देर शाम उरीमारी चेकपोस्ट पर जमे आक्रोशित ग्रामीणों को महाप्रबंधक अजय सिंह ने परिजनों को नियुक्त पत्र सौंपने कि बात कही। महाप्रबंधक अजय सिंह ने बताया कि संतोष सिंह के पुत्र कि उम्र अभी साढ़े सत्रह साल है। सीसीएल कि सकीम में अठारह साल होने तक परिजनों को 39 हजार रुपए महिना भत्ता देने कि बात कही। वहीं शाम करीब साढ़े छह बजे जाम को खोल दिया गया।

## राष्टीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में राष्टीय निशानेबाज सोनू प्रताप सिंह ने ट्रायल के लिये बनाई अपनी जगह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ नेहरू रोड स्थित फिनिक्स शूटिंग अकादमी के कोच व सचिव विवेक पंकज ने बताया कि यह प्रतियोगिता 13 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सोनू प्रताप सिंह ने 50 मीटर फ्री पिस्टल मेंस (आई एस एस एफ) नेशनल चैंपियनशिप इंडिविजुअल में 600 में 503 अंक लाकर क्वालीफाई किया और 10 मीटर एयर पिस्टल मेंस (आई एस एस एफ) इंडिविजुअल नेशनल चैंपियनशिप में 600 में 567 अंक लाकर टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया हैं इसमें झारखण्ड के कई निशानेबाज ने भी अपनी दावेदारी पेश कि। इस उपलब्धि में जिला रामगढ़ के खेल पदाधिकारी मारकश हेम्ब्रम, जिला रामगढ़ राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अपूर्व सिंह मानकी व सचिव विवेक पंकज, कृति मोदी, अरीण सैनी, मोहित कुमार, विनय कुमार, अंकुश खेस, राजेश कुमार महतो, बसंत हेतमसरिया और भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ जिला मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पामदत्त ने बधाई दी।

## रामगढ़ सडक दुर्घटना में मृत स्कूली बच्चों के प्रति शांति निकेतन विधालय उरीमारी ने जताया शोक व्यक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** रामगढ़ गुडविल मिशन स्कूल तिरला के तीन बच्चों कि बुधवार को सड़क दुघर्टना में मृत्यु होने पर शांति निकेतन विधालय बगरैया उरीमारी ने मृत बच्चों के प्रति दुख प्रकट करते हुए शोक जताया। वहीं विधालय प्रांगन में उपस्थित कक्षा नवम व दशम के छात्र छात्राओं सहित विधालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ ने मृत बच्चों कि आत्मा कि शांति हेतु दो मीनट का मौन धारण किया गया। वहीं मौन धारण करने वालो में विधालय के निदेशक नरेश करमाली, प्रधानाध्यापक दिनेश करमाली, शिक्षक राजेन्द्र राम, पिंटू कुमार, रंजित करमाली, राजू बेसरा, पुनम सरोज किंडो, अर्चना कुमारी,सुरज कुमार, सुशील कुमार, संगीता कुमारी,सेवामुनी टुडू, बिनोद हांसदा, पूनम भारती,सुमन हांसदा, बबीता सोरेन, विकास करमाली, सबिता देवी, प्रिती देवी, सिकंदर अंसारी एवं स्कूली बच्चे शामिल थे।

## राष्टीय जनता दल का प्रतिनिधिमंडल मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिला, झारखंड के पशुपालकों की समस्याओं पर किया चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** राष्टीय जनता दल का एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग शिल्पी नेहा तिर्की से सचिवालय में भेंट कर पशुपालकों से संबंधित समस्याओं से मंत्री जी को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल राजद प्रदेश उपाध्यक्ष,सह सदस्यता अभियान प्रभारी गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव,मुखिया सत्येंद्र यादव यादव ने मंत्री से कहा कि झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत चौपारण जहां बिहार झारखंड का बॉर्डर पर पशुपालकों को पशुधन,पशुओं को लाने ले जाने पर रोक लगा दी गई है जिससे पशुपालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और लागत भी बढ़ जाती है अन्य रास्तों से लाने पर।पशुपालक सरकार द्वारा निर्धारित सभी कायदे कानून पालन करते हैं इसके बाद भी परेशानी हो रही जिसके चलते दुधारू पशु झारखंड कई क्षेत्रों में नहीं पहुंच पा रहे हैं।मंत्री जी ने सभी बातों को गौर से सुनने के बाद प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले का जांच कराएंगें और पशुपालकों को कोई दिक्कत न हो ऐसा रास्ता निकाला जाएगा।पशुपालकों को कोई भी भाया दोहन या परेशान नहीं करेगा सरकार की नजर इस मामले पर होगी।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 11 लाभुकों के बीच बकरी और चूज़ा का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत गोला स्थित पशु चिकित्सक कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी ने 11 लाभुकों के बीच बकरी और चूज़ा का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक महोदया ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने लाभुकों से अपील की कि वे योजना का समुचित लाभ उठाकर अपनी आजीविका को सुदृढ़ करें।कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्ति और लाभुक उपस्थित रहे। विधायक ने सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की भी जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार आमजन के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, सुरेश रविदास, प्रदीप महतो, अमित कुमार, गौरी शंकर महतो, मनोज कोटवार,तसलीम अंसारी, सगीर अंसारी, अंदु महतो, गुलाम अंसारी, कौसर रजा, पशु चिकित्सक डॉ राजेश, लखेश्वर महतो, दिनेश महतो, महेंद्र ओहदार , राजकुमार महतो , हेमलाल महतो आदि उपस्थित थे।

# औद्योगिक सुरक्षा बल में चयनित छात्रा को दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** डोमनपुर के साधारण किसान राजेन्द्र रवानी व गुडीया देवी की बेटी प्रिया कुमारी ने अपने अथक मेहनत के बल पर केन्द्रीय औधोगिक सुरक्षा बल में चयन हुए हैं। इसको लेकर राजगंज इलाके मे खुशी की लहर है। आज प्रिया नये पढने वाले छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गयी है। गुरुवार को धनबाद जिला के भाजपा मिडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी प्रिया के घर पहुँच कर अंग वस्त्र, माला भेंट कर व मिठाई खिला कर बधाई व शुभकामनाएँ दी। नीलकंठ रवानी ने कहा कि प्रिया के इस उपलब्धि पर ग्रामीणों मे काफी हर्ष व्याप्त हैं। मौके पर प्रगति कोचिंग सेंटर के संस्थापक शुभम रवानी, रुनिया देवी, सावित्री देवी, गणेश रवानी, कृपाशंकर महतो, अभिषेक रवानी ने बधाई व शुभकामनाएँ देकर उज्वल भविष्य की कामना की है।

# रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित होगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह

- विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेगी आकर्षक झांकी
- संध्या न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय के सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि पूर्व की भांति जिला स्तरीय मुख्य समारोह रणधीर वर्मा स्टेडियम (गोल्फ ग्राउंड) में आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्लाटूनों द्वारा परेड और विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरकारी कर्मी, पुलिस पदाधिकारी, राजस्व कर्मी, पंचायत सेवक, जनसेवक को सम्मानित किया जाएगा। संध्या न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी विभागों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को झांकी में दर्शाने तथा झांकी में उत्कृष्ट एवं अच्छे संदेश प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। झांकी से पूर्व विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा ड्रील किया जाएगा।गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला सशस्त्र बल, झारखंड सशस्त्र बल, एनसीसी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, होमगार्ड के प्लाटूनों द्वारा परेड में हिस्सा लिया जाएगा। परेड का पूर्वाभ्यास 20 जनवरी से 23 जनवरी तक किया जाएगा। वहीं 24 जनवरी को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक फाइनल पूर्वाभ्यास का निरीक्षण करेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणधीर वर्मा स्टेडियम में सुबह 9ः00 बजे उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद उपायुक्त द्वारा समाहरणालय में सुबह 10ः30 बजे, मिश्रित भवन में उप विकास आयुक्त द्वारा सुबह 10ः45 बजे, अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सुबह 10ः50 बजे, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सुबह 11ः00 बजे, पुलिस लाइन में वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा 11ः10 बजे तथा गांधी सेवा सदन में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर द्वारा 11ः30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा।

**इन विभागों द्वारा निकाली जाएंगी झांकियां**

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उत्पाद विभाग, टाटा स्टील जामाडोबा, बीसीसीएल, जिला शिक्षा अधीक्षक सर्व शिक्षा अभियान, वन विभाग, अग्निशामक विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, डीआरडीए, आईसीडीएस, जनसंपर्क विभाग, आपूर्ति विभाग, गव्य विभाग, धनबाद नगर निगम, जेएसएलपीएस, सहकारिता, बैंकिंग सुविधाओं से संबंधित अग्रणी जिला प्रबंधक, पीएचडी, परिवहन, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा आकर्षक झांकी निकाली जाएगी।बैठक में मुख्य समारोह स्थल की साफ सफाई, सौंदर्यीकरण, मुख्य समारोह स्थल की घेराबंदी, सुरक्षा, माननीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर विद्युत साज सज्जा आदि को लेकर विभिन्न पदाधिकारियों को अलग - अलग जिम्मेवारी दी गई।बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, डीएसपी शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, सहायक श्रम अधिक्षक प्रवीण कुमार, नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी के अलावा टाटा स्टील, बीसीसीएल, एमपीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# महाअधिवेशन में उदय प्रताप सिंह ने छम छम देवी से लिया आशीर्वाद



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय किन्नर समाज द्वारा बरामुडी के होटल वेडिंग बेल्स में आयोजित महाअधिवेशन में गुरुवार को समाजसेवक उदय प्रताप सिंह ने पहुंच कर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी व सचिव श्वेता किन्नर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। छम छम देवी ने उदय प्रताप सिंह को अपना आशीर्वाद दिया और मोमेंटो देकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उनके साथ छम छम देवी से आशीर्वाद लेने के लिए वेंडिंग बेल्स के ऑनर हरीश सिंह, पुत्र श्वेताभ सिंह, भतीजा सानू सिंह, अजय पांडे साथ थे। उदय प्रताप सिंह ने कहा कि किन्नरों का आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता।

# गुलगुलिया विद्यालय झरिया के तत्वाधान में बौद्धिक गोष्ठी संपन्न




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुलगुलिया विद्यालय झरिया के तत्वाधान में 3 जनवरी से 30 जनवरी तक विभिन्न महापुरुषों पर आयोजित बौद्धिक - गोष्ठी श्रृंखला में गुरुवार को फ़ातिमा शेख के जन्मदिन पर बौद्धिक गोष्ठी संपन्न हुई। यह गोष्ठी शालीमार में आयोजित थी। गोष्ठी श्रृंखला का समापन 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर चिल्ड्रेन पार्क झरिया में होगा। फ़ातिमा शेख प्रथम मुस्लिम महिला शिक्षिका थीं। गोष्ठी में मौजूद लोगों ने आपसी सहयोग कर कुल 1300 रुपए विद्यालय के संस्थापक अनिल पाण्डेय को दिया। अनिल पाण्डेय ने कहा कि 650 रूपए का उपयोग गुलगुलिया विद्यालय के पुनरुद्धार के लिए किया जाएगा। गोष्ठी में सतीश चंद्र रजक, शमशेर आलम, किशोर कुमार, फैयाज अहमद, फ़ैज़ अहमद रिज़्वी, वीरेंद्र गुप्ता, अब्दुल अजीज, सपन कुमार बनर्जी, मो शमीम अंसारी आदि ने विचार रखे।

# पंख एक नई दिशा ने जरूरतमंदों में बांटा कंबल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था पंख एक नई दिशा के द्वारा जोड़ा फाटक शक्ति मंदिर के पास ठंड से ठिठुरते असहायों व जरूरतमंदो के बीच कंबल बाटा गया। संस्था की अध्यक्ष पिंकी गुप्ता, सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, रंजना सिंह, ललिता सिंह, मनीष गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता, सुधा गुप्ता, श्रुती गुप्ता, संगीता सिंह, रेखा देवी ने अपने हाथों से असहायो के बीच कंबल बाटा। अध्यक्ष पिंकी गुप्ता ने कहा संस्था के सभी सदस्याओं के सहयोग से कम्बल वितरण किया गया है।इस सहयोग के लिए उन्होंने सभी का आभार प्रकट किया। बताया गया कि कम्बल वितरण अभियान ठंड तक ज़ारी रहेगा।

# आचार्य स्व. किशोर कुणाल को दी गई श्रद्धांजलि

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री आदिगुरु सर्वविद्या सेवा ट्रस्ट की इकाई भारतीय एकता शेर सेना के द्वारा गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर परिसर में महावीर मंदिर, पटना के संस्थापक आचार्य किशोर कुणाल की आत्मा की शांति के लिये 2 मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमे संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रंजन गुप्ता, महेंद्र शर्मा, जगदीश साव, अमित राय, संतोष कुमार, अमोद श्रीवास्तव, अमित कुमार, रिशु सिन्हा, रविंद्र कुमार सिंह, उदय शंकर, उपेंद्र सिंह मुना प्रसाद, ऋषिकेश, अनिल सिन्हा आदि उपस्थित थें।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदको, "टू पैकेट बिड" ई–निविदायें आमंत्रित है। (i) निविदा संख्या एवं दिनांक : GEM/2025/B/5771366, दिनांक: 06.01.2025. (ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद मंडल में एसी कोचों में अलार्म सिस्टम के साथ स्वाचालित धुआं/आग का पता लगाने वाली प्रणाली और पावर/पैंट्री कार में स्वाचालित आग का पता लगाने और दमन प्रणाली का 3 साल के लिए वार्षिक संरक्षण अनुबंध। कार्य समापन अवधि – 03 वर्ष। (iii) कार्य की अनुमानित लागत : ₹2,58,86,525.64 (दो करोड़ अट्ठावन लाख छियासी हजार पाँच सौ पच्चीस रूपये एवं चौंसठ पैसे) मात्र। (iv) बयाना राशि : ₹2,79,400/– (दो लाख उनासी हजार चार सौ रूपये) मात्र। (v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 27.01.2025 को 16:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय:तारीख 27.01.2025 को 16:30 बजे। (vi) वेबसाईट विवरण : http://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक / पूमरे/धनबाद
पीआर/01874/डीएचएन/यां/टी/24–25/36

# दावत-ए-इस्लामी इंडिया ने की प्रार्थना सभा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** दावत-ए-इस्लामी इंडिया ने गुरुवार को जमीयत-उल-मदीना फैज़ान बुरहान मिल्लत आरा मोड़ वासेपुर में ईसाल सवाब इज्तिमा नामक एक भव्य जलसे का आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने नात, ज़िक्र और पवित्र कुरान की तिलावत की। वजीफा पढ़ने के बाद देश भर के सभी मृतकों के आत्मा की शांति के लिए दुआ की गई। कार्यक्रम में मदरसे के सभी छात्रों के साथ-साथ दावत-ए-इस्लामी के सभी शिक्षकों, उपदेशकों, नेताओं और अन्य हस्तियों ने विशेष रूप से भाग लिया। मौलाना शाकिर मदनी, मौलाना नूर मुहम्मद जामी, मौलाना निजामुद्दीन मदनी, मौलाना आदिल रजा मिस्बाही, गुलाम मुहम्मद कादरी, अब्दुल अजीम अत्तारी, मास्टर सना उल हक, अबू तालिब मदनी और अन्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। अपने देश के विकास के लिए प्रार्थना की गई। दुआ की गई की अल्लाह दावत- ए- इस्लामी इंडिया पर भरपूर रहमत बरसाए और सभी मृतकों के हक में सजी इस महफिल को अल्लाह कुबूल फरमाए।

# दो अनाथ बच्चों को मिला डालसा का सहारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश व अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन के आदेश पर डालसा द्वारा गठित चाइल्ड केयर यूनिट के सदस्यों द्वारा चार गरीब अनाथ बच्चों को चिन्हित किया गया जिनके पिता की मृत्यु के बाद इन बच्चों का भोजन, शिक्षा आदि भी दुर्लभ हो गया था। चाइल्ड केयर यूनिट को इसकी सूचना मिली। अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने फौरन कार्रवाई करते हुए एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट नेतृत्व में टीम को फौरन कार्रवाई का निर्देश दिया निर्देश के आलोक में पीएलबी हेमराज चौहान और टिम ने बच्चों को चिन्हित कर सरकारी योजनाओं लाभ दिलाने के लिए उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान हेल्थ कार्ड और स्पॉन्सरशिप स्कीम से जुड़वाने का काम किया जिस कारण बच्चों सहित पूरे परिवार की आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान हो सका जिससे बच्चे अभी आगे की पढ़ाई सुचारू रूप से करना शुरू किया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया रोज ऐट रोड कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी तथा पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अरविंद कुमार के नेतृत्व में सिटी सेंटर चौक पर सड़क सुरक्षा को लेकर रोज ऐट रोड कार्यक्रम चलाया गया। इसमें यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को माला पहना कर तथा गुलाब देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साथ अनुरोध किया गया कि स्वयं भी यातायात के नियमों का पालन करें तथा अपने जान पहचान के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्हें बताया गया कि आगे चलने वाली वाहनों से उचित दूरी बना कर वाहन चलाएं।जागरूकता कार्यक्रम में एमवीआई अभय कुमार, एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार तथा आईटी असिस्टेंट देवेन्द्र कुमार शामिल थे।

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **1. सीकेपी–वेस्ट–24–25–42,** एडीईएन/राउरकेला के अधीन राउरकेला वेस्ट यार्ड में वर्तमान कॉलोनी एफओबी की मरम्मत। **निविदा मूल्य:** रु. 40,41,198.90, **बयाना राशि:** रु. 80,800/–, **2. सीकेपी–वेस्ट–24–25–43,** राउरकेला, झारसुगुड़ा और राजगंगपुर स्टेशनों पर आरसीसी ओवर हेड टैंक द्वारा पुराने जीर्ण–शीर्ण और अति पुराने स्टील टैंक का प्रतिस्थापन (क्षमता 3,50,000 लीटर प्रत्येक स्टेशन)। **निविदा मूल्य:** रु. 6,97,95,162.18, **बयाना राशि:** रु. 4,99,000/–, **3. सीकेपी–ईस्ट–24–25–38,** वरिष्ठ डीईएन/पूर्व/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार एडीईएन/II/टाटा की शाखा के लिए सभी यार्ड/ब्रिज एप्रोचों/नामित स्थानों पर निविदा आमंत्रण की तिथि तक जारी नवीनतम संशोधन स्लिपों के साथ आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन (आईआरएस–जीई–1) के अनुरूप मशीन खंडित ट्रैक बैलस्ट का निर्माण, आपूर्ति और स्टैकिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 2,11,69,872.60, **बयाना राशि:** रु. 2,55,900/– **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु.0 प्रत्येक हेतु। **खुलने की तिथि:** दिनांक 31.01.2025 प्रत्येक हेतु। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **टिप्पणी:** ई–निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण–रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई–I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-999)

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Very Short Notice (2nd Call)
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/48/24-25 Dated 08.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of – Kodarjanna (NH-80) to Mirzachowki RCD road (MDR-207) via Raksi asthan road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Sahebganj in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 6.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand) through online mode only.As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 13.01.2025, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 21.01.2025, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 22.01.2025, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No | 338130 Road (24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 343915 Road (24-25)_D

# भाजपा बापू के विरासत और संविधान को खत्म करना चाहती है : संतोष सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** धनबाद प्रखंड के अंतर्गत पुटकी अंबेडकर चौक में धनबाद कांग्रेस उपाध्यक्ष कय्यूम खान की अध्यक्षता में जय बापू ,जय भीम अभियान, जय संविधान, कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, धनबाद प्रखंड कांग्रेस के प्रवेक्षक कालीचरण यादव मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेतागण और कार्यकर्ता गण सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जय बाबू जय भीम अभियान जय संविधान कार्यक्रम के उपरांत नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा भाजपा व आरएसएस शूरू से संविधान तथा बापू का विरोधी रही है और आज गांधी कि विरासत पर हमला कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा बापू के विरासत और संविधान को खत्म करना चाहती है।कार्यक्रम में रामगोपाल भुवानिया, कालीचरण यादव, अछयवर प्रसाद, रवी चौबे, अख्तर खान, जीतेश सिंह, दिपक सिंह, राम विलास राम, जितेंद्र शर्मा, बिट्टू सिंह, प्रीतम रवानी, निवारण महतो, शाहरुख खान, आशीस सिंहा नवीन पासवान दयानंद पासवान, बब्लू उरांव, शहबाज अनवर, अजय साव, शंकर विश्वकर्मा, मनबोध सिंह सहित सैकड़ो कार्यकताओ ने बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

अल्प कालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्या:- 09(RI)/2024-25/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-08.01.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1. | RWD/KODERMA/ 28/2024-25 | प्रखण्ड सतगांवां अन्तर्गत पंचायत टेहरो में ग्राम नन्दुडीह से ग्राम भूताही स्कूल होते हुए आर0सी0डी0 रोड ग्राम खाब तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–2.300 कि0मी0) | 2,24,26,700/- | दो करोड़ चौबीस लाख छब्बीस हजार सात सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–11.01.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–25.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–27.01.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933 / 06534–297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.343870 Rural Work Department(24-25):D

Annexure 1
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 16/2024-25
2nd Call
दिनांक–09.01.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | जिला अनावद्ध निधि से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 11.01.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 4 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 17.01.2025 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 20.01.2025 2:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| | (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल | मो0–8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र० | प्रखण्ड | ग्राम/ पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1/4 | रामगढ़ | विकास नगर | विकास नगर रोड संख्या 01 केंद पेड के नजदीक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 36,22,700.00 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |
| 1/5 | रामगढ़ | वार्ड नं० 05 | छोटकी मुराम, बिमलेश सिंह के घर से रंजीत साव के घर तक पी०सी०सी० पथ निमाण। | 12,72,000.00 | 2,500.00 | 06 (छः) माह |
| 1/6 | रामगढ़ | वार्ड नं० 03 | सौदागर मुहल्ला के रामचन्द्र जयसवाल के घर से दुसाध मुहल्ला ईमली पेड तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 15,73,600.00 | 5,000.00 | 06 (छः) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बड़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 343931 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति की कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आज गुरुवार को बाल कल्याण समिति के कार्यों की त्रैमासिक समीक्षा एवं जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा निर्धारित प्रपत्र के अनुसार बाल कल्याण समिति लोहरदगा में लंबित मामलों की जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त लोहरदगा द्वारा स्पॉन्सरशिप, अनाथ बच्चों इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि प्रावधानों के अनुसार लंबित मामलों को जल्द निष्पादित किया जाए।तत्पश्चात जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के संबंध में जानकारी दी गई कि यह बैठक जिले में बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान मे रखते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु आयोजित की गई है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा बताया गया कि संकटग्रस्त बालकों हेतु कार्य करने में अगर कोई कठिनाई हो रही हो तो इस बैठक के माध्यम से उसका समाधान किया जा सकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त लोहरदगा द्वारा निर्देश दिया गया कि बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मियों द्वारा प्रोएक्टिव वर्क किया जाए?। प्रखंड पंचायत में जाकर बाल मजदूरी, बाल विवाह,बाल शोषण इत्यादि हेतु जागरूकता कार्यक्रम करें तथा ऐसे मामलों को चिन्हित करें। संस्थागत देखरेख में रहने वाले बच्चों को परिवार में पुनर्वासित करने का काम किया जाए। स्पॉन्सरशिप से आच्छादित बालको को चिन्हित कर अध्ययन किया जाए कि उन्हें प्राप्त हो रही प्रयोजन की राशि का सदुपयोग हो पा रहा है या नहीं। साथ ही एक समिति के गठन का निर्देश दिया गया जिसके माध्यम से संकटग्रस्त बच्चों का दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया आसान हो। आज की बैठक में डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, नगर परिषद के मुख्य कार्य पदाधिकारी मुक्ति किड़ो, जिला कौशल विकास पदाधिकारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मी इत्यादि मौजूद थे।

**अयोध्या में हुये मंदिर निर्माण के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारी में जुटा विहिप**

## शोभायात्रा तथा संत महात्माओं द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर संबोधन कार्यक्रम का मुख्य हिस्सा होगा : स्वामी कृष्ण चैतन्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदग :** जिले के भंडरा में हिन्दू धर्माचार्यों और हिन्दू संगठन के प्रमुखों के निर्णय के आलोक में प्रति वर्ष भगवान श्री राम मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा का वर्षगांठ पौष शुक्ल द्वादशी को धूमधाम से मनाया जायेगा। तद्नुसार इस वर्ष पौष शुक्ल द्वादशी दिनांक 11/01/25 दिन शनिवार को पहली वर्षगाँठ पर प्रत्येक घर में बिजली की झालर, छतों पर भगवा ध्वज, मंदिरों में साजसज्जा, प्रत्येक मंदिर में अपने स्तर से या सामुहिक रुप से अधिक से अधिक घी का दीप जलाना, भगवान् श्रीराम की आरती में सामुहिक सहभागिता,प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाना अपेक्षित है। अयोध्या में भगवान् श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर के निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा सनातन समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और ये अवसर दिपावली से कम भी नहीं है। वही शनिवार को दिन में पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा, नगर भ्रमण तथा संत महात्माओं या



हिन्दू संगठन के अधिकारियों द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर ऐतिहासिक विषय पर संबोधन कार्यक्रम का मुख्य हिस्सा होगा। भगवान् श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव प्रति वर्ष 22 जनवरी नहीं बल्कि पौष शुक्ल द्वादशी के रूप में जाना जायेगा।

## सांसद सुखदेव भगत देवघर एम्स का स्थायी सदस्य बने



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा सचिवालय ने देश के 12 अखिल भारतीय आयुर्वेदिक संस्थान एम्समें सांसदों को स्थायी सदस्य बनाया है। लोहरदगा के लोकप्रिय सांसद माननीय सुखदेव भगत को देवघर एम्स का स्थायी सदस्य बनाया गया है। यह जानकारी डायरेक्टर संजय शेट्टी ने पत्र के माध्यम से सांसद को दिया। लोकसभा सचिवालय द्वारा मनोनीत सांसदों की सूची केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव को भेज दिया गया है। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को देवघर एम्स का स्थायी सदस्य बनने से झारखंड वासियों को काफी फायदा होगा। सांसद सुखदेव भगत जल्द ही देवघर एम्स का दौरा कर वहां के स्वास्थ्य संबंधी स्थिति का जायजा लेंगे और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा झारखंड वासियों को दिलाने का प्रयास करेंगे।

## रघुवर दास की भाजपा की सक्रिय राजनीति में वापसी से कार्यकर्ताओं में हर्ष : त्रिवेणी दास



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता त्रिवेणी दास ने कहा कि रघुवर दास ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह वह संगठन में काम करना चाहते हैं। इस समय राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में 10 जनवरी को उनके भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की सरगर्मी बनी हुई है। बताया जा रहा है कि रघुवर दास 10 जनवरी को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में एक बार फिर से संवैधानिक कारणों से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले हैं। अब वह सक्रिय राजनीति में वापसी कर रहे हैं। जमशेदपुर सहित राज्य भर से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रांची आएंगे। राजधानी रांची में भाजपा नेताओं की ओर से पोस्टर-बैनर,होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। स्वागत तथा पोस्टर-बैनर को लेकर नेताओं में आज के सिस्टम के हिसाब से होड़ भी है। सक्रिय राजनीति में लौटने के बाद रघुवर दास की भूमिका क्या होगी अभी बताया नहीं जा रहा है जबकि झारखंड के परिस्थिति के अनुसार अनुमान है कि रघुवर दास को झारखंड की राजनीति में सक्रिय रखा जाएगा। सब कुछ दिल्ली भाजपा के ऊपर निर्भर कर रहा है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद निर्मित खालीपन (Vacuum) से पार्टी को उबारना अति आवश्यक है।

# मकर संक्रांति के अवसर पर होगा रंगारंग कार्यक्रम, मेला को लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में आगामी 14 जनवरी को प्रत्येक वर्ष की तरह मकर संक्रांति के अवसर पर मेला के आयोजन को लेकर बैठक किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को सुबह में पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण व दोपहर 12 बजे से झारखंड के मशहूर कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। मेला में पंचायत से राज्य स्तर के कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में मेला समिति के अध्यक्ष तिवारी बाबा, बीरबल महली, बजरंगी यादव, जुगल साहू, जगरनाथ उरांव, कार्तिक महली, पारस नाथ यादव, बहादुर उरांव, बन्धु उरांव, सुसेन महतो, अनु तिवारी, दिनेश उरांव, सुरेश साहू, उमेश महली, किशुन उरांव, राजेश महली, बुधेश्वर मुंडा, जयमंगल मुंडा, राजेंद्र मुंडा, संतोष भगत, शंकर उरांव, पपु साहू, मिर्जा उरांव, सरविन्दा महली, राजेश उरांव, रामचंद्र उरांव, अनिरुद्ध लोहरा, विरसा उरांव, विनोद उरांव, शेखर महली, राजेश यादव, राजा ठाकुर, शंभु तिवारी, मृदुल तिवारी, बुधुवा टाना भगत, जगे टाना भगत सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# पेयजल समस्या से निजात हेतू विभाग के कार्यपालक अभियंता ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप कुमार हंसदा ने 09 जनवरी गुरुवार को कैरो प्रखंड के कैरो बिराजपुर स्थित झारखंड बालिका आवासीय विधालय पहुँच कर पेयलज की समस्या से अवगत होते हुए पूर्व में करयाए गये डीपबोरिंग कार्य का किया निरीक्षण। साथ ही साथ पानी की व्यवस्था के लिए विद्यालय परिसर से बाहर स्थित कुँवा का भी निरिक्षण किया। वही पानी की समुचित व्यवस्था को लेकर जांच करते हुए जल्द ही विद्यालय परिसर में तकनीकी जांच कराते हुए व्यापक जलस्रोत वाले स्थान पर डीपबोरिंग कराने की बात कही। विदित हो कि विधालय परिसर में तीन डीपबोरिंग कराई गई है जिसमे दो बेकार साबित हो रही है जबकि एक डीपबोरिग चालू स्थिति में हैं परन्तु यह 350 छात्राओं के लिए पर्याप्त नही है। मौके पर कनीय अभियंता सुमन कुमार खलखो, प्रखंड समन्वयक ख़ालिख अंसारी एवं विद्यालय की प्रधानचार्य उपस्थित थे।

## जीपीडीपी के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को जीपीडीपी के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया,वार्ड सदस्य,पंचायत सचिव, स्वयं सेवक, जलसहिया, स्वयं सहायता आजीविका समूह की सक्रिय सदस्य ने भाग लिया। मौके पर मास्टर ट्रेनर मनीष अग्रवाल ने कहा कि पंचायत के सर्वांगीण विकास में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका है। इसके लिए योजनाओं का चयन, योजनाओं का क्रियान्वयन, ग्राम सभा,मास्टर रोल सहित विकास योजनाओं के अभिलेख संधारण की जानकारी जरूरी है। मौके पर प्रशिक्षक सह मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य गांव का विकास में सहभागी बनना है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सदस्यों को जीपीडीपी के उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से ग्राम पंचायत विकास योजना की अपेक्षाएं, उद्देश्य व सहभागिता से संबंधित नियम, सतत विकास का लक्ष्य, क्षेत्र की समस्याओं के बीच संबंध,सामाजिक व संसाधन मानचित्र पर समझ को लेकर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षक सह मुखिया सुमित उरांव ने कहा कि ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जल सहिया, एक वीपीआरपी फैसिलिटेटर,पंचायत स्थाई समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य, अध्यक्ष एवं सदस्य को फ्रंटलाइन कार्यकर्ता के रूप में रहना है।

# ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में गुरुवार को विहिप की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 11 जनवरी को अयोध्या में बने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर विहिप के जिला सह मंत्री भीम नाथ शाहदेव ने कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अपने जन्म स्थान पर बने भव्य मंदिर में विराजमान हुए है। अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर में विराजमान हुए प्रभु श्रीराम के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रथम वर्षगांठ 11 जनवरी को पूरे देश के मठ, मंदिर और घरों में भव्य रुप से मनाया जाएगा। प्रभु श्रीराम के मंदिर में विराजमान होने के निमित पहली वर्षगांठ प्रखंड में भव्य झांकी निकाला जाएगा। साथ ही सभी घरों में सनातन धर्मावलंबियों दीपोत्सव मनाकर विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे। मौके पर विश्व हिंदू परिषद मुख्य संरक्षक ईश्वरी मोहन शर्मा, जिला सह मंत्री लाल भीमनाथ शाहदेव, आनंद पंडा, श्रीकांत गुप्ता, चंदन गुप्ता, अमर कुमार एवं बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के सदस्य उपस्थित थे।

# निशीथ जायसवाल व हाजी शकील अहमद ने जिला एथलेटिक एसोसिएशन का किया उद्घघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला एथलेटिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 67वीं एथलेटिक मीट कार्यक्रम निमित्त जिला कार्यालय राजेंद्र भवन में उद्धघाटन फीता काट कर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल और जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा की जिला एथलेटिक मीट लोहरदगा का गौरव की बात है कोरोना काल के बहुत दिनों के बाद पुनः इसकी सुरुवात किया जा रहा है जिससे लोगों में उत्साह जाग्रत हुआ है और सभी मिलजुल कर सहयोग करके सफल बनायें, साहू परिवार हमेशा लोहरदगा को आगे बढ़ाने में मददगार रहे है,भाषण न देकर प्रतियोगिता को सफल बना कर पुरानी ऐतिहासिक पहचान बनाने में सहभागिता निभाएं। वहीं जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा की पूर्व में मीट का आयोजन होता था तो लोगों की अपार भीड़ रहती थी और लोग ललित नारायण स्टेडियम खेल देखने जाते थे और खेलों पर ध्यान देते थे, खेल एक ऐसा माध्यम होता है जहाँ जात पात और धर्म की बात नहीं होती है इस संकिर्णता से निकल कर अनेकता में एकता खेल की पहचान होती है लोहरदगा में आपसी भाईचारा सौहार्द बनाने में भी खेल एक माध्यम हुआ करता है, एथलेटिक एसोसिएशन अन्य खेलों का भी आयोजन करा कर लोहरदगा को खेल हब बनाने में मदद किया जाएगा। चारो एसोसिएशन सचिव अच्छा कार्य कर रहे है और उम्मीद है की जिला से बाहर के खिलाडी आएंगे तब लोगों का आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर लोहरा उरांव ने कहा की सबकी जिम्मेदारी बनती है थोड़ा सा ही सही सहयोग कीजिए ये आपका हमारा खेल है लोहरदगा की शान है प्रतियोगिता। इससे पूर्व एसोसिएट सचिव किशोर कुमार वर्मा ने एथलेटिक प्रतियोगिता की तैयारी और प्रगति की जानकारी दिया और कहा की विगत 20 दिनों से खेल स्टेडियम का निर्माण एसोसिट सचिव सह उपाध्यक्ष सैयद जाहिद अहमद की देखरेख में तैयारी किया जा रहा है और एसोसिएट सचिव अजय प्रसाद द्वारा सहयोग किया जाता रहा है,वहीं एसोसिएट सचिव कयूम खान एवं मै स्वयं द्वारा स्कूली राष्ट्रीय खेल में भाग लेकर वहां उपस्थित झारखण्ड के जिलों के सचिवों तथा खेल कोच तथा डे बोर्डिंग सहित अन्य संस्थाओं से संपर्क कर लोहरदगा आने का निमंत्रण दिया गया उम्मीद है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में खिलाडी आएंगे जो कभी उत्साहित और रोमांचित है।

## घरेलू गैस सिलिंडर से लगी आग, नकद 90 हजार सहित लाखों के सामान राख

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में घरेलू गैस रिसाव के कारण घर में लगी आग घटना में किसी का हताहत होने की की सूचना नहीं है,जबकि 90 हजार नकद राशि के साथ खद्दान सामग्री व दैनिक उपयोग होने कला वस्तु जल कर नष्ट हो गया।घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के बांध टोली निवासी सरिता देवी पति भूखन महतो के खपरैल मकान में गैस सिलिंडर में चूल्हा जलाने के समय आग लग गया जिसके बाद आग पूरे घर को लपेट में ले लिय जिससे घर में अलग-अलग प्लास्टिक की थैली में 50 हजार और दो जगह 20 हजार एवं 20 हजार रखा नकाद कुल 90 हजार रुपया नकद सहित 12 बोरी चावल कपड़ा जेवरात मोबाइल व जमीन संबंधित कागजात आधार कार्ड, बैंक पास बुक, सिलाई मशीन बच्चों का मैट्रिक इंटर पार्ट एक का कागजात आदि लाखों रुपये की संपत्ति जल कर राख हो गया।वही पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि नाश्ता बनाते समय गैस खोलने पर गैस सिलिंडर में आग लग गया।जिसके डर कर से सभी बाहर निकल गये और गैस सिलिंडर फटने के डर से बस्ती के लोग कई मीटर दूर तक भाग गये। आग की लपटें देख किसी को हिम्मत नहीं हो रहा था।वही कुछ लोगो द्वारा गैस सिलिंडर में बालू डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था।तभी अग्निशमन दल पहुंच कर आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया और अगल बगल के अन्य मकानों की जलने से बचाया गया।

# पत्रकार की हत्या पर हंटरगंज में शोकसभा व कैंडल मार्च का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चन्द्रकार के निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को हंटरगंज पत्रकार संघ की ओर से शोकसभा व केडल मार्च निकाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस कल्ब के अध्यक्ष सुनिल कश्यप,धर्मेन्द्र पाठक, कमलापति मिश्र,व गणमान्य जनप्रतिनिधी शामिल हुए।इस दौरान यह कैडल मार्च हंटरगंज थाना गेट के समीप से शुरू किया गया तथा किसान भवन परिसर में शहिद पत्रकार के श्रृद्धाजंलि देते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के मौन रखा गया है उपस्थित लोगो ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा की इन दिनो सच को दिखाने पर पत्रकारो को धौस-धमकी और हत्या किया जाता है छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चन्द्रकार को सच्च खबर दिखाने पर असमाजिक लोगो के द्वारा निर्मम हत्या कर दिया गया है। ऐसे निर्मम हत्या करने वाले दोषियो को फांसी के सजा दे। ताकी कोई व्यक्त पत्रकार को अंगूली नही दिखाए। इस बाबत में प्रेस क्लब अध्यक्ष ने सरकार इस घटना को संज्ञान में लेकर पत्रकार हित में कानून बनाए तथा उनके एवं परिवार को सुरक्षा मुहैया कराये तथा उनके जीवन बीमा भी करे ताकी पत्रकार अपनी आवाज को बुलंद होकर कार्य करे वही मुकेश चंद्राकर के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा मुहैया सहित एक परिजन को नौकरी दिया जाए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने कहा कि पत्रकार समाज के दर्पण कार्य करते हैं उनका सुरक्षा भी समाज के साथ साथ सरकार की जिम्मेवारी है पत्रकार सुरक्षा लेकर मेरे द्वारा सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।वहीं रवि कुमार ने कहा कि पत्रकार जो 24 घण्टे ड्यूटी करते हैं पानी पड़े या पत्थर वे अपने लिए कम और समाज के लिए ज्यादा चिंता करते हैं सरकार इनके लिए बीमा का व्यस्था और पेंशन की व्यस्था करें।

**भू-अर्जन पदाधिकारी हुये सेवानिवृत्त, दी गई विदाई**

# अच्छे कार्यों के नामों से जाने जायेगे भू अर्जन पदाधिकारी : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जय ज्योति सामंता 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गये। बीपीएससी 47वें बैच के पदाधिकारी श्री सामंता लोहरदगा जिला में वर्ष 2023 में उप विकास आयुक्त के पद पर भी रहे। आज गुरूवार को इस उपलक्ष्य में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से एक विदाई कार्यक्रम समाहरणालय सभाकक्ष, लोहरदगा में आयोजित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा श्री सामंता को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि श्री सामंता ने लोहरदगा जिला में बेहतर कार्य किया। चाहे वह उप विकास आयुक्त के रूप में हो या जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में। अपने निर्णय व समयबद्ध तरीके से कार्य को संपादित कर सभी को प्रभावित करने का कार्य किया। सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ इनका संबंध बेहद अच्छा रहा। सेवानिवृत्ति नौकरी के स्वभाविक प्रक्रिया है जिससे सभी नौकरीपेशा के लोगों को सामना करना ही पड़ता है। उपायुक्त ने श्री सामंता के बेहतर स्वस्थ जीवन की कामना की। क्वउप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावतक्वने कहा कि श्री सामंता का व्यक्तित्व बेहद सरल और शांत रहा। इनके कार्यकाल में बेहतर कार्य लोहरदगा जिला में हुआ। उप विकास आयुक्त रहते हुए इन्होंने ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य किये। वहीं भू-अर्जन पदाधिकारी के रूप में भी इन्होंने बेहतर कार्य किया। सेवानिवृत्त पदाधिकारी क्वजय ज्योति सामंताक्वने कहा कि अपने जीवन में पश्चिम बंगाल और बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन में नौकरी करने का अवसर मिला और अनुभव बेहद शानदार रहा। वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों का बहुत सानिध्य प्राप्त हुआ और सभी से कुछ ना कुछ बेहतर सीखने का मिला। जीवन में जो सफलता मिली वह सभी के सहयोग से ही संभव हो सका। सेवाकाल के दौरान अपने स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव की स्थिति आयी लेकिन अपने कार्य संपादन को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तृतव्यों का निर्वहन किया। आज के कार्यक्रम में आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर ने भी अपने विचार व्यक्त किये और श्री सामंता के मिलनसार प्रवृत्ति व स्वभाव की प्रशंसा की। आज के कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस को दिल्ली में अकेला छोड़ा



**नई दिल्ली :** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन में दरार नजर आ रही है. दिल्ली की सत्ता किसके हाथ आएगी, ये तो चुनाव परिणाम आने के बाद ही साफ हो सकेगा. कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं, लेकिन दिल्ली के रण में दोनों अलग-अलग अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. दोनों ही दल अलग-अलग चुनाव लड़ने जा रहे हैं. इस बीच इंडिया गठबंधन के तमाम दलों ने कांग्रेस से किनारा कर लिया है और आम आदमी पार्टी को सपोर्ट कर रहे हैं. साथी दलों को लगता हैं कि दिल्ली की सत्ता तो आम आदमी पार्टी को ही मिलेगी. इस वजह से कांग्रेस अलग-थलग पड़ती नजर आ रही है. क्या ममता, क्या अखिलेश और क्या उद्धव हर कोई अरविंद केजरीवाल का ही समर्थन कर रहा है. जिसकी वजह से विपक्षी दलों के गठबंधन में कांग्रेस खुद को बेगानी सा महसूस कर रही है. उनके अपने नेता भी उनको नसीहत दे रहे हैं.ममता बनर्जी और अखिलेश यादव तो पहले से ही आम आदमी पार्टी का समर्थन कर रहे थे. अब उद्धव ठाकरे भी आप के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं.शिवसेना-उद्धव गुट ने भी केजरीवाल को समर्थन देने का ऐलान कर दिया. इंडिया गठबंधन में कांग्रेस अब अलग-थलग सी पड़ गई है. तीनों ही नेताओं का कहना है कि लड़ाई तो बीजेपी के साथ है. वहीं तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि इंडिया गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनावों तक ही था. महाराष्ट्र के सीनियर कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण का कहना है कि उनको उम्मीद है कि दिल्ली चुनाव में अरविंद केजरीवाल को जीत मिलेगी. इसके साथ ही कांग्रेस को उन्होंने आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने की सलाह दे डाली. उनके बयान से एक बात तो साफ हो गई है कि सर्फ साथी दल ही नहीं अपनी ही पार्टी के नेताओं को भी दिल्ली के लिए कांग्रेस की रणनीति खास पसंद नहीं आई है.महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कांग्रेस को नसीहत देते हुए कहा कि अच्छा होता अगर कांग्रेस और आप गठबंधन में दिल्ली का चुनाव लड़ते. उन्होंने उम्मीद जताई कि दिल्ली के चुनाव में अरविंद केजरीवाल जीत जाएंगे. उनका कहना है कि कांग्रेस भी मैदान में तो है ही, अच्छा होता अगर साथ मिलकर लड़ते.

### श्रीकृष्ण विकास परिषद 24 जिलों में करेगी काम

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झारखंड के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यादव समाज श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखंड के बैनर तले पतरातु डैम स्थल पर वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया है । यादव ने बताया कि विगत 10 वर्षों से श्रीकृष्ण विकास परिषद एक सामाजिक संगठन के तौर पर कार्य करता है। झारखंड राज्य के 24 जिलों में प्रांतीय एवं जिला स्तर पर इसका संगठन बना हुआ है । सामाजिक एकता सामाजिक विकास के लिए साल में 2 बार राज्य कार्यकारिणी एवं समय दर समय वार्षिक सम्मेलन किया जाता है ! श्रीकृष्ण विकास परिषद सदैव होनहार छात्र छात्राओं तथा बुद्धिजीवी लोगों को प्रोत्साहित करते रहा है । यादव ने बताया कि 19 जनवरी 2025 को वनभोज सह मिलन समारोह में राज्य के सभी जिलों से प्रतिनिधिगण शामिल होंगे ।कार्यक्रम की सफलता के परिषद के अध्यक्ष सुरेश राय,सचिव रामकुमार यादव, अशोक यादव ,उपाध्यक्ष गोपाल यादव, परमवीर गोप, जगरनाथ यादव, चंद्रदेव यादव, चंदन यादव, सुधीर गोप ,बबन यादव, महेंद्र यादव सहित 25 लोगों को तैयारी समिति का सदस्य बनाया गया है ।

# आरके पब्लिक स्कूल क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 24वें दिन बालिका वर्ग के मैच में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा ने बीएसकेडी पब्लिक स्कूल को 9 विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। आरके पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

बीएसकेडी ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 9 विकेट खोकर 38 रन बनाए। जबाबी पारी खेलने उतरी आर के पब्लिक एक विकेट खोकर जीत दर्ज कर लिया। मैंन



ऑफ द मैच का पुरस्कार आर के पब्लिक स्कूल के अंशु को सहायक परियोजना पदाधिकारी सियाजानकी सिंह और परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया ने प्रदान किया। इस मौके पर सहायक परियोजना पदाधिकारी सियाजानकी सिंह ने कहा कि कहा कि सच्चे लगन और कड़े संघर्ष के सहारे ही आप अपने आप को स्थापित कर सकते हैं चाहे वह खेल का मैदान हो या स्कूली शिक्षा। प्रतिभा में निखार तभी आता है जब आप एक लक्ष्य लेकर उसे पूरा करने के लिये संघर्ष करते है।

परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया ने कहा कि गढ़व जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता एक बेहतर मंच प्रदान कर रहा है जिसके माध्यम से स्कूली छात्राएं क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन कर रही हैं।

## स्मार्ट शहरों की सूची में शामिल हुआ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रायपुर :** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को भारत सरकार के केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की सुगम्यतापूर्ण शहरों की पहल में चुना गया है। 100 स्मार्ट शहरों में से 10 शहरों का चयन किया गया है। रायपुर उनमें से एक है। अन्य 9 शहर लखनऊ, वाराणसी, पुणे, चंडीगढ़, देहरादून, जबलपुर, सागर, सतना, बेलगावी हैं। विगत 8 जनवरी को इस पहल का शुभारंभ और सम्मान समारोह नई दिल्ली में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव राहुल कपूर भी शामिल थे।इस पहल के तहत दिव्यांगों के लिए सार्वजनिक स्थानों को अधिक सुगम्य बनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता




दी जाएगी और शहरों की मदद की जाएगी। रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आज गुरुवार को रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को भारत सरकार के केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की सुगम्यतापूर्ण शहरों की पहल में 100 स्मार्ट शहरों में से 10 स्मार्ट शहरों के चयन में सम्मिलित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ उज्जवल पोरवाल सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं सभी नगरवासियों को बधाई दी है।

## बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को माला पहनाकर किया गया अपील




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर 1 जनवरी से 31 जनवरी तक झारखंड में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है । इसी को देखते हुए गुरुवार को रांची जिला परिवहन विभाग के डीआरएसएम अरशद जमाल ने रांची शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग रामपुर, नामकुम , लोवाडीह सहित रतन टॉकीज एवं शहरी क्षेत्र में भी चेकिंग अभियान चलाया गया लोगों से अपील की गई कि वह सीट लगाकर और हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं। वही ब्लैक शीशे वाली वाहनों की भी ब्लैक शिशा उतर गया।

# चैनपुर में राममय होगा वातावरण : मनोज सिंह

*** अयोध्या जैसा उत्साह का माहौल दिखेगा चैनपुर में**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अयोध्या में श्री राम मंदिर की स्थापना का प्रथम वार्षिकोत्सव 11 जनवरी को मनाया जाना हैं। इस दिवस को यादगार बनाने के लिए चैनपुर के महान क्लब ने विशेष तैयारी की हैं। मेदिनीनगर नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह की अगुवाई में यह आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को शाहपुर में व्यू रिजॉर्ट में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह व महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने कहा कि हर भारतीय के लिए यह अवसर अविस्मरणीय है। इस मौके को खास बनाने के लिए विशेष तैयारी की गयी हैं। प्रभु श्री राम मानव जीवन की अमूल्य




नीधि है।महान क्लब शुरू से हीं समाजिक और धार्मिक कार्यो को लेकर सक्रिय रही हैं। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम के पहले दिन चैनपुर के सूर्य मंदिर तालाब परिसर में गंगा आरती होंगी, श्री राम से जुडे मनमोहन झांकी के साथ आतिशबाजी आर्कषण का केंद्र होंगा। इसके जरिये प्रयास यह किया जायेगा,भले हीं लोग अयोध्या न जा पाये पर उत्साह और उल्लास का ऐसा वातावरण बनेगा, जिससे लोग अपने आप को इस उत्सव में शरीक पायेगे। श्री सिंह ने बताया कार्यक्रम के दूसरे दिन भक्ति जागरण होंगा।इसमे भोजपुरी कलाकार बिहार के चर्चित गायक आर्यन बाबू , गायिका खुशी कक्कर और गायक अभिमन्यु क्रांति भाग लेगे और भक्ति गानों से लोगो को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजन की भव्यता के साथ पूरा माहौल राममय होंगा। शैलू चंद्रवंशी, पिंकू तिवारी, आशीष भारद्वाज,महामंत्री अमन मालाकार, कोषाध्यक्ष अंकित, उपाध्यक्ष अनमोल मालाकार, राहुल सोनी, अविनाश गुप्ता, सोनू अमित, रूपेश कश्यप, राज गुप्ता, वीरू समेत महान क्लब के सभी सदस्य मौजूद थे ।

# तिरुपति मंदिर में मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत, पीएम ने जताया दुख

एजेंसी

**तिरुपति :** आंध्र प्रदेश में तिरुपति के विष्णु निवासम वैकुंठ द्वार सर्व दर्शन टोकन वितरण के दौरान मची भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई. इस घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं. खबर के मुताबिक, सर्वदर्शन टोकन जारी करने वाले केंद्रों पर अचानक से भगदड़ मचने गई. जानकारी के मुताबिक, तिरुपति के तीन स्थानों पर श्रद्धालुओं के बीच हाथापाई हुई.सीएमओ ने कहा, सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना में घायलों को दिए जा रहे उपचार के बारे में अधिकारियों से फोन पर बात की. सीएम ने उच्च अधिकारियों को घटना स्थल पर जाकर राहत उपाय करने के आदेश दिए हैं ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके.खबर के मुताबिक,श्रीनिवासम में भगदड़ में तमिलनाडु के सेलम की एक महिला श्रद्धालु समेत 6



*** विष्णु निवासम वैकुंठ द्वार सर्व दर्शन टोकन वितरण के दौरान मची भगदड़**

लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए. घायलों को रुइया अस्पताल ले जाया गया है. जानकारी मिली है कि, सत्यनारायणपुरम में टोकन जारी करने वाले केंद्र पर भी भगदड़ मच गई. इस महीने की 10, 11 और 12 तारीख को वैकुंठद्वार सर्वदर्शन टोकन जारी किए जा रहे हैं. तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने घोषणा की है कि गुरुवार सुबह 5 बजे से टोकन जारी किए जाएंगे. इसके लिए बुधवार शाम से ही टोकन जारी करने वाले केंद्रों पर भक्तों की लाइन लग गई.भगदड़ के चलते भक्तों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया. पीएम मोदी ने कहा कि राज्य सरकार घटना के पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया. वह आज पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलेंगे.प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक्स पर लिखा,आंध्र प्रदेश के तिरुपति में भगदड़ से दुखी हूं. मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है. मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द ठीक हो जाएं. आंध्र प्रदेश सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है.

## पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकार खुर्शीद परवेज और राणा गौतम के निधन पर किया शोक व्यक्त



रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा से मेडिका अस्पताल में मुलाकात कर उनके कुशल क्षेम जाना।भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय गुरविंदर सिंह सेठी के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिले और उन्हें सांत्वना दी। रांची प्रेस क्लब में दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उर्दू पत्रकारिता के पत्रकार रहे खुर्शीद परवेज सिद्दकी के निधन पर दुख व्यक्त किया।

# 70 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सरपंच और सचिव गिरफ्तार


एजेंसी

**चित्तौड़गढ़ :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़ ने सहनवा ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ठेकेदार को निर्माण कार्यों में हुए भुगतान के बदले सरपंच और सचिव ने पांच-पांच प्रतिशत रिश्वत मांगी थी। एसीबी ने पहले सरपंच को पकड़ा और बाद में फोन पर बात करवाने के बाद सचिव की सहमति होते ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों को एसीबी कार्यालय लाया गया है, जहां दोनों से पूछताछ जारी है। एसीबी चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रमसिंह ने बताया कि उन्हें एक ठेकदार ने शिकायत दी थी। इसमें बताया कि चित्तौड़गढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सहनवा में आने वाले बोजुंदा स्कूल में दो भवन और बरामदा बनाने के लिए करीब 22 लाख की स्वीकृति हुई थी। इस पर प्रार्थी इस स्कूल में भवन निर्माण कर



रहा था। सरकार की ओर से भुगतान के पेटे ठेकेदार की पहली किश्त 7 लाख 65 हजार रुपए स्वीकृत हुए थे। इसके भुगतान के बदले सरपंच और सचिव ने रिश्वत की मांग की थी। सरपंच और सचिव ने पहले 15 प्रतिशत राशि और बाद में पांच-पांच प्रतिशत राशि देना तय हुआ था। इस पर 35-35 हजार रुपए सरपंच और सचिव को देना था। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इस पर एसीबी ने गुरुवार को पहले सरपंच भैरूलाल सुथार को सेटेलाइट हॉस्पिटल के गेट पर 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा। बाद में सचिव दीपक चतुर्वेदी को कॉल करवाया। इसमें उसने अपने हिस्से की राशि 35 हजार रुपए सरपंच को देने की बात कही। फोन पर वार्ता होने के बाद एसीबी की टीम ने सचिव दीपक चतुर्वेदी को पंचायत समिति के गेट से पकड़ लिया। सरपंच और सचिव को एसीबी चित्तौड़गढ़ कार्यालय लाया गया, जहां दोनों से पूछताछ की जा रही है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रमसिंह ने बताया कि ठेकदार का भुगतान कुछ दिन पहले ही हो गया था। पहली किश्त की राशि ग्राम पंचायत से ओटीपी देने के बाद ठेकेदार के खाते में होता। लेकिन सरपंच और सचिव ठेकदार को ओटीपी नहीं दे रहे थे और रिश्वत की मांग कर रहे थे। रिश्वत राशि पर सहमति होने पर बुधवार शाम को ही ओटीपी देकर ठेकेदार के खाते में 7 लाख 65 हजार का भुगतान आया था। साथ ही आरोपित सरपंच और सचिव ने यह भी कहा कि 65 हजार का कमीशन नहीं ले रहे हैं। ईमानदारी दिखाते हुए केवल 7 लाख का ही कमीशन मांग रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए 2.79 करोड़ से अधिक ने पंजीकरण कराया




एजेंसी

**नई दिल्ली :** विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव के माहौल में बदलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी)-2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 2.79 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कर इसे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप दे दिया है।शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव में बदलने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है। पीपीसी के 8वें संस्करण ने भारत और विदेशों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती प्रतिध्वनि को रेखांकित करती है.पीपीसी-2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगॉव पोर्टल पर गत वर्ष 14 दिसंबर को शुरू हुआ था। यह पोर्टल 14 जनवरी तक खुला है। कार्यक्रम की अपार लोकप्रियता छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने और परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसकी सफलता को उजागर करती है।शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम शिक्षा का एक बहुप्रतीक्षित उत्सव बन गया है। 2024 में पीपीसी का 7वां संस्करण दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में टाउन हॉल प्रारूप में आयोजित किया गया था। पिछले साल करीब 2.26 करोड़ विद्यार्थियों, अभिभावक और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया था। यह देशभर में विद्यार्थियों के बीच कार्यक्रम के व्यापक उत्साह को दर्शाता है।

## 12 से 26 जनवरी को होने वाले हॉकी लीग की तैयारियों को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण



**रांची।** उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने गुरुवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में 12द्धसे 26 जनवरी 2025 को होने वालें हॉकी इंडिया लीग की लेकर सारी तैयारी और तमाम व्यवस्थाओं का स्टेडियम पहुंच कर जायजा लिए और सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड के खेल प्रेमियों के लिए यह सुनहरा मौका है, उन्हें इस बेहतरीन हॉकी मैच देखने का मौका मिलेगा।इस मौके पर भारतीय हॉकी के महासचिव सह झारखंड हॉकी के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह मौजूद थे। उन्होंने उपायुक्त को खेल और व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दिए।

# आंध्र प्रदेश में नया मिसाइल परीक्षण रेंज बनाने के लिए एफकॉन्स कंपनी से हुआ करार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत ने एक और मिसाइल परीक्षण रेंज बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है, जो आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। नए रेंज का इस्तेमाल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, टैंक रोधी मिसाइल और सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण के लिए किया जाएगा। विशाखापट्टनम की इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मुंबई की कंपनी एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 1,084.54 करोड़ रुपये का अनुबंध दिया है। इस परियोजना को 36 महीनों के भीतर पूरा करने की योजना है।भारत एक तरफ नई-नई मारक क्षमता वाली मिसाइलें विकसित करके एयरोस्पेस की दुनिया में अपना दबदबा कायम कर रहा है तो दूसरी तरफ भारतीय सेना



भी लगातार अपने फायरिंग रेंज बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पिछले साल अक्टूबर में आंध्र प्रदेश में एक नई मिसाइल परीक्षण रेंज स्थापित करने को मंजूरी दी थी। नई मिसाइल रेंज आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। नए मिसाइल परीक्षण रेंज का इस्तेमाल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, टैंक रोधी मिसाइल और सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण के लिए किया जाएगा।डीआरडीओ ने विशाखापट्टनम में मिसाइल परीक्षण कॉम्प्लेक्स (एमटीसी) के उन्नयन, सामरिक अनुप्रयोग सुविधा की स्थापना, उन्नत मिसाइल और लड़ाकू प्रणाली कार्यशाला सुविधा के लिए कार्यशाला उपकरण आदि के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। यहां बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, मानव पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, वर्टिकल लॉन्च की गई छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और सामरिक डोमेन में शामिल कई अन्य प्रणालियों के परीक्षण किये जा सकेंगे। भारत अभी तक इस तरह के परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से करता है।